# दैनिक अर्थ प्रकाश

उत्तर भारत का अनूठा अखबार, प्रादेशिक व लोकल खबरों का एकमुश्त उपहार





वर्ष 37 | अंक 220 | मूल्य 3:00 रुपये | पृष्ठ संख्या : 12 | चंडीगढ़, बुधवार, 10 अगस्त, 2022 | श्रावण शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रमी संवत-2079

www.arthparkash.com
YouTube/Arth Parkash TV




## हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र: विपक्ष ने अवैध खनन मामले पर सरकार को घेरा, तो गृहमंत्री ने की घोषणा

# डीएसपी हत्याकांड में कराएंगे ज्यूडीशियल इंक्वायरी

- गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि वह ज्यूडीशियल इंक्वायरी के लिए पहले ही लिख कर दे चुके, गृहसचिव बदल जाने से लटका मामला
- मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अवैध खनन पर रोक लगाने व सिस्टम सुधारने की कर रही हर संभव कोशिश, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** हरियाणा सरकार ने मेवात के नूंह में डीएसपी को डंपर से कुचल कर मारे जाने की घटना में ज्यूडीशियल इंक्वायरी कराने की घोषणा की है। गृहमंत्री अनिल विज ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन अवैध खनन मुद्दे पर चर्चा के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ज्यूडीशियल इंक्वायरी के लिए वह पहले ही लिख चुके हैं लेकिन बीच में गृहसचिव बदल गए लिहाजा इसलिए मामले में थोड़ी देर हो गई। सरकार ने पूरी मुस्तैदी से आरोपियों को पकड़ा है। घटना में जो भी दोषी होंगे किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। इस मामले में इनेलो के विधायक अभय सिंह चौटाला ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लेकर आए थे। कुछ अन्य विपक्षी विधायकों ने भी इस मामले में सरकार को घेरते हुए ज्यूडीशियल इंक्वायरी की मांग की थी।

विधायकों के सवालों पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने भी कहा कि विधायक जो भी राय दे रहे हैं उन्हें मद्देनजर रखते हुए अवैध खनन पर रोक लगाने की पूरी कोशिश की जाएगी। इसे रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे ताकि दोबारा इस तरह की घटना न घटे। उन्होंने विधायकों को ये भी कहा कि घटना को हुए अभी 15 दिन हुए हैं। कई पकड़े जा चुके हैं। अन्य कोई भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**अभय चौटाला लाये थे अवैध खनन पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव:** अभय चौटाला ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखते हुए कहा कि भले ही सरकार आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है लेकिन मामले की तह में जाने की कोशिश नहीं की जा रही। डंपर कौन से क्रशर से जुड़ा था, इसका अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है। क्रशर के साथ गाड़ी की रजिस्ट्रेशन होती है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं जुटाई गई। उन्होंने घटना के बाद वहां के एसपी के बयान का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा कि डंपर का किसी स्टोन क्रशर से लिंक नहीं है। अभय चौटाला ने कहा कि अगर डंपर का किसी स्टोन क्रशर के साथ लिंक नहीं था और वहां नंबर दर्ज नहीं था तो चालक उसे स्टोर क्रशर तक कैसे ले गया? ये सबसे अहम सवाल है। इसका मतलब अवैध खनन का धंधा जिला प्रशासन व नेताओं की मिलीभगत से चल रहा है। अभय चौटाला ने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है। बीते कुछ समय में हजारों ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। सरकार खुद ऐसी घटनाओं की जानकारी भी दे रही है। अवैध लोडिंग वाहनों के चालान का जिक्र भी कर रही है। बावजूद इसके अवैध खनन पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा। उन्होंने रजिस्ट्री घोटाले व अवैध खनन घोटाले का जिक्र किया। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार एसआईटी बना देती है जिसका मतलब है कि सिटिंग इनवेस्टीगेशन ऑन टेबल। विधायक बीबी बतरा ने भी कहा कि खनन माफिया सारी अरावली को खा गया। इस क्षेत्र को सरकार के संरक्षण की जरूरत है। अरावली के 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में महज 55 अधिकारी अवैध खनन पर निगरानी को तैनात हैं। विधायक रघुवीर कादियान ने कहा कि मामले की ज्यूडीशियल इंक्वायरी होनी चाहिए, तभी जाकर बड़े मगरम'छ फंसेंगे। विधायक जगबीर मलिक ने अवैध खनन से वन क्षेत्र उजड़ने व पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा उठाया। आफताब अहमद ने कहा कि महज पांच दिन में सरकार ने डीएसपी की घटना के बाद 35 गांवों में कार्रवाई की जिससे इलाके के लोग खौफजदा हैं। क्या सरकार उस इलाके के लोगों को जानबूझ कर टारगेट कर रही है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि अवैध खनन को रोकना है न कि वैध खनन को। लोग अपने मकान इत्यादि बनाते हैं। उन्हें क्रशर से माल चाहिये होता है। लोगों की रोजी रोटी बंद न की जाए बल्कि अवैध खनन पर शिकंजा कसा जाए।

विस्तृत खबर पेज-3 पर

### अवैध खनन के खिलाफ हो रही कार्रवाई : सीएम मनोहर लाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विधायकों ने जो जो भी सुझाव दिये हैं उन पर अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साथ जुड़ते राजस्थान से भी इलाके में मैटीरियल आता है। सरकार अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। यमुनानगर में भी बीते दिनों कार्रवाई हुई। जुर्माने किये गए, ओवरलोड चालान हुए। मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक कार्रवाई हुई लेकिन सरकार की सख्ती के बावजूद कुछ लूपहोल रह जाते हैं। इन्हें भी बंद करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने ई-रवाना का जिक्र करते हुए कहा कि क्रशर मालिक दूरदराज के राज्यों से माल दिखाते हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर पकड़ा जा रहा है। अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कुछ सुधारों की आवश्यकता है जो किये जाएंगे। सीएम ने कहा कि घटना में संलिप्त राजस्थान में छुपे लोगों को पुलिस ने पकड़ा। भूपेंद्र हुड्डा ने जब एसआईटी की रिपोर्टों का हश्र बताया तो सीएम ने कहा कि यह घटना 22 जुलाई को हुई है। सरकार को कार्रवाई के लिए कुछ तो समय चाहिए। गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि घटना के बाद उन्होंने पूरे हरियाणा में बगैर नंबर की गाड़ियों को पकड़ने का आदेश दिया था। बिना नंबर के वाहन ही अपराधों में संलिप्त होते हैं। मामले में किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा।

### 2015 से अब तक मिला 4660 करोड़ रुपये का राजस्व

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि खनन पर अंकुश लगाने के लिए सरकार लगातार सख्ती कर रही है। नतीजतन खनन से 2015 से अब तक प्रदेश का राजस्व 4660 करोड़ रुपये हो गया है जो इस साल के अंत तक 4800 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। वहीं कांग्रेस के राज की बात करें तो उनके 10 साल के कार्यकाल में खनन से महज 1267 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था।

### न्यूज़ ब्रीफ

## महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का विस्तार, 18 मंत्रियों ने ली शपथ

**मुंबई (अप्रस)।** एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के 39 दिन बाद मंगलवार को महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का गठन हो गया। 50-50 फॉर्मूला के तहत दोनों ओर से 9-9 विधायक मंत्री बनाए गए। सबसे पहले भाजपा के राधाकृष्ण विखे पाटिल ने शपथ ली। नए मंत्रिमंडल में भाजपा के प्रभात लोढा सबसे अमीर हैं, जबकि मुख्यमंत्री खुद सबसे कम 10वीं पास हैं। शिंदे की नई टीम में सभी मंत्री करोड़पति हैं। सबसे अमीर मालाबार हिल्स से भाजपा विधायक मंगल प्रभात लोढा हैं। सबसे कम यानी 2 करोड़ की प्रॉपर्टी पैठण सीट से विधायक संदीपन भुमरे के पास है। कैबिनेट में 12 ऐसे मंत्री हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से कुछ पर गंभीर धाराएं भी लगी हैं। चुनावी हलफनामे के मुताबिक, मुख्यमंत्री शिंदे पर 18 और उप मुख्यमंत्री पर 4 क्रिमिनल केस दर्ज हैं। नई कैबिनेट में एक मंत्री 10वीं और 5 बारहवीं पास हैं। इनके अलावा एक इंजीनियर, 7 ग्रेजुएट, 2 पोस्ट ग्रेजुएट और एक डॉक्टरेट की उपाधि ले चुके हैं। बीजेपी के विधायक सुरेश खाडे सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे हैं। सीएम शिंदे भी 10वीं पास हैं और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ग्रेजुएशन किया है।

### टेंशन ख़ल्लास

बिहार में एक मर्तबा फिर बदली सरकार

अबकी बार नीतिश को, दूसरे साथी की दरकार

-अर्थ प्रकाश

### बिहार की राजनीति में बड़ा फेरबदल

## नीतीश कुमार ने सीएम पद से दिया त्यागपत्र, नई सरकार के लिए राज्यपाल को सौंपा समर्थन पत्र

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन तोड़कर नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) व कांग्रेस के साथ नई सरकार के गठन के लिए उन्होंने राज्यपाल को 164 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। नई सरकार की पहल तेज कर दी गई है। इस मौके पर तेजस्वी यादव भी उनके साथ राजभवन में मौजूद थे। सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद नीतीश और तेजस्वी ने राजभवन में ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल को 7 पार्टियों के 164 विधायकों के समर्थन का पत्र दिया है। अब राज्यपाल के ऊपर है कि वे सरकार बनाने का न्योता कब देते हैं। इसके बाद तेजस्वी बोले और भाजपा पर खूब बरसे। तेजस्वी ने कहा- भाजपा का कोई गठबंधन सहयोगी नहीं है, इतिहास बताता है कि भाजपा उन दलों को नष्ट कर देती है जिनके साथ वह गठबंधन करती है। हमने देखा कि पंजाब और महाराष्ट्र में क्या हुआ। नीतीश ने कहा है कि जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के सभी नेता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से बाहर होना चाहते थे, इसलिए मुख्यमंत्री का पद छोड़ना जरूरी था। दरअसल, बड़े लक्ष्य को साधने के लिए नीतीश कुमान एनडीए से अलग हुए हैं।

### नीतीश कुमार ने धोखा दिया: रविशंकर प्रसाद

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीतीश कुमार पर धोखा देने का आरोप लगाया। प्रसाद ने पूछा कि 2020 में नीतीश भाजपा के साथ क्यों थे। इसके बाद 2017 में भी वे साथ आए। 2019 में लोकसभा और 2020 में विधानसभा चुनाव भी मिलकर लड़ा। अब ऐसा क्या हुआ जो हम खराब हो गए।

### भाजपा-जदयू का 21 महीने पुराना गठबंधन टूटा

नीतीश के इस कदम के बाद भाजपा और जदयू का 2020 में बना गठबंधन टूट गया है। इस्तीफा सौंपने के बाद नीतीश ने राजभवन में कहा था कि पार्टी के विधायकों और सांसदों ने एक स्वर में एनडीए से गठबंधन तोड़ने की बात कही है।

### तेजस्वी को मिल सकती है डिप्टी सीएम की कुर्सी

सूत्रों के मुताबिक तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम होंगे। कांग्रेस को स्पीकर की कुर्सी मिल सकती है। कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान कह चुके हैं कि नीतीश कुमार ही महागठबंधन के मुख्यमंत्री होंगे। सब कुछ तय हो गया है।

## पीएम मोदी के पास 2.23 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के पास 2.23 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। अधिकतर संपत्ति बैंक डिपॉजिट के तौर पर है। पीएम के पास अब कोई भी अचल संपत्ति नहीं है, क्योंकि वे गुजरात के गांधीनगर में अपनी जमीन दान कर चुके है। इस जमीन की कीमत 1.1 करोड़ रुपए थी। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर पीएम की संपत्ति के डिक्लेरेशन के बाद सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक, 31 मार्च 2022 तक उनकी कुल संपत्ति 2 करोड़ 23 लाख 82 हजार 504 रुपए थी। वहीं, मोदी की चल संपत्ति में पिछले साल की तुलना में 26.13 लाख रुपए का इजाफा हुआ है। प्रधानमंत्री ने किसी भी बॉन्ड, शेयर या म्यूचुअल फंड में निवेश नहीं किया है, उनके पास कोई वाहन भी नहीं है। पीएम के पास सोने की 4 अंगूठियां हैं, जिनकी कीमत 1.73 लाख रुपए है। 31 मार्च, 2021 तक प्रधानमंत्री के पास 1.1 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति थी।

### पंजाब सरकार का एक्शन

## रोपड़ का माइनिंग एक्सईएन सस्पेंड

- बरसाती मौसम में मनाही के बावजूद भी रात में हो रहा था खनन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली।** पंजाब के खनन मंत्री हरजोत बैंस ने रोपड़ के माइनिंग एक्सईएन पुनीत शर्मा को सस्पेंड कर दिया है। मंत्री ने कहा कि बरसाती मौसम के दौरान खनन पर पाबंदी लगाई गई है। इसके बावजूद एक्सईएन के इलाके में रात के वक्त खनन हो रही थी। जिसके बाद यह फैसला लिया गया। इसके अलावा भी कई तरह की लापरवाही मिली थी। खनन मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि पुनीत शर्मा के इलाके में लगातार गैरकानूनी माइनिंग की शिकायतें मिल रहीं थी। मनाही के बावजूद रोपड़ के खेड़ा कलमोट और दूसरे क्षेत्रों में खनन की शिकायत मिल रही थी। इसके अलावा ड्यूटी के दौरान छोटे साइज वाले कंडों (तराजुओं) को लेकर भी समय पर नोटिस नहीं भेजा गया। इसके अलावा जायज माइनिंग के टारगेट को पूरा करने के लिए भी एक्सईएन ने कार्रवाई नहीं की। जिससे सरकार को वित्तीय नुकसान हुआ।

**19 मार्च से अब तक 306 एफआईआर दर्ज:** खनन मंत्री हरजोत बैंस ने बताया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद 19 मार्च से लेकर अब तक 306 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। कई ठेकेदारों की बैंक गारंटी जब्त की जा चुकी हैं। लीगल माइनिंग में ढाई गुना बढोत्तरी हुई है।

## कपूरथला में नाले में गिरा डेढ़ साल का बच्चा, एनडीआरएफ की टीमें बुलाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला में मंगलवार दोपहर डेढ़ साल का बच्चा गंदे पानी के नाले में गिर गया। यह घटना तब हुई जब वह नाले पर रखे 2 खम्भों को पार करने की कोशिश कर रहा था। बेटे को बचाने के लिए उसकी मां ने नाले में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने फुर्ती दिखाते हुए महिला को तो तुरंत नाले से निकाल लिया, लेकिन अभिलाष का शाम तक कोई सुराग नहीं लगा। लोगों की सूचना पर कपूरथला नगर निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। जिस नाले में बच्चा गिरा, उसका ज्यादातर हिस्सा कवर है। ऐसे में जेसीबी की मदद से नाले की छत उखाड़ने का काम शुरू किया गया मगर अभिलाष का कुछ पता नहीं चला। ऐसे में शाम लगभग 6 बजे कपूरथला जिला प्रशासन ने आर्मी और एनडीआरएफ की टीमें बुला लीं गई है।

### पंजाब के खेल मंत्री का दर्द छलका, बोले-

## कॉमनवेल्थ में पंजाबी खिलाड़ियों ने कनाडा, इंग्लैंड के लिए मेडल जीते, हम टेलेंट उभारेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** बर्मिंघम में संपन्न हुई कॉमनवेल्थ गेम्स को लेकर पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत मीत हेयर का दर्द छलका है। मंगलवार को चंडीगढ़ में हेयर ने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स में पंजाबी मूल के खिलाड़ियों ने कनाडा और इंग्लैंड के लिए मेडल जीते। मेडलिस्ट अमरवीर ढेसी और मनधीर कूनर जालंधर से हैं। मेडल उन्होंने कनाडा और इंग्लैंड के लिए जीता। कनाडा की हॉकी टीम में 6 खिलाड़ी पंजाबी हैं।

पंजाब में टैलेंट और की कमी नहीं है लेकिन खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म की जरूरत है। पंजाब से 17 खिलाड़ियों ने इस कॉमनवेल्थ में मेडल जीता। इस दौरान उन्होंने मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर 29 अगस्त से पंजाब खेल मेला कराने की घोषणा की।

**टैलेंट को मेडल तक ले जाएंगे:** खेल मंत्री मीत हेयर ने कहा कि हम पंजाब के टैलेंट को मेडल तक ले जाएंगे। इसलिए अंडर 14 से लेकर 50 साल के ऊपर तक के गेम्स कराए जा रहे हैं। हम ब्लॉक स्तर से ही टैलेंट को पहचानेंगे और उसे आगे बढ़ने में मदद करेंगे। इसके लिए केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से भी मुलाकात की है। केंद्र से इस काम में सपोर्ट मांगा है। खेल मंत्री ने कहा कि पंजाब खेल मेला 2 महीने तक चलेगा। इसमें करीब 5 लाख खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 11 अगस्त से इसकी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगी। इसमें अंडर 14, अंडर 17, अंडर 21, 21 से 40, 41 से 50 साल, 50 साल से ऊपर के भी हिस्सा ले सकते हैं। इसमें करीब 28 गेम्स कराई जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीन वैली स्कूल का राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में चयन

**टोहाना (अप्रस/सुरेश)।** दो दिन पहले अग्रवाल भवन में भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल ने हिंदी व संस्कृत राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। ग्रीन वैली स्कूल 9 अक्टूबर को सिरसा में होने वाली प्रतियोगिता में टोहाना का प्रतिनिधित्व करेगा। चेतना के स्वर पुस्तिका में मुद्रित देशभक्ति के गीतों पर आधारित प्रतियोगिता में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जियालाल बंसल ने की थी। यह प्रतियोगिता तरसेम बंसल व राकेश बंसल विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति में संपन्न हुई थी। लोकगीत हिंदी व संस्कृत भाषा में देशभक्ति स्लोगन प्रतियोगिता का निर्णय जींद व रोहतक के डा. मृदुला पुरी, आरती सैनी व डा. मनिंदर कौर अनुभवी संगीतज्ञो द्वारा किया गया था। इसमें ग्रीन वैली स्कूल के कक्षा छठी से कामाक्षी व पीहू, कक्षा सातवीं से अनिकेत व जन्नत, कक्षा नौवी से ममता व कक्षा दसवीं से आरजू, श्रुति व कृतिका ने विशिष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। छात्रों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन गौरव भूटानी व प्रधानाचार्या महिमा तनेजा ने सभी को बधाई दी व सभी को सर्टिफिकेट व शील्ड देकर सम्मानित किया और छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी एक कला है ऐसी प्रतियोगिताओं में छात्रों को उत्साह पूर्वक नियमों का पालन करते हुए अवश्य भाग लेना चाहिए।

### सर्जरी एवं गुर्दा रोग जांच शिविर आज

**नरवाना (अप्रस/अनिल)।** शहर के हनुमान नगर में स्थित शांति अस्पताल एवं मेटरनिटी सेंटर में 10 अगस्त दिन बुधवार को सर्जरी एवं गुर्दा रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोगों की निशुल्क जांच की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए अस्पताल के डॉक्टर अश्वनी शर्मा ने बताया कि जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन अस्पताल में करवाया जाता है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर समय पर बीमारियों का इलाज करवा कर स्वस्थ जीवन जी सकें।

### गांव के चारों तरफ लगवाए 1001 पौधे

**नरवाना (अप्रस)।** घासो खुर्द गांव की महिला रेनू ने अपने स्वर्गीय पति सुरेश की याद में गांव के चारों तरफ 1001 पौधे लगाकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण व अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए जागरूक किया। रेनू ने बताया कि हमें हर खुशी के अवसर पर अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए क्योंकि हमारा यह कदम भविष्य में पर्यावरण संरक्षण वह अपने बच्चों को एक स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने में बेहतर साबित होगा। महिला ने कहा पेड़-पौधे हमारी निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं इसलिए हर व्यक्ति की

जिम्मेवारी बनती है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाए और बड़े होने तक उनका पालन पोषण करें। इस मौके पर मौजूद नीलम दक्ष ने कहा कि पर्यावरण की देखभाल करना मनुष्य की जिम्मेवारी है और अब बरसात के मौसम में हम अधिक से अधिक पौधारोपण करके अपनी इस जिम्मेदारी को बखूबी तरीके से निभा सकते हैं।

### राष्ट्रध्वज हमारी आन-बान-शान का प्रतीकः प्राचार्य

**सोनीपत (अप्रस)।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश भर में देशभक्ति की अलख जगाने के लिए हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत अनेक देशभक्ति आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्राचार्य अनिल सहरावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री सहरावत ने कहा कि राष्ट्रध्वज हमारी आन–बान–शान का प्रतीक हैं। यह हमें राष्ट्रीयता और देशप्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए केंद्र सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। जिसमें हर जन को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों तथा समस्त स्टाफ को स्वयं के घर में राष्ट्रध्वज फहराने के साथ अन्य व्यक्तियों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा। इस मौके पर प्राचार्य अनिल सहरावत ने बच्चों को हर घर तिरंगा से जुड़ने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लेने की शपथ भी दिलाई।

### रेलवे स्टेशन पर चलाया गया चेकिंग अभियान

**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** पुलिस अधीक्षक श्री उदय सिंह मीना के दिशा निर्देशों के तहत स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए बम निरोधक दस्ते प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में बम निरोधक दस्ता तैनात किया गया है जो सीआईडी की टीम के साथ संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाएगा। बम निरोधक दस्ते द्वारा आज रेलवे स्टेशन पर बारिकी से जांच की गई। रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों से गहनता से पूछताछ की गईअत्याधुनिक हथियारों से लैस स्वाट टीम/क्यूआर टीम जो आधुनिक हथियारों से लैस है शहर में निरंतर गश्त कर रही है। बम निरोधक दस्ते द्वारा निरंतर भीड़-भाड़ वाले व महत्वपूर्ण स्थानों पर चैकिंगअभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है तथा सतर्क रहने बारे हिदायत दी गई। रोहतक पुलिस द्वारा आमजन से अपील है कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु, वाहन या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। संदिग्ध वस्तु को न तो खुद छुएं और न ही किसी को छूने दें। रोहतक पुलिस का सहयोग करें। रोहतक पुलिस द्वारा निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जाएगा।

### अशोक तंवर ने गांव चिमनी में किया पौधारोपण

**रोहतक (अप्रस)।** गांव चिमनी स्थित भोला फार्म पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डॉ अशोक तंवर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया गया। ज्ञात हो कि इस विशेष अवसर पर डॉ अशोक तंवर अपने पैतृक गांव में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे हुए थे और उन्होंने खुद पौधारोपण में अपने रुचि दिखाते हुए युवाओं को पर्यावरण बचाने हेतु प्रेरित किया। भोला फार्म के संचालक प्रदीप शर्मा ने बताया कि पौधारोपण के दौरान कुल 40 फल, फूल एवं छायादार पौधे डॉ अशोक तंवर एवं उनके साथियों के द्वारा लगाए गए एवं महादेव सेवा संघ संस्था को पौधारोपण हेतु अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही महादेव सेवा संघ द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए किए जा रहे तमाम प्रयासों की अत्यंत सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध समाजसेवी विमल मनोचा ने बताया कि अपने गांव की मिट्टी के साथ लगाव व्यक्ति से कभी नहीं छूटता चाहे वह कितने ही बड़े ओहदे पर चला जाए। महादेव सेवा संघ द्वारा भोला फार्म पर उगाई गई ऑर्गेनिक सब्जियां, फल, वर्मी कंपोस्ट एवं भी सब्जी प्रकार के पौधों की वैरायटी को देखकर सभी अत्यंत प्रसन्न हुए एवं इस अनूठी पहल की प्रशंसा की। पंडित भोला राम, भीम सिंह रंगा, ऋषि राम भारद्वाज, सुरेश शर्मा एवम पिंटू द्वारा पुष्प भेंट कर के डॉ तंवर को सम्मान दिया गया।

# हमारे वीर सपूतों से युवाओं को लेनी चाहिए प्रेरणा : माईराम कौशिक

## कौशिक ने लोगों का किया आह्वान, 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा महात्सव के तहत सभी अपने घरों पर फहराएं तिरंगा झंडा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 9 अगस्त।** आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला में हर घर तिरंगा महोत्सव के तहत मंगलवार को जिले के ऐतिहासिक गांव बढ़खालसा स्थित गुरू तेग बहादुर मैमोरियल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली के छोटे भाई एवं समाजसेवी माईराम कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

समाजसेवी माईराम कौशिक ने कहा कि देश को आजाद करने के लिए न जाने कितने क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, जिसके बदौलत हमारे देश को आजादी मिली थी। शहीदे आजम भगत इक्सस्ह, राजगुरू तथा सुखदेव जैसे अनेक क्रांतिकारियों ने अपनी युवा अवस्था में ही देश के खातिर

अपने जीवन को न्यौछावर कर दिया और हंसते-हंसते अंग्रेजों के जुल्मों को सहते हुए शहीद हो गए। आज उन्हीं शहीदों व उनकी कुर्बानियों को याद करने के लिए पूरे देश में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

माईराम कौशिक ने कहा कि हमारे वीर शहीदों के जीवन का एक ही लक्ष्य था कि किस प्रकार भारत माता को अंग्रेजों की बेड़ियों से आजाद करवाया जाए। उनकी त्याग के बदौलत ही देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ। उन्होंने कहा कि आज के हर युवा को इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा व लेनी चाहिए और अपनी भारत माता की रक्षा के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए।

समाजसेवी माईराम कौशिक ने लोगों को आह्वान किया कि सभी नागरिक अपने वीर शहीदों की याद व अपने तिरंगे की आन-बान-शान के लिए हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराएं। जिला प्रशासन, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, शिक्षा विभाग तथा कला एवं सांस्कृतिक विभाग की चंडीगढ़ से आए सुप्रसिद्ध हरियाणवी कलाकारों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां देते हुए धमाल मचाया। टीम ने देशभक्ति गीतों पर श्रोताओं को भी झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

### ऐतिहासिक स्थान बढखालसा स्थित गुरू तेग बहादुर मैमोरियल के इतिहास की एक झलक

बढ़खालसा गांव की धरती बहुत ही ऐतिहासिक है जब औरंगजेब ने सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर के शीश को कटवा दिया था तो उनके शीश को लेकर सिख आनंदपुर साहिब की और चल पड़े। इसके बारे में मुगलों को पता चल गया और उन्होंने सिखों के पीछे अपनी सेना लगा दी थी। जब भाई जेता जी गुरु तेग बहादुर के शीश को लेकर बढखालसा गांव पहुंचे तो उन्हें मुगलों के बारे में पता चल गया। यह खबर पूरे गांव में पहुंच गई कि गुरु का शीश आनंदपुर साहिब पहुंचाना जरूरी है तो गांव के दादा कुशाल सिंह जिनकी चेहरा बिल्कुल गुरु तेग बहादुर जैसा था तो उन्होंने अपना शीश काटकर सिखों को दे दिया, ताकि गुरु तेग बहादुर का शीश आनंदपुर साहिब पहुंचाया जा सके। इसके बाद सिखों का एक जत्था गुरु के शीश को लेकर तेजी के साथ आनंदपुर साहिब की और आगे बढ़ा और दूसरा जत्था दादा कुशाल सिंह के शीश को लेकर पीछे चलता रहा। कुछ समय बाद मुगलों की सेना ने उन्हें पकड़ लिया और दादा कुशाल दहिया के शीश को गुरु का शीश मानकर दिल्ली ले गए। दादा कुशाल सिंह के जीवन त्याग के कारण ही गुरु तेग बहादुर का शीश आनंदपुर साहिब पहुंच सका।

इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी भारती, गुरू तेग बहादुर मैमोरियल के प्रधान भगवंत सिंह, उप-प्रधान त्रिलोक सिंह, सैक्टरी मंजीत सिंह तथा रिटायर्ड डीआई सुलेख कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर अंबाला में अनिल विज करेंगे ध्वजारोहण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2022) पूर्व वर्षों की भांति हर्षोल्लास, जोश और उत्साह एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्यपाल 15 अगस्त, 2022 को 'स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर अम्बाला कैंट में ध्वजारोहण करेंगे और 15 अगस्त, 2022 की शाम को हरियाणा राज भवन, चंडीगढ़ में 'एट होम' होगा।

उन्होंने बताया कि समालखा में मुख्यमंत्री, बहादुरगढ में उप-मुख्यमंत्री और रादौर में गृह मंत्री ध्वजारोहण करेंगे।

विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 15 अगस्त, 2022 को आयोजित समारोहों में ध्वजारोहण करने के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिला अंबाला के सब डिवीजन अंबाला सिटी में श्रीमती रेनू एस. फुलिया, नारायणगढ में श्री असीम गोयल और बराडा में श्री घनश्याम दास अरोड़ा ध्वजारोहण करेंगे। जिला भिवानी में चौधरी धर्मबीर सिंह, तोशाम में श्री सोमवीर सांगवान, सिवानी में श्री लक्ष्मण नापा, लोहारू में श्री देवेन्द्र सिंह बबली, जिला चरखी-दादरी में श्रीमती कमलेश ढांडा, बाढडा में श्री धनश्याम सर्राफ, जिला फरीदाबाद में श्री सत्यप्रकाश जरावता, बडखल में श्री दीपक मंगला, बल्लभगढ में श्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला फतेहाबाद में श्री गोपाल काण्डा, रतिया में श्री बिशम्बर सिंह बाल्मिकी, टोहाना में श्री ओपी यादव, जिला गुरूग्राम में श्री नयनपाल रावत, मानेसर में डा. कमल गुप्ता, सोहना में श्री प्रवीण डागर, पटौदी में श्री सीताराम यादव, बादशाहपुर में श्री राजेश नागर, जिला हिसार में श्री बिजेन्द्र सिंह, हांसी में श्री जे.पी. दलाल, बरवाला में श्री राम कुमार गौतम, नारनौंद में श्री विनोद भ्याना, जिला झज्जर में जनरल डी.पी. वत्स, बेरी में श्री भूपेन्द्र सिंह हुडा, बादली में श्री मोहन लाल बडोली में ध्वजारोहण करेंगे।

इसी प्रकार, जिला जींद में श्री रमेश चंद्र कौशिक, नरवाना में श्री अनूप धानक, सफीदों में श्री महीपाल ढण्डा, उचाना में श्री धर्मपाल गोंदर, जिला कैथल में श्री राम करण काला, गुहला में श्री राम कुमार कश्यप, कलायत में विधानसभा के उपाध्यक्ष, जिला करनाल में श्री संजय भाटिया, असंध में विधानसभा के अध्यक्ष, घरौंडा में श्री ईश्वर सिंह, इंद्री में श्री सुभाष सुधा, जिला कुरुक्षेत्र के थानेसर में श्री नायब सैनी, शाहबाद में श्री रणधीर सिंह गोलन, पेहोवा में चौधरी रणजीत सिंह, लाडवा में श्री हरविंद्र कल्याण, जिला महेन्द्रगढ के नारनौल में श्री जगदीश नैयर, महेन्द्रगढ में श्री कृष्ण लाल पंवार, कनीना में श्री लक्ष्मण सिंह यादव, जिला नूंह में श्री सुधीर सिंगला, फिरोजपुर झिरका में श्री बनवारी लाल, पुन्हाना में श्री अभय चौटाला, तावडू में मंडलायुक्त श्री संजय जून, जिला पलवल में श्रीमती सीमा त्रिखा, होडल में श्री मूलचंद शर्मा, जिला पंचकूला में श्री प्रमोद विज, कालका में श्री रतन लाल कटारिया, पानीपत में श्री राम चंद्र जांगडा, रेवाडी में श्री अभय सिंह यादव, बावल में राव इंद्रजीत सिंह, कोसली में श्री राकेश दौलताबाद, रोहतक में श्री अरविंद शर्मा, सांपला श्रीमती निर्मल रानी, महम श्री कंवर पाल, सिरसा में श्री दुडाराम, डबवाली में श्रीमती सुनीता दुग्गल, ऐलनाबाद में श्री लीला राम गुर्जर, कालांवाली में श्री जोगीराम सिहाग, जिला सोनीपत में श्री कृष्ण लाल मिढ्ढा, गोहाना में श्री संदीप सिंह, गन्नौर में श्रीमती नैना चौटाला, खरखौदा में श्री दीपेन्द्र हुड्डा, जिला यमुनानगर के जगाधरी में श्री कार्तिकेय शर्मा और बिलासपुर में राम निवास ध्वजारोहण करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि उपायुक्त अपने जिले से संबंधित महानुभावों से स्वतन्त्रता दिवस समारोह हेतु सम्पर्क करेंगे।

## नीलम अहलावत खिलाड़ियों को रास आ रहीं है प्रदेश सरकार की खेल नीतिः नीलम अहलावत

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**झज्जर, 9 अगस्त।** सागर अहलावत के ओलम्पिक राष्ट्रमंडल खेल विश्व चैम्पियन एशियन गेम्स में रजत पदक जीतकर अपने गांव धांधलान में पहुंचने पर ग्रामिणों द्वारा फूल मालाओं-नोटों की मालाओं एवं ढोल नगाड़ों से भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों द्वारा अल-सुबह एयरपोर्ट से काफिले के साथ गांव तक लाया गया जिसमे अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया तथा रास्ते में सांपला के सर छोटूराम संग्रालय स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। दी झज्जर केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक चेयरमैन एसोसिएशन हरियाणा की प्रधान नीलम अहलावत ने अपने वक्तव्य में कहा कि मेरे अपने गांव का सागर अहलावत एक छोटे से किसान का बेटा है जिसने अपने साकारात्मक मन से चार साल पहले बॉक्सिंग शुरु की और मात्र 4 वर्षो की कड़ी मेहनत के उपरांत रजत पदक जीतकर विश्वभर में अपने परिवार, समाज, गांव, जिला, प्रदेश से लेकर पूरे देश के नाम को आकाशमान करने का काम किया है उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में प्रतिभा भरी हुई है

केवल युवाओं को जागरुक होने की आवश्यकता है आज के युवाओं को सागर अहलावत से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लेनी चाहिए। नीलम अहलावत ने सागर अहलावत के परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि जहां आज के समय में लोग अपने बच्चों को पढ़ाई आदि से अलग न लेजाकर केवल लाड-प्यार से पालने काम करते है। वहीं सागर के परिवार ने शिक्षा के साथ-साथ सागर को अच्छे खिलाड़ी के रूप मे तैयार किया उनसे भी लोगो को प्रेरणा लेते हुए भी अपने बच्चों को आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। सागर अहलावत के साथ हरियाणा के सभी खिलाड़ी जो पदक लेकर पहुंचे है उन सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## अन्नदान से बड़ा कोई पुण्य नहींः सजीव कौशिक

अर्थ प्रकाश/आदेश

**सोनीपत, 9 अगस्त।** कैलाश मानसरोवर मुक्ति अभियान सोसायटी के राष्ट्रीय महासचिव संजीव कौशिक ने बताया कि हरियाणा की टीम द्वारा आज सोनीपत के व्यस्त बाजार कच्चे क्वाटर हंगरी जंक्शन के पास में श्रावण मास में भंडारा आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि अन्न दान से बड़ा कोई पुण्य नहीं जब भी कोई इंसान को मौका मिले अपने सामर्थ्य अनुसार अन दान कर देना चाहिए। कैलाश मानसरोवर मुक्ति अभियान सोसायटी ( रजि) पूरे भारत सामाजिक कार्यों के कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए अभियान चलाया हुए है। कैलाश मानसरोवर मुक्ति अभियान की शुरुआत अगस्त 2017 में विकास भवन सुरत गुजरात में राष्ट्रीय अध्यक्ष नानूभाई डाखरा की अध्यक्षता में हुई

थी जो आज लगभग पूरे भारत में अपनी शाखा बना चुकी है और सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सफलता प्राप्त कर रही। गुजरात में एवं हरियाणा तथा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में सक्रिय भूमिका निभाई है। संजीव कौशिक ने कहा कि इंसान को इंसानियत नहीं भूलनी चाहिए जब भी मौका मिले प्राणी मात्र का सहयोग जरूरी करना चाहिए चाहे इंसान को जरुरत हो फिर जानवरों को, मानवता का पहला धर्म संकट में फंसे जीव जंतु तथा इंसान का उसको संकट से छुटकारा दिलाने में सहयोग करना है।

## भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है रक्षाबंधनः उप-महानिरीक्षक

अर्थ प्रकाश/आदेश

**सोनीपत, 9 अगस्त।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में देशभर में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मैस क्लब में रक्षाबंधन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र सोनीपत के उप-महानिरीक्षक महेन्द्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उप-महानिरीक्षक महेन्द्र कुमार ने कहा कि आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, उसी महोत्सव के अंतर्गत आज रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहन अपने भाई को रक्षाबंधन का धागा बांधती है, जिसके बदले भाई उसकी रक्षा करने का वायदा करता है। इस धागे के बीच उन दोनों भाई-बहनों के अटूट रिश्ते की कहानी होती है। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल के छात्राओं द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में उप-महानिरीक्षक ने उपस्थित बच्चों व गणमान्य व्यक्तियों को आह्वान किया कि वे हर तिरंगा अभिान में भाग लेते हुए 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएं ताकि हम इस माध्यम से अपने वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि व उन्हें नमन कर सके। इस मौके पर मनिन्दर सिंह सनी, सीआरपीएफ केन्द्र सोनीपत के कमाण्डेंट प्रमाल सिंह, स्कूल के प्राचार्य शंकर लाल सहगल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### महिला प्रार्थी आईटीआई में 16 तक करें आवेदन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र के इंचार्ज देव किशन ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला कुरुक्षेत्र में दाखिला प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट आईटीआईहरियाणाएडमिशन.एनआईसी.इन पर शुरू हो गई है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2022 है। उन्होंने बताया कि संस्थान में 6 व्यवसायों में दाखिले किए जाएंगे, जिनमें ड्राफ्टसमैन सिविल, ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल, सिविंग टेक्नोलॉजी (कटाई व सिलाई) व्यवसाय, एसओटी ईम्ब्रोइडरी (कढ़ाई) व्यवसाय, कोपा (कम्प्यूटर) व्यवसाय तथा कोसमैटोलॉजी (हेयर व स्किन केयर) कोर्स शामिल है। प्रार्थी दाखिला वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। प्रार्थियों को शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एवं स्थाई निवासी आदि मूल प्रमाण पत्रों की स्केन प्रतिया दाखिला फार्म के साथ ही आवश्यकता अनुसार अपलोड करनी होगी। दाखिले के इच्छुक प्रार्थियों के पास निजी ई-मेल आईडी, निजी मोबाईल नंबर, परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड नंबर होना अनिवार्य है तथा ऐसे प्रार्थी ही आवेदन के पात्र होंगे। इसके साथ-साथ दाखिले संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना बारे प्रार्थी कार्यालय के दूरभाष नंबर 01744-278801 व भूपेंद्र सिंह कम्प्यूटर अनुदेशक के मोबाइल नंबर 90344-20010 पर संपर्क कर सकते है।

### अग्निपथ योजना के तहत 30 तक करें आवेदन

**पिपली (अप्रस/अर्पण वधवा)।** भर्ती कार्यालय मुख्यालय अम्बाला 25 अक्टूबर 2022 से 11 नवंबर 2022 तक खरगा स्टेडियम अंबाला कैंट में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों के चयन के लिए भर्ती रैली आयोजित करेगा। हरियाणा के अंबाला, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, पंचकुला जिलों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के युवा जो पात्र मानदंडों को पूरा करते है, वे 30 अगस्त 2022 तक ज्वाइनइंडियनआर्मी.एनआईसी.इन वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करवा सकते है। यह रैली अग्निवीर (सामान्य कर्तव्य) (सभी शस्त्र), अग्निवीर (तकनीकी) (सभी शस्त्र), अग्निवीर लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी (सभी शस्त्र), अग्निवीर ट्रेड्समैन (सभी शस्त्र) 10वीं पास और अग्निवीर ट्रेड्समैन (सभी शस्त्र) 8वीं पास के लिए आयोजित की जाएगी। एक बार के उपाय के रूप में अग्निपथ योजना के लिए आयु को वर्तमान भर्ती वर्ष में 21 वर्ष से बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया गया है ताकि अधिक से अधिक युवा सेना में भर्ती के लिए आवेदन कर सकें। अग्निवीर तकनीकी (सभी शस्त्र) रिक्तियों के लिए आईटीआई पाठ्यक्रम योग्य उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे दलाली की किसी भी गतिविधि का शिकार न हों और रैली के दौरान प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के उपयोग से बचें।

### विभिन्न अभियानों ने आजादी अमृत महोत्सव में भरे रंग

**कलायत (अप्रस/सुनील जागलान)।** स्वतंत्रता दिवस उपलक्ष्य पर अकसर सरकारी स्कूलों में शहीदों के जीवन दर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य रूप से मंच तक सीमित रहते थे। इस तरह रिहर्सल व समारोह से जन-जन अपेक्षाकृत कम जुड़ पाता था। इस बार घर-घर तिरंगा और आजादी अमृत महोत्सव को लेकर हर कोई देश प्रेम के रंगों में रंगा है। मंगलवार को कलायत के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में इसका झलक देखने को मिली। तय कार्ययोजना के अनुसार प्रधानाचार्य दीपक कौशिक ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर प्रवक्ता रवि प्रकाश गर्ग, सुनील रुपोकड, अशोक गोयल, संजय कुमार और अन्य शिक्षक मौजूद रहे। इसके उपरांत स्कूली विद्यार्थियों ने शिक्षकों की निगरानी में शहर भर में तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा झंडा उठाकर चल रहे विद्यार्थियों ने नागरिकों को देश की आजादी के मायनों की झलक दिखाई।

### श्रावण मास के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

**पिहोवा (अप्रस/पौलस्त्य)।** श्रावण मास के उपलक्ष्य में संगमेश्वर महादेव मन्दिर अरुणाय के ओर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महंत बंशीपुरी, महंत विश्वनाथ गिरि, निर्भय गिरि, परमानंद पुरी, भूषण गौतम सहित अनेकों संत महात्मा व श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान शिव से संबंधित झांकिया दर्शाई गई। स्कूली बच्चो ने भगडे व नृत्य किए। लोगो ने स्थान स्थान पर शोभायात्रा का स्वागत किया तथा फल व मिठाईयां बांटी। शोभायात्रा अनाजमंडी से शुरू होकर सरस्वती मन्दिर से होते हुए अरुणाय मन्दिर में सम्पन्न हो गई। पार्थिव शिवलिंगो का सरस्वती के पावन पवित्र जल में विसर्जन किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ी तिरंगा अभियान की रौनकः चक्रपाणि

**पिहोवा (अप्रस)।** कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत उपमंडल अधिकारी नागरिक सोनू राम की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों के तहत देश के हर कोने में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत देश के प्रत्येक घर के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज को फहराना है। नगर पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए तिरंगा गर्व और सम्मान का विषय है, जिसकी शान को और बढ़ाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूल की छात्राओं ने बेहद खूबसूरत तरीके से हरियाणा लोक संस्कृति को दर्शाते गीता व नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं राजकीय माध्यमिक विद्यालय मांगना ने भी तिरंगा यात्रा निकाली

### 120 ग्राम चरस तस्करी के दोषी को 3 साल कैद की सजा

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश संगीता राय की अदालत ने 120 ग्राम चरस तस्करी के मामले में दोषी राकेश निवासी किठाना को तीन साल कारावास तथा 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। इस बारे में थाना राजौंद में दर्ज एफआईआर के अनुसार 28 मार्च 2017 को चौकी किठाना पुलिस के एएसआई बलवान सिंह की टीम ने राकेश निवासी किठाना को रोहेड़ा किठाना रोड से काबू किया था। उसके कब्जे से 120 ग्राम चरस बरामद हुई थी। थाना राजौंद में दर्ज मामले की जांच के उपरांत अभियोग को चार्जशीट कर दिया गया था। पुलिस ने चालान तैयार करके अदालत में पेश कर दिया। स्टेट की ओर से मामले की पैरवी उप जिला न्यायवादी सुरजीत आर्य ने की। अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश संगीता राय की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद राकेश को दोषी पाया और 36 माह के कारावास तथा 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोषी को 4 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

### विद्यार्थियों ने एकजुट होकर भ्रष्टाचार भारत छोड़ो की आवाज बुलंद की

**करनाल (अप्रस)।** एन्टी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत सरकार के प्रकल्प संकल्प से सिद्धि न्यू इंडिया के अंतर्गत भ्रष्टाचार भारत छोड़ो अभियान सेमिनार का आयोजन एस डी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय संरक्षक पवन शर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हरियाणा के प्रतिनिधि संजय बठला एवं मेयर करनाल रेनू बाला गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन विषय पर अपने अपने विचार रखे व भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ लेकर भ्रष्टाचार भारत छोड़ो की आवाज बुलंद की। इस अवसर पर स्कूल के प्रेसिडेंट हरवंस लाल खेतरपाल एवं मैनेजमेंट के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्कूल प्रिंसिपल अमिता सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन वाईस प्रिंसिपल सुरेखा बब्बर ने किया। स्कूल के होनहार विद्यार्थियों को फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि 9 अगस्त का दिन एतिहासिक दिन है इस दिन को क्रान्ति दिवस एवं भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 9 अगस्त 2017 को भारत सरकार द्वारा इस विशेष दिवस के महत्व को महेनजर रखते हुए संकल्प से सिद्धि न्यू इंडिया प्रकल्प का आगाज किया गया था जिसके अंतर्गत भ्रष्टाचार भारत छोड़ो अभियान का आरम्भ हुआ था। इस अवसर पर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर संजय बठला ने कहा कि भारत सरकार के प्रकल्प संकल्प से सिद्धि न्यू इंडिया ने देश के आवाम को जागरूक किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरंक्षक डॉ कृष्ण अरोड़ा,प्रेम कंसल,कृष्ण लाल सिंगला,सुरेंद्र सिंह,हरीश चन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को दिया सीईटी परीक्षा का आयोजन

## 5, 6 व 7 नवंबर 2022 को कराई जाएगी परीक्षा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** हरियाणा में ग्रुप- सी एवं डी के लगभग 28000 पदों की भर्ती के लिए कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी) 5, 6 और 7 नवंबर, 2022 को आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन शून्यकाल के दौरान दी। मनोहर लाल ने कहा कि सीईटी परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के माध्यम से करवाने का निर्णय लिया गया है और इसके लिए 5,6 और 7 नवंबर की तिथि तय की गई है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद नगर निगम में सड़क निर्माण में टेंडरिंग के मामले में जारी विजिलेंस जांच को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए जाएंगे और जांच में जो अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाएगा, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रश्न काल के दौरान फरीदाबाद एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि नगरपालिका नियम, 1976 के नियम 8 में यह उल्लेखित है कि निर्माण कार्य में 10 प्रतिशत तक ही एन्हांसमेंट की जा सकती है। इससे अधिक नहीं। हालांकि, कई मामलों में 10 प्रतिशत से अधिक भी एन्हांसमेंट की गई है। इसका कारण यह है कि नियम 8 की परिभाषित व्याख्या सही नहीं है। उन्होंने कहा कि विभाग को निर्देश दिए जाएंगे कि इस व्याख्या को सही किया जाए। यदि कहीं 10 प्रतिशत से अधिक एन्हांसमेंट है तो री-टेंडर किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से तय किया गया है कि यह सड़क तारकोल की नहीं आरएमसी की ही बननी चाहिए। इसलिए, तारकोल और आरएमसी के रेट में अंतर आया। यदि उसमें किसी तरह का भ्रष्टाचार हुआ है तो उसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 10 किलोमीटर की परिधि में खोला जा सकता है पैरा मेडिकल या नर्सिंग कालेज

मनोहर लाल ने कहा है कि राज्य सरकार की नीति के अनुसार अस्पताल के 10 किलोमीटर की परिधि में पैरा मेडिकल कॉलेज या नर्सिंग कॉलेज खोला जा सकता है। यदि 10 किलोमीटर की परिधि में अस्पताल मौजूद नहीं है तो वहां नर्सिंग या पैरा मेडिकल कॉलेज खोलने का कोई प्रावधान नहीं है। मुख्यमंत्री शून्य काल के दौरान बोल रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि सफीदों में 50 बेड का अस्पताल है और जो जमीन उपलब्ध करवाई गई है, वह 10 किलोमीटर के दायरे में नहीं है, बल्कि 15 किलोमीटर तक है। यदि 12 किलोमीटर तक भी जमीन उपलब्ध होती तो नियमों में कुछ ढील देकर पैरा मेडिकल कॉलेज बनाया जा सकता था। यदि 10 किलोमीटर के दायरे में जमीन उपलब्ध हो जाएगी तो पैरा मेडिकल कॉलेज खोल दिया जाएगा।

### रीजनल सेंटर को महाविद्यालय में बदलने की घोषणा

मनोहर लाल ने कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव लूला अहीर में चल रहे भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर को महाविद्यालय में बदलने की घोषणा की। वह विधायक लक्ष्मण यादव द्वारा गांव लूला अहीर में चल रहे भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में इस समय 50 से अधिक सरकारी और निजी विश्वविद्यालय है। यदि विश्वविद्यालयों की संख्या अधिक बढ़ती है तो शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है। इसलिए जगह-जगह विश्वविद्यालय खोलने का कोई औचित्य नहीं है। विश्वविद्यालय का कार्य केवल परीक्षाएं संचालित करना, कॉलेजों को एफिलिएशन देना इत्यादि होता है। उन्होंने कहा कि पुराने समय में विश्वविद्यालय दूर स्थित होते थे तब रीजनल सेंटर खोले जाते थे।

### डीएपी की कालाबाजारी पर 135 फर्मों के लाइसेंस रद्द

हरियाणा सरकार ने दावा किया है कि पिछले नौ माह के दौरान डीएपी, उर्वरकों की जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 135 फर्मों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने इनेलो विधायक अभय चौटाला द्वारा सदन में रखे गए सवाल के जवाब में यह रिपोर्ट पेश की। अभय चौटाला ने मंगलवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता, कालाबाजारी तथा जमाखोरी के मुद्दे को उठाया। कृषि मंत्री ने बताया कि अक्तूबर 2021 से जुलाई 2022 तक हरियाणा के 19 जिलों से 84 शिकायतें आई हैं। इस अवधि के दौरान 235 फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि 135 फर्मों के लाइसेंस रद्द करने के अलावा 39 के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उन्होंने बताया कि 613 प्रतिष्ठानों पर उड़न दस्तों तथा पुलिस द्वारा छापे मारे गए हैं।

### स्कूलों में अध्यापकों के 36 हजार पद खालीः कुंडू

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में अभी भी अध्यापकों के 36 हजार से अधिक पद खाली हैं। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्यापकों के रिक्त पदों तथा शिक्षा को लेकर बिगड़ रही व्यवस्था के मुद्दे पर मंगलवार को सदन में हंगामा हुआ। महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने यह मुद्दा उठाया। कुंडू के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय 14 हजार 492 स्कूलों का संचालन हो रहा है। शिक्षा मंत्री ने स्वीकार किया कि वर्ष 2015 से लेकर अब तक प्रदेश में 179 राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा 17 राजकीय मिडल विद्यालयों को बंद किया गया है। शिक्षा मंत्री द्वारा सदन में पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा में अध्यापकों के एक लाख 26 हजार 136 पद स्वीकृत हैं। जिसकी एवज में 90 हजार 156 अध्यापक कार्यरत हैं। प्रदेश में अध्यापकों के 35 हजार 980 पद खाली हैं।

| पद का नाम | रिक्त पद |
|---|---|
| प्रधानाचार्य | 00391 |
| मुख्याध्यापक | 00262 |
| पीजीटी | 13517 |
| टीजीटी | 16985 |
| पीआरटी | 04825 |

### कहां से आए ढाई हजार अध्यापक

हरियाणा सरकार ने जब सदन में अध्यापकों के संबंध में रिपोर्ट रखी तो निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने सरकार को घेर लिया। कुंडू ने कहा कि पिछले सत्र के दौरान सरकार द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदेश में 87 हजार 656 अध्यापक तैनात हैं। जबकि इस बार सरकार द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 90 हजार 156 अध्यापक तैनात हैं। कुंडू ने कहा कि सरकार द्वारा धरातल पर अध्यापकों की भर्ती करने की बजाए फाइलों में ही भर्ती की गई है।

### अवैध कॉलोनियों को रैगुलर करेगी सरकार

हरियाणा सरकार ने अवैध कालोनियों को नियमित करने के लिए सरकार ने अब समय सीमा तय कर दी है। अभी तक विधायकों को ही कहा जा रहा था कि वह स्थानीय निकायों नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं से प्रपोजल बनवा कर भेजें। अब विभाग ने तय किया है कि सभी जिला पालिका आयुक्तों व निगम आयुक्तों को निर्देश दिए जाएंगे कि वह अगले तीन महीने में उनके अधीन आने वाली सभी अवैध कालोनियों की सूची और इसका प्रस्ताव पास करके सरकार के पास भेजें। मंगलवार को हरियाणा विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान जजपा विधायक राम कुमार गौतम ने अपनी कालोनी के बहाने यह मुद्दा उठाते हुए गठबंधन सरकार को घेरा। उन्होंने सदन में यहां तक कह दिया कि नारनौंद से सटे गांव में उन्होंने खुद की तीन एकड़ जमीन पर प्लॉटिंग की थी। सभी प्लाटों की रजिस्ट्री भी हो गई, लेकिन अब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग आब्जेक्शन लगा रहा है। गौतम ने कहा कि गरीब लोगों ने अपनी खून-पसीने की कमाई से प्लाट लिए और उन पर मकान भी बनाए लेकिन अब उन पर तलवार लटकी हुई है। अब नियमों की दुहाई दी जा रही है। सरकार उस समय कहां थी जब जमीनों की रजिस्ट्री हो रही थी और सरकार के खजाने में पैसा आ रहा था। गौतम के सवाल पर मंत्री ने बताया कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने 2176 कालोनियों के लेआउट प्लान तैयार किए हैं। उन्होंने जब कहा कि निकायों से प्रस्ताव बनवा कर भेजें तो गौतम इस पर भड़क गए। उन्होंने मंत्री को ही कहा, अगर आपने ऐसी कालोनी में प्लॉट लेकर मकान बनाया होता तो आज आप पर क्या बीतती। अवैध कालोनियां सरकार की गलती से ही पनपी हैं। उन्होंने कालोनियों को नियमित करने की शर्तों बारे भी पूछा। गुप्ता ने बताया कि 2016 में बनाए कानून के तहत 50 से लेकर 75 प्रतिशत तक विकसित हो चुकी कालोनियों को नियमित करने के नियम थे।

### विधानसभा का घेराव करने पहुंचे नवीन जयहिंद गिरफ्तार

हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए नवीन जयहिंद मंगलवार को विधानसभा परिसर के पास पहुंच गए। चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। कई घंटे तक नवीन जयहिंद व उनके समर्थकों को सैक्टर-तीन पुलिस थाने में बिठाकर रखा गया। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद उन्हें रिहा किया गया। नवीन जयहिंद ने कहा कि फार्मेसी काउंसिल में भ्रष्टाचार की जड़ प्रधान धनेश अदलखा को बचाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। मामले में मुख्य शिकायतकर्ता राजेश कौशिक ने बताया कि उन्होंने काउंसिल में व्याप्त भ्रष्टाचार का खुलासा किया। एक दलाल और काउंसिल का उपप्रधान सोहन लाल कंसल रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। हरियाणा राज्य चौकसी ब्यूरो ने मामले में प्रधान धनेश अदलखा और रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया, लेकिन मामले में धनेश अदलखा और राजकुमार वर्मा को आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया। विधानसभा की तरफ कूच कर रहे आम आदमी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नवीन जयहिंद, रजेशा कौशिक झज्जर, नवीन भूखड़, श्याम शर्मा, पवन (हांसी) को गिरफ्तार कर विधानसभा के सामने सेक्टर तीन चंडीगढ़ थाने में ले जाया गया।

## चौथे स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को भी मिलेंगे 15 लाख

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत ने कुल 61 पदक जीते हैं, जिसमें से 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल हैं। इनमें से हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 17 पदक जीते हैं, जिनमें 9 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। हरियाणा सरकार की खेल नीति सराहनीय है। कामनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक विजेता को 1 करोड़ 50 लाख रुपये, रजत पदक विजेता को 75 लाख, कांस्य पदक विजेता को 50 लाख और चौथे स्थान पर आने वाले को 15 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। इसके साथ-साथ कामनवेल्थ में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को साढ़े 7 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन की समाप्ति के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

मनोहर लाल ने कहा कि विधानसभा में ई-विधा की नई व्यवस्था देखने को मिली है। हरियाणा की विधानसभा तीसरी ऐसी विधानसभा बन गई है जो पूरी तरह आनलाइन हो गई है। विधायक इस नए सिस्टम को सीख रहे हैं। अभी आनलाइन व फिजिकल दोनों सिस्टम से विधानसभा को चलाया जा रहा है लेकिन अगले विधानसभा सत्र से पूरी तरह से आनलाइन नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नीवा) के माध्यम से कार्य किया जाएगा। इस सत्र में विधानसभा के समय में भी बदलाव किया गया है। पहले यह 10 से 2 बजे तक का रहता था लेकिन इस बार 11 बजे से 6 बजे तक का किया गया है। इससे विधायकों को 6 घंटे काम का समय मिल गया है। इसके अलावा विधानसभा परिसर में विधायकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें 100 रुपये खर्च करके विधायक थाली ले सकते हैं।

## तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत मां की जय के नारे

अर्थ प्रकाश/पौलस्त्य

**पिहोवा, 9 अगस्त।** नगर में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनदीप चढ्ढा पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरमनदीप विर्क के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। हाथो में तिरंगा लेकर सैकड़ों लोग भारत माता की जय के नारे लगाते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सरस्वती मंदिर पर पहुंचे जहां पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई तथा लड्डू बांटे गए। तिरंगा यात्रा शहीदी स्मारक से होते हुए अनाजमंडी में सम्पन्न हुई। स्वतंत्रता दिवस की खुशी में राजनेताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस मौके पर पूर्वमंत्री अशोक अरोडा, मनदीप चड्ढा, हरमनदीप विर्क ने कहा कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहीदो व स्वतंत्रता सैनानियो को नमन करते है। उन्हीं को नमन करते हुए कांग्रेस हर जिला में 75 किलो मीटर पद यात्रा करेगी तथा तिरंगा यात्रा निकालेगी जो नौ अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलेगी। आज पिहोवा से इसकी शुरूआत की गई है। भारत मां के जय के गगनभेदी नारों के बीच लोगों को देश के प्रति वफादार रहने व लोगों में देश प्रेम की भावना पैदा करने का संदेश दिया। इस मौके पर कांग्रेसी नेता गोपाल कौशिक, पूर्व प्रधान राकेश बधवार, पूर्व चेयरमैन सुखबीर ग्रेवाल, सुभाष रामगढ़ रोड, राहुल कौशिक, योगेश बंटी कौशिक, जसमेर भटेड़ी सहित दर्जनों नेता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## पंजाब रोडवेज के परिचालक का अमानवीय कारनामा

# चलती बस से करनाल के यात्री को बाहर फेंका

- यात्री को नाजुक हालात में अस्पताल पहुंचाया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 9 अगस्त।** दिल्ली और सोनीपत के बीच नरेला समयपुर बादली क्षेत्र में पंजाब रोडवेज की बस में कंडक्टर ने एक यात्री को जान से मारने की नीयत से चलती बस से ही धक्का दे दिया। इसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। उसके कूल्हे व कंधे की हड्डी बुरी तरह से टूट गई है। उसे पुलिस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। मिली जानकारी के अनुसार दीपक वालिया निवासी करनाल गत शनिवार को दिल्ली बाई पास से पंजाब रोडवेज की बस पीबी-06 बीसी 0201 से रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे करनाल के लिए बैठे। कुछ दूरी पर ही बस चली इतने में कंडक्टर उनके पास आ गया और कहने लगा यह सीट उसकी है। आप पीछे जाओ उसके बाद उन्होंने जवाब दिया यह दो लोगों की सीट है। आप भी बैठ जाईए। इस पर कंडक्टर भड़क उठा और गाली गलौच करने लगा। इसके बाद वह खड़े हो गए और पीछे जाने लगे। इसी बीच ड्राईवर बोला यह बस हमारी है इस बंदे को नीचे फेंक दे। इसी बीच कंडक्टर बहस करते हुए अगले दरवाजे पर आ गया और कहने लगा मैं तुझे सबक सिखाता हूं। यह बस हमारी है जिसको भी हम बिठाएं यह हमारी मर्जी है। यह कहकर उसने मुझे जोर से चलती बस से बाहर की तरफ धक्का दे दिया। जिससे वह नीचे गिर पड़े। उसके बाद उन्हें होश अस्पताल में आया। मौके पर किसी भले आदमी ने बस का नम्बर नोट करके उनके मोबाइल के कवर में रख दिया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस इस मामले की तफ्तीश कर रही है। उधर बस ड्राईवर व कंडक्टर बस लेकर भाग लिए। उन्होंने मौके पर रूकना भी उचित नहीं समझा।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

**कालांवाली (अप्रस/विनोद अरोड़ा)।** आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत रेलवे क्षेत्र में कालांवाली में उच्चाधिकारियो के दिशा निर्देश पर सीआईडी,सुरक्षा शाखा व जीआरपी ने संयुक्त रूप में रेलवे क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए क्षेत्र में हर तरफ सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग शुरू की गई है। सीआईडी से जगजीत सिंह व मलकीत सिंह,सुरक्षा शाखा से गुरदीप सिंह व जीआरपी से चौकी प्रभारी बलवीर सिंह ने रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले सभी यात्रियों की जांच की जा रही है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ कोई शरारती तत्व कुछ गलत न कर सके, इस लिये यात्रियों के समान की गहनता के साथ जांच की जा रही है ताकि कोई शरारती तत्व गलत सामग्री को एक जगह से दूसरी जगह न ले जा सके।

## जानकारी

### सॉफ्टवेयर की शुरुआत, 2000 मेगावाट सुबानसिरी लोअर परियोजना में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की

# एनएचपीसी ने पूर्व चेतावनी प्रणाली के लिए एक इंटरनेट क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर की शुरुआत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद, 9 अगस्त।** एनएचपीसी ने पूर्व चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम-ईडब्ल्यूएस) के लिए एक इंटरनेट क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर की शुरुआत की तथा 2000 मेगावाट सुबानसिरी लोअर परियोजना में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं।

ए.के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 8 अगस्त 2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में पूर्व चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम-ईडब्ल्यूएस) के लिए इंटरनेट क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन की शुरुआत करते हुए। श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) और श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) भी एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे।

श्री ए.के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 8 अगस्त 2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में पूर्व चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम-ईडब्ल्यूएस) के लिए, एक इंटरनेट क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन की शुरुआत की। श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) तथा एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशन, परियोजनाओं और इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। सॉफ्टवेयर वास्तविक समय के आधार पर पहचान की गई संवेदनशील परियोजनाओं के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में परियोजना/पावर स्टेशन के साथ निकट समन्वय के साथ-साथ नदियों के जल स्तर/बहाव की कड़ी निगरानी में सक्षम होगा। यह संबंधित परियोजना प्राधिकरणों/हितधारकों और स्थानीय प्रशासन को सावधान/चेतावनी जारी करेगा ताकि स्थानीय प्रशासन और लोगों को बाढ़ से पहले खाली करने या आश्रय के लिए सक्रिय किया जा सके तथा बाढ़ के दौरान लोगों को प्रतिक्रिया करने के लिए समय दिया जा सके।

जलविद्युत परियोजनाएं आमतौर पर पहाड़ी क्षेत्रों में अवस्थित होती हैं और कई प्रकार की आपदाओं जैसे भूस्खलन, बादल फटना, बाढ़, हिमस्खलन, जीएलओएफ (ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड), एलएलओएफ (लैंडस्लाइड लेक आउटबर्स्ट फ्लड) आदि के लिए संवेदनशील होती हैं। हाल के वर्षों में, हिमालयी क्षेत्र में कई आपदाएं देखी गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई जिसमें कई लोगों की जान चली गई है और जलविद्युत परियोजनाएं और अन्य बुनियादी ढाँचे क्षतिग्रस्त हो गए। फरवरी 2021 में उत्तराखंड के चमोली जिले में एक प्राकृतिक आपदा आई थी, जिसमें कुछ जलविद्युत परियोजनाएं भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और मानव जीवन और संपत्ति का बहुत नुकसान हुआ था। तत्पश्चात् विद्युत मंत्रालय (एमओपी) ने ऐसी संवेदनशील परियोजनाओं में अल्पकालिक और दीर्घकालिक मौसम पूर्वानुमान और पूर्व चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) स्थापित करने के लिए एक समिति का गठन किया। इसके बाद, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने देश भर में 47 संवेदनशील परियोजनाओं की पहचान की जो आम तौर पर ईएल 1500 मीटर की ऊंचाई से ऊपर स्थित हैं या जो उस बेसिन में पहले हैं। इनमें से 10 एनएचपीसी लिमिटेड के और 2 सीवीपीपीपीएल (एनएचपीसी और जेकेएसपीडीसी के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी) के हैं। सीईए/एमओपी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, ऐसी परियोजनाओं को बांध/बैराज की उचित दूरी पर गेज और डिस्चार्ज साइटों पर टेलीमेट्री के साथ स्वचालित जल स्तर रिकॉर्डर (एडब्ल्यूएलआर) के रूप में पूर्व चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) स्थापित करने का या अपस्ट्रीम परियोजना (यदि कोई हो) के साथ करीबी समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया था ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में सुरक्षा उपाय करने के लिए परियोजना अधिकारियों को पर्याप्त समय मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### कच्ची गलियों से लोगों को हो रही परेशानी

**रादौर (अप्रस)।** यमुना नदी पार बसे गांव पोबारी के ग्रामीणों को कच्ची गलियों के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वह प्रशासन से गांव में गलियों को पक्का करवाने की मांग कर चुके है लेकिन अभी तक किसी ने यहां कोई ध्यान नहीं दिया है। जिस कारण लोगों को कच्ची गलियों में होने वाले कीचड़ से ही होकर गुजरना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। पोबारी निवासी कलीम, नूरदीन, मारूफ, सत्तार, मुबारिक, तसिम व उन्हेडी निवासी मोहित राणा ने बताया कि उन्हेडी व पोबारी गांव की एक ही पंचायत है। पोबारी गांव के पास कई एकड़ पंचायती जमीन है। जमीन खनन एजेंसी को लीज पर दी गई है। जिससे प्रतिवर्ष लाखों रूपए की आमदन होती है। लेकिन पंचायती जमीन से आ रही आमदनी को गांव के विकास कार्यो पर खर्च नहीं किया जा रहा है। जिससमें गांव में मूलभूत सुविधाओं की दरकार है। गलियां कच्ची पड़ी है। बारिश होने पर गलियों में कीचड़ जमा हो गया है। कीचड़ के बीच से ही ग्रामीण गुजर रहे है। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। बार-बार मांग करने पर भी प्रशासन की ओर से गांव में विकास कार्य नहीं कराए जो रहे। जिससे लोगों में भारी रोष है। उन्होंने जिला उपायुक्त से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई है।

### स्कूली बच्चों ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**कालका (अप्रस/जग्गी)।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में लोगों मे जजबा जगाने के लिये आज यहां स्कूल के बच्चों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया। तिरंगा यात्रा प्रात: साढ़े सात बजे आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल से शुरू हुई और रेलवे रोड, एस.डी.एम., तहसील, रेलवे स्टेशन की ओर से लोअर बाजार, मेन बाजार, गांधी चोक से होते हुये अभी स्कूल आ कर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा मे स्कूल के प्रिंसिपल कुलदीप शर्मा, सभी अध्यापिकाएं, सभी स्टाफ साथ साथ चला। इनरव्हील कालका हिल्स की भूतपूर्व प्रधान सोनिया गुप्ता प्रधान रेखा थापर और सुमन बाला ने बच्चों के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया कि वह अपने घरों में तिरंगा लहराए क्लब की प्रधान रेखा थापर ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान का प्रतीक है। इस अवसर पर पतंजलि पीठ के सदस्य भी मौजूद रहे। स्कूल प्रिंसिपल कुलदीप शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उदेश्य आम लोगों को जागरूक करना और लोगों को इसके लिए प्रेरित करना भी रहा। उन्होंने कहा की हर घर झंडा लहराने के साथ साथ हमारा उद्देश्य राष्ट्र ध्वज का सम्मान व उसकी रक्षा करना भी है।

### राजकीय महाविद्यालय में हर घर तिरंगा का सफल आयोजन

**कालका (अप्रस)।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या श्रीमती कामना की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने काव्य पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्या श्रीमती कामना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की शान है हमारा राष्ट्रीय ध्वज। हमारे देश के गौरव का प्रतीक है तिरंगा। यह अभियान हमारे दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करता है। प्राचार्या ने प्रत्येक विद्यार्थी और महाविद्यालय के टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने देशभक्ति से परिपूर्ण कविताएं सुनाई। हर मन में हो तिरंगा, यह स्वाभिमान, शोर्य ज्ञान का प्रतीक है। प्रस्तुत कार्यक्रम सेलिब्रेशन ऑफ डेस कमेटी की प्रभारी प्रो नीना शर्मा और और एन. एस. एस. की इंचार्ज प्रोफेसर डॉ इंदु के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया।

### कर्मचारियों का रेल बचाओ देश बचाओ का संकल्प

**कालका (अप्रस)।** एनआरएम्यू वर्कशॉप ब्रांच कालका के द्वारा रेल बचाओ देश बचाओ अभियान के चलते केंद्रिये लीडर शिप के आदेश अनुसार शाखा अध्यक्ष कमल कुमार की अध्यक्षता मे यूनियन दफ्तर मे मीटिंग की गयी। कर्मचारियो से कॉमरेड शिव गोपाल मिश्रा जी के द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे चर्चा की।शाखा सचिव प्रदीप शर्मा ने रेल बचाओ देश बचाओ अभियान एन आर एम यू के द्वारा चलाया गया था और हम सभी को मिलकर इस अभियान को और तेज़ करने की ज़रूरत है। मीटिंग मे मुख्य रूप से केशियर चौ0 प्रकाश चंद, सह सचिव जितेंद्र कुमार, युव संचालक पुनीत कुमार, डेलीगेट दीपक कुमार, परषोतम चाकी, ललित कुमार, रामलोक सहित कई साथियो ने भाग लिया।

# हरियाणा में शुरू हुई ब्लड कलैक्शन बस, पानीपत केंद्र से होगा संचालन

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने झंडी दिखाकर किया रवाना

■ महिला कालेजों में लगेंगी सैनेटरी डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीनें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** हरियाणा में अब रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए टैंट आदि लगाने की जरूरत नहीं होगी। रैडक्रास ने प्रदेश में ब्लड कलैक्शन बस शुरू कर दी है। मंगलवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने चंडीगढ़ में इस बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस पानीपत में खड़ी होगी।

जिला रैडक्रास शाखा पानीपत में संचालित रक्त संग्रहण बैंक मे चलाई जानी है। इस के माध्यम से हरियाणा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रक्त एकत्रित किया जाएगा। इसके साथ राहत साम्रगी से भरे 02 टकों को भी रवाना किया गया। जिसमें हरियाणा प्रांत की 22 जिला रैडक्रास शाखाओं में प्रत्येक जिले को 75 किचन सैट, 150 हाईजनिक किट, 500 ब्लड डोनेशन बैजेज, कॉस्मेटिक साम्रगी इत्यादि सामान भेजा गया था। इसके साथ ही सैनेटरी डिस्पेंसिंग मशीन एवं डिस्पोजल मशीने को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सैनेटरी डिस्पेंसिंग मशीनें हरियाणा प्रांत के सरकारी गैर सरकारी महिला महाविद्यालयों में लगाई जायेगी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने हरियाणा रैडक्रास द्वारा कि जा रही मानवता के क्षेत्र में कल्याणकारी गतिविधियों की सराहना करके प्रसन्नता जाहिर की। माननीय राज्यपाल ने कहा हरियाणा रैडक्रास का कार्य समाज और मानवता के हित में सर्वोपरि है जिसके माध्यम से समाज हित में नए आयाम स्थापित होंगे।

इस अवसर पर सुषमा गुप्ता वाइस चेयरपर्सन,डॉ.मुकेश अग्रवाल महासचिव अनिल जोशी संयुक्त सचिव रोहित शर्मा और दीपक नासा अधीक्षक आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## रोबिन नैन ने ऐम्ज स्पोर्टज क्लब स्टेट लैवल की खेलों में जीते पांच गोल्ड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अम्बाला छावनी, 9 अगस्त।** सिक्ख सीनियर सैकेण्डरी स्कूल अम्बाला छावनी के ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थी रोबिन नैन द्वारा ' ऐम्ज स्पोर्टज क्लब स्टेट लैवल की खेलों में पाच गोल्ड मैडल जीतकर स्कूल और अम्बाला का पंचम लहराया । ग्यारहवीं -कला संकाय के विद्यार्थी रोबिन ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में अव्वल रहकर पहला गोल्ड जीता फिर 100 मीटर की स्टाइल खेल में दूसरा गोल्ड मैडल लिया तत्पष्चात 400मीटर की फ्री स्टाईल खेल में भी गोल्ड मैडल प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया चौथा गोल्ड मैडल रिले मे प्राप्त किया फिर एक बार फ्री स्टाइल रिले की खेली में पाचवा गोल्ड मैउल प्राप्त किसा गया यह खेल 6 अगस्त तथा 7 अगस्त 2022 को जिला स्तर पर करवाए गए थे जिसमें रोबिन कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का भी मौका दिया जाएगा ।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखजिन्दर कौर उपप्रधानाचार्या रीटा कोडिनेटर आरती खेल अध्यापिका रोजी कुमारी , रीतू भरद्वाज व अंजू ओजलो द्वारा सभागार में पुनः मैडल पहनाकर रोबिन नैन का उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा रोबिन नैन व उसके अभिभावको को शुभकामनाए दी और साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में तथा खेल जगत में और बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए उत्साहित किया व फिर से इसी प्रकार सफलता की कामना करते हुए आगे बढते रहने के लिए कहा ।

## नन्हें बच्चों ने सुन्दर राखी बना मोहा सभी का मन

■ अच्छे वातावर्ण में करनी चाहिये बच्चों की परवरिश: सेठी

अर्थ प्रकाश/आरके जैन

**यमुनानगर, 8 अगस्त।** रोज़वुड स्कूल के प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, रक्षा बंधन के अवसर पर राखी बनाने की प्रयोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हें बच्चों ने सुन्दर राखी बनाई जिसमें हरनेक सिंह, परी, पूर्वी, अवनी, दिव्या साहनी, लक्श, तथा अंशुमन ने अदभुत राखी बना कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अध्यापिका कुमुद सेठी ने कहा कि नन्हे बच्चों द्वारा किया गया यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है, क्योंकि आज यह बच्चे जो सीखेगें बड़े होकर वही बनेगें। उन्होंने कहा कि नन्हें बच्चे को कच्ची मिटटी की तरह होते है, जिन्हे जिस रूप में ढाल दिया जाता है यह वही बन जाते है, इस लिये हम सबका यह कर्तव्य बनता है कि इन बच्चों को अच्छे वातावर्ण में पाला जाये, जिससे इनके दिमाक व शरीर का सही विकास हो सके और यह बच्चे बड़े होकर देश का नाम रौशन कर सके। इस अवसर पर अपूरवा माथुर, अनीश माथुर, सुप्रिया माथुर व कोमल माथुर ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रादौर, 9 अगस्त।** गांव नाचरौन में डेरे में रहने वाले लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बिजली की कमी के कारण उन्हें प्रर्याप्त मात्रा में पीने के पानी की सप्लाई भी नहीं मिल पा रही है। समस्या को लेकर वह कई बार बिजली निगम के एसडीओ से मिल चुके है लेकिन अभी तक किसी ने उनकी इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिससे हर दिन उनकी समस्या गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने मामले की लिखित शिकायत बिजली निगम के एसडीओं को देकर समस्या के समाधान की मांग की है।

ग्रामीण बरखाराम, उर्मिला, मुकेश, राजन, सुरजीत, तरूण, मीना देवी, प्रवीण कुमार, जगदीश, सोहनलाल व संतोष का कहना है कि बिजली निगम की ओर से करतापुर फीडर से नाचरौन फीडर निकाला गया है। लेकिन उस फीडर पर पीईटी नहीं चलता। जिस कारण उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली सप्लाई नहीं मिल पा रही है। इस फीडर पर कई डेरे लगते है। जिस कारण वहां रह रहे ग्रामीणों को पेयजल की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण इस समय कृषि फीडर से ही काम चला रहे है, जो कि केवल 8 घंटे ही चलता है। ऐसे में डेरे में रहने वाले लोग अपने लिए व पशुओं के लिए प्रर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं कर पा रहे है और उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

## श्रावण मास के उपलक्ष्य में खीर का लंगर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका, 9 अगस्त।** यू.आर.एम.यू. कालका वर्कशाप ब्रांच द्वारा आज श्रावण मास के उपलक्ष्य मे खीर प्रसाद वितरण किया गया। यूनियन के प्रतिनिधि विकास तलवाड ने जानकारी देते हुये बताया कि सभी यूनियन सदस्यो द्वारा भगवान शिव के मन्दिर व विश्व कर्मा मन्दिर मे सभी यूनियन सदस्यो ने रेल कर्मियो व उनके षरिवार के उज्जवल भविष्य कामना की।

इस अवसर पर सहायक निर्माण प्रबंधक कालका सुश्री ज्योति साहू भी उपस्थित रही। भोलेनाथ की कृपा से खीर प्रसाद वितरण लंगर करीब चार घण्टे तक चला।

## विधायक ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए आय सीमा बढ़ाने की उठाई मांग

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड़

**बराड़ा, 9 अगस्त।** सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लिए आय सीमा की अंतिम समीक्षा व नए पेंशनरों के पंजीकरण में देरी को लेकर मुलाना से कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री के समक्ष प्रश्नकाल के दौरान सवाल रखा।जिसपर राज्यमंत्री ने विधायक के सवाल पर बोलते हुए बताया कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता हेतु आय सीमा की विगत समीक्षा वर्ष 2012 में की गई थी वर्तमान में ऐसा व्यक्ति जिसकी सभी स्त्रोतो से वार्षिक आय उसके पति या पत्नी की आय समेत दो लाख रुपये से अधिक नहीं है वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए पात्र है। दिनांक 22 मार्च 2012 तक यह सीमा 50,000 रुपये प्रति वर्ष थी। सरकार लाभार्थियों की पहचान के लिए प्रो-एक्टिव प्रणाली पर स्थानांतरित हो गई है, जिसमें सरकार सीधे लाभार्थियों से संपर्क करती है और परिवार पहचान पत्र पर सत्यापित आंकड़ों के आधार पर उनकी सहमति लेती है।राज्यमंत्री के जवाब पर विधायक ने विधानसभा में बोलते हुए कहा कि दस साल हो गए हैं आय की समीक्षा को इस बीच महंगाई बढ़ी है महंगाई भत्ता बढ़ा है तो बुजुर्गो का मान सम्मान वृद्धावस्था पेंशन इसकी समीक्षा सरकार ने पिछले 10 सालों में क्यों नहीं की है। हर ज़िले में हज़ारों पेन्शन काट दी गयी हैं,जिस कारण उनको सम्मान से जीवन जीना मुश्किल हो गया है।आज प्रदेश के हालात ऐसे हैं कि जितने वृद्धावस्था पेंशन ले रहे थे उनकी संख्या घटी है जबकि प्रदेश की जनसंख्या बढ़ रही है जब सरकार 10 साल पहले यह मान रही थी कि जिस परिवार की वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है यह लाभ उस लाभार्थी को मिलेगा और आज 10 साल बाद भी हम उस दो लाख आय पर क्यों रुके हुए है।

## मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज करता है एकजुट

अर्थ प्रकाश/हरजीत सिंह जग्गी

**कालका, 9 अगस्त।** हर घर तिरंगा अभियान को गति देने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से श्री काली माता मंदिर कालका के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में श्रीमति लतिका शर्मा बोर्ड मेम्बर श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड पंचकूला व श्री पृथ्वी राज, सचिव, श्री काली माता मंदिर व अन्य गणमान्य भी शामिल हुये।

कार्यक्रम में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकारों द्वारा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिये प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुये काला माता मंदिर के सचिव पृथ्वीराज ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि 13 से 15 अगस्त तक भारत के हर घर में तिरंगा लहराया जाये। उन्होंने तिरंगे के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि तिरंगा हमारे देश की शान है, पहचान है और सभी को इसका सम्मान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि केसरिया रंग वीरता व शौर्य का प्रतीक है, सफेद रंग शांति व सच्चाई का व हरा रंग हरियाली का प्रतीक है और तिरंगे के बीच अशोक चक्र तरक्की और उन्नति का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को भी राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश की स्वतंत्रता को दर्शाता है और यह देश के गौरव का प्रतीक है। राष्ट्र का झंडा उस देश की अखंडता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ लोगों में देशभक्ति की भावना को प्रेरित करता है। भारत का ध्वज देश की राजनीतिक और सामाजिक संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज एकजुट करने का भी कार्य करता है। एक ध्वज राष्ट्रीय एकता और सद्भावना को बढाता है। भारत के ध्वज में देश की संस्कृति, सभ्यता और इतिहास झलकता है और हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की विविध संस्कृति में भी एकता को प्रदर्शित करता है।

इस अवसर पर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के प्रधान सचिव श्री डी सुरेश तथा निदेशक श्री महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में कलाकारों द्वारा डांस, म्यूजिक, हरियाणवी रागनी, देश भक्ति गीत, शिव स्तुति, बंम लहरी, सोलो डांस व स्कूल के बच्चों द्वारा हर घर तिरंगा पर प्रस्तुति दी गई। पूजा भाटिया एंड ग्रुप ने हरियाणवी डांस प्रस्तुत किया वहीं ओम प्रकाश ग्रुप ने हरियाणवी रागनी से सबका मन मोहा। अनमोल भोला, विनोद कमल एंड ग्रुप ने शानदार म्यूजिक की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को तिरंगामयी बना दिया।

## खेल

# शमी को एशिया कप की टीम में होना चाहिये था : कृष्णमचारी श्रीकांत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**कोलकाता, 9 अगस्त।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता समिति के पूर्व चेयरमैन कृष्णमचारी श्रीकांत ने एशिया कप 2022 के लिये भारतीय टीम की घोषणा के बाद कहा है कि तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी को टीम में शामिल किया जाना चाहिये था।

श्रीकांत ने स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्लूज़' पर सोमवार को कहा, 'मेरी टीम में शमी शामिल थे। अगर मैं चयनकर्ता समिति का अध्यक्ष होता तो शमी टीम में होते, और शायद रवि बिश्नोई नहीं होते। मेरा यह भी मानना है कि अक्षर पटेल टीम में जगह पाने के मजबूत दावेदार थे। अक्षर पटेल और अश्विन के बीच चुनना मुश्किल होता।'

उन्होंने कहा, 'मेरा खयाल है कि टीम अच्छी है, लेकिन एक और मीडियम पेसर को इसमें होना चाहिये था। हम टूर्नामेंट में एक मीडियम पेसर की कमी के साथ जा रहे हैं। दो कलाई के स्पिनर काफी हैं। मुझे अक्षर पटेल के लिये बुरा लग रहा है जो टीम का हिस्सा नहीं बन पाए। मुझे दीपक हुड्डा के लिये खुशी है, वह गेंदबाजी कर सकते हैं, अच्छे बल्लेबाज हैं और तेज भी खेलते हैं।'

श्रीकांत ने कहा, 'मुझे दीपक हुड्डा के बारे में जो बात पसंद है वह यह है कि वह गेंद के अच्छे स्ट्राइकर हैं। अन्यथा यह टीम एक शानदार टीम है, केवल अक्षर पटेल के लिए बुरा लगता है। मुझे अब भी विश्वास है कि वह ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में एक अच्छा गेंदबाजी ऑलराउंडर हो सकता है। मैं सिर्फ एशिया कप के बारे में नहीं सोच रहा, यह टीम आईसीसी टी20 विश्व कप का भी ब्लू प्रिंट होना चाहिए।

टीम के चयन पर विचार करते हुए पूर्व विकेट कीपर और मुख्य चयनकर्ता किरन मोरे ने कहा, ÷एशिया कप निश्चित रूप से विराट कोहली के लिए खास होगा क्योंकि उन्हें अब वापसी करने की जरूरत है। अन्य बल्लेबाज भी वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कुल मिलाकर, टीम अच्छी और संतुलित दिखती है। टीम में अच्छे ऑलराउंडर भी हैं। रविचंद्रन अश्विन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। निश्चित रूप से अक्षर पटेल भी पूरे साल अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।'

'मुझे टीम संयोजन पसंद है और मैं रवि बिश्नोई के चयन से वास्तव में खुश था। इससे टीम में बदलाव आया। मेरे हिसाब से यह एक अच्छी टीम है। मैं अर्शदीप सिंह के लिए भी खुश हूं। उन्होंने आईपीएल के बाज वेस्टइंडीज के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया, जहां वह प्लेयर ऑफ द सीरीज थे। हम बाएं हाथ के गेंदबाज की तलाश में थे, जो हमें अर्शदीप सिंह में मिला है।'

### टी20 रैकिंग में शीर्ष 10 में लौटीं जेमिमाह

**दुबई (अप्रस)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा खिलाड़ी जेमिमाह रॉड्रिगेज़ ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग के शीर्ष 10 बल्लेबाजों में जगह बना ली है। आईसीसी की ओर से मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार रॉड्रिगेज़ सात पायदान ऊपर उठकर 630 पॉइंट के साथ 10वें स्थान पर आ गयी हैं। उन्होंने बर्मिंघम 2022 में भारत के लिये 146 रन बनाये, जिसकी बदौलत वह अक्टूबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में जगह बना पाई हैं। स्मृति मंधाना (चौथा पायदान) और शेफाली वर्मा (छठा पायदान) पहले से ही टी20 बल्लेबाजों के शीर्ष 10 में कायम हैं। इसी बीच, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी अपनी हमवतन मेग लेनिंग को पछाड़कर पहले पायदान पर आ गयी हैं। मूनी ने राष्ट्रमंडल खेल के फाइनल में भारत के खिलाफ 41 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 70 रन और न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 36 रन का योगदान भी दिया था।

# मनीषा, सुनील बने 2021-22 के फुटबॉलर ऑफ द ईयर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली, 9 अगस्त।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मनीषा कल्याण को साल 2021-22 का महिला 'फुटबॉलर ऑफ द ईयर' चुना है, जबकि पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब सुनील छेत्री को मिला है। दोनों दिग्गजों को उनके संबंधित राष्ट्रीय टीम के कोच थॉमस डेनर्बी और इगोर स्टिमैक द्वारा विजेताओं के रूप में नामित किया गया था।

मनीषा ने पिछले सत्र में उभरती हुई महिला फुटबॉलर (वुमेन्स एमर्जिंग फुटबॉलर ऑफ द ईयर) का पुरस्कार जीता था जबकि सुनील को सातवीं बार फुटबॉलर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

महिला राष्ट्रीय टीम के कोच थॉमस डेनर्बी ने कहा, 'मनीषा ने राष्ट्रीय टीम और अपने क्लब के लिए कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उसने गोल किये हैं, और नियमित रूप से असिस्ट भी किये हैं। उत्कृष्ट गति और एक अच्छी ड्रिब्लर होने के कारण वह भविष्य में बड़ी लीगों में खेलने की क्षमता रखती है। वह युवा है और अभी भी तैयार हो रही है लेकिन नियमित आधार पर हमारी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही है।'

सुनील के बारे में बोलते हुए, पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कहा, 'सुनील सैफ कप में पांच गोल करके हमारे सर्वोच्च गोल करने वाले खिलाड़ी और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी थे। इसके अलावा, उन्होंने कोलकाता में एएफसी एशियन कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में तीन मैचों में चार गोल किए।'

## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-7 में फिर गिरा पेड़, कार क्षतिग्रस्त

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** शहर में सेक्टर-7 में एक हरा पेड़ दिन के समय अचानक गिर गया। गनीमत रही कि इससे कोई जख्मी नहीं हुआ, लेकिन एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। घटना सेक्टर-7 बी में संपर्क सेंटर की पिछली तरफ मेंटिनेंस बूथ के पास हुई। जानकारी मिलते ही हॉर्टिकल्चर विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और पेड़ को हटाने के लिए इसकी कटाई शुरु कर दी। बता दें कि महीनाभर पहले कार्मल कॉन्वेंट स्कूल, सेक्टर-9 में हेरिटेज पेड़ गिरा था। इसके बाद से शहर में पे? गिरने की कई घटनाएं हुईं। हाल ही में सेक्टर-22 में चंडीगढ़ निगम के वार्ड नंबर-17 से पार्षद दमनप्रीत सिंह के घर के बाहर लगा विशाल हरा पेड़ बगीचे में आ गिरा था। उस दौरान पार्षद परिवार सहित हरमंदिर साहिब में माथा टेकने गए हुए थे। मनीमाजरा में एक डिस्पेंसरी में नीम का हरा पेड़ गिर गया था। सेक्टर-22/23 के लाइट पॉइंट पर पेड़ गिरने से रिक्शा चालक घायल हो गया था। हीराक्षी हेरिटेज ट्री हादसे के बाद से शहर में निगम और प्रशासन के पास खतरनाक पे?ों की सैकड़ों शिकायतें आ रही हैं, जिसके बाद प्रशासन और निगम ने अपने स्तर पर कई पे?ों की प्रूनिंग भी करवाई थी। वहीं कुछ सूखे पेड़ हटाए भी गए थे। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में पेड़ों के मामले से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई लंबित है।

### पुलिसकर्मियों ने देश भक्ति के गीतों के साथ निकाली रैली

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के चलते 75वी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर में तिरंगा ध्वज फहराने की बात कही गई थी। जिसको लेकर चंडीगढ़ पुलिस के आलाअधिकारियों ने अमल किया। चंडीगढ़ के सभी थानों, चौकियों, अन्य युनिटो में तैनात पुलिस कर्मियों ने अपने मोबाइल पर तिरंगे ध्वज की डीपी लगाई। और तिरंगे ध्वज के साथ फोटो करवाई। वही चंडीगढ़ पुलिस पीसीआर वाहनों में तैनात पुलिस कर्मियों ने 35 करीब पीसीआर वाहन और 12 मोटरसाइकिल को सुबह साढ़े 5 बजे रॉक गार्डन पर एकत्रित होकर रैली के रूप में देशभक्ति गीतों साथ हाइकोर्ट रोड, मटका चोक, किसान भवन ,सेक्टर 16 से होते हुए वापिस रॉक गार्डन जाकर समाप्त हुई। पीसीआर रैली के दौरान अन्य लोगो को किसी भी प्रकार की ट्रैफिक की कोई दिक्कत नहीं आई। वही, चंडीगढ़ पुलिस के इंटेलिजेंस विंग में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर मे तिरंगा ध्वज को लेकर सोमवार को सेक्टर-9 स्थित यूटी पुलिस मुख्यालय के बहार एकत्रित होकर तिरंगा ध्वज के साथ फोटो ली। जिसका नेतृव इंटेलिजेंस विंग और चंडीगढ़ पुलिस के पीआरओ डीएसपी रामगोपाल कर रहे थे।

### आजादी का अमृत महोत्सव पर बच्चों ने निकाली रैली

**चंडीगढ़ (करमजीत परवाना)।** 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य के रुप में द न्यू पब्लिक स्कूल ने चंडीगढ़ के सेक्टर 18 और 17 के क्षेत्रों को कवर करते हुए स्कूल से रैली निकाली। इस रैली में 11वीं और 12वीं कक्षा के एनसीसी, एनएसएस, इको के छात्रों ने रैली में भाग लिया। । इस मौके पर स्कूली छात्रों के साथ शिक्षक भी तिरंगा थामे मार्च करते दिखाई दिए। इस दौरान चंडीगढ़ पुलिस के जवान झंडा पकड़े रैली में समर्थन करते हुए नजर आए दिन का समापन बच्चों द्वारा जय हिन्द के नारे के साथ हुआ

### कड़ा चोरी मामले में आरोपी कर्मी के खिलाफ केस दर्ज

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी )।** थाना-17 पुलिस ने शॉप से सोने का कड़ा चोरी करने के मामले में आरोपी कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक] शिकायतकर्ता बिट्टू वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर 22 स्थित दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आरोपी जनवरी 2021 से उनके पास नौकरी करता है। जिसका काम गोल्ड ज्वेलरी सेल का है। जोकि शॉप से कुछ समय से लाखों का सामान चोरी हो रहा था। जिसकी शिकायत पुलिस को भी दर्ज करवाई थी। 25 जुलाई 2022 को काउंटिंग के टाइम सोने का एक कड़ा कम आया।। 25 जुलाई 2022 को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता चला कि आरोपी मोहाली निवासी बलदीप सिंह जिसकी कीमत लाखों में है। उसने चुपचाप सोने का कड़ा ट्रेय से निकाला और अपने हाथ में डाल लिया। रात को अपने घर ले गया। क्योंकि सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई चोरी करता नजर आ रहा है। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी मोहाली निवासी बलदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वाइन शॉप के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**चंडीगढ़।** थाना-सारगपुर क्षेत्र एरिया के अंतर्गत वाइन शॉप के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस बेसुध हालत में पड़े व्यक्ति को इलाज के लिए सेक्टर 16 के स्थान में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक अभी अज्ञात व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि पुलिस को मंगलवार अलसुबह करीब 2.30 बजे किसी राहगीर ने सूचना दी कि धनास स्थित एक वाइन शॉप के पास शव पड़ा है। मामले की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस बेसुध हालत में पड़े व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है।और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस मृत व्यक्ति की पहचान के लिए आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

# रंगबिरंगी राखियों से सज गए बाजार, 10 रुपए से लेकर 500 तक की राखी उपलब्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** 11 अगस्त को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते राखी का त्योहार मनाया जाएगा। इसके लिए शहर के बाजार सज गए हैं। रंगबिरंगी राखियों के स्टाल लगे हुए हैं। लोगों की चहल-पहल है। कोरोना महामारी के 2 साल बाद राखी के त्योहार पर इतनी भीड़ देखने को मिल रही है। बाजार में 10 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की राखी उपलब्ध है। लोगों में सोने और चांदी की महंगी राखियों का भी क्रेज़ दिख रहा है। सबसे ज्यादा भीड़ सेक्टर-22 की मार्केट में दिख रही है। इसके अलावा सेक्टर-15, सेक्टर-19, सेक्टर-41 के बाजारों में भी भारी भी? है। शहर के एक ज्वेलर ने बताया कि उनके यहां चांदी की राखी 1,500 रुपए से लेकर 8 से 9 हजार के बीच है। वहीं सोने की राखी 10 हजार रुपए से लेकर 45 से 50 हजार रुपए तक है।

**छोटे भाई के लिए कार्टून और बड़े के लिए स्टोन वाली राखी:** राखी खरीदने आई एक लड़की ने बताया कि उसे अपने छोटे भाई के लिए कार्टून वाली मिक्की माउस वाली राखी पसंद आई। कोरोना के बाद लगभग 2 साल बाद खुलकर राखी का त्योहार मना रहे हैं तो अच्छा लग रहा है। बड़े भाई के लिए स्टोन वाली राखी ढूंढ रही हूं। राखी थोड़ी महंगी हो तो भी फर्क नहीं पड़ता। साल में एक ही बार यह त्योहार आता है।

**दो साल बाद मिल रहा अच्छा रिस्पॉन्स:** शहर में राखी बेचने वाले एक दुकानदार ने बताया कि 2 साल बाद राखी पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। राखी इस बार लगभग 20 प्रतिशत महंगी है, इसके बावजूद लोगों में राखी का क्रेज़ है। बच्चों के लिए अलग-अलग कार्टून वाली राखियां बाजार में उपलब्ध हैं। इस बार 10 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की राखी उपलब्ध है। बच्चों के लिए कार्टून वाली राखी ज्यादा बिक रही है। वहीं राजस्थानी राखी भी बाजार में है।

### राखी का रेट मायने नहीं रखता, भाई का प्यार बना रहे

राखी खरीदने बाजार में आई लड़की ने बताया कि राखी हमारे देश का पारंपरिक त्योहार है। वह राखी खरीदते वक्त उसकी मीनाकारी भी देख रही है। भाइयों के लिए प्यार भरा धागा ही चाहिए। यह मायने नहीं रखता कि राखी कितनी महंगी है या कितनी सस्ती है। भाई से गिफ्ट मांगने के सवाल पर उन्होंने बताया कि भाई का साथ ही बहुत है।

### गोल्ड की राखियों का भी क्रेज

शहर के ज्वेलर ने बताया कि लगभग 2 साल बाद राखी पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। सोने और चांदी की राखी भी लोग खरीद रहे हैं। 18 और 22 कैरेट के सोने की राखी भी बिक रही हैं। चांदी की राखी का भी क्रेज़ है। हर रेंज में राखी उपलब्ध है। ज्वेलरी शॉप पर काम करने वाली सेल्स गर्ल ने बताया कि इस बार राखी के त्योहार पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। गोल्ड का रेट भी अभी स्थिर बना हुआ है। बजट के हिसाब से हर प्रकार की सोने-चांदी की राखी उपलब्ध है। कुछ लोग राखी पर कड़ा भी ले रहे हैं।

## अब फिर आयुष्मान योजना का लाभ ले सकेंगे लोग

# पंजाब ने पीजीआई को दिये 10.44 करोड़

■ योजना के तहत देनी थी कुल 16 करोड़ की राशि, छह करोड़ अभी भी बकाया

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** पंजाब सरकार ने आयुष्मान भारत स्कीम के तहत पीजीआई को महज 10.44 करोड़ रुपये ही दिये हैं। पंजाब सरकार को इसकी ऐवज में 16 करोड़ रुपये देने थे। यानि अभी भी करीब 6 करोड़ रुपये पंजाब सरकार ने देने हैं।

आयुष्मान स्कीम के तहत पंजाब के मरीजों का जो इलाज पीजीआई ने किया था, उसकी ऐवज में यह रकम पंजाब सरकार को संस्थान को देनी थी। जब रकम नहीं दी गई तो पीजीआई ने पंजाब के मरीजों का स्कीम के तहत इलाज करना बंद कर दिया हालांकि पीएम आफिस व स्वास्थ्य मंत्रालय के दखल के बाद इसे फिर शुरू कर दिया गया। मंगलवार को सरकार द्वारा लगभग 65 प्रतिशत रकम का भुगतान कर दिया गया है। पीजीआई के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. विपिन कौशल ने इसकी पुष्टि की है।

### पंजाब के 39.66 लाख परिवारों को मिलता है स्कीम का लाभ

अगस्त, 2019 में पंजाब सरकार ने आयुष्मान भारत स्कीम का लाभ पंजाब के 39.66 लाख परिवारों को देना शुरु किया था। पीजीआई प्रशासन को 5 अगस्त को पीएम आफिस व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्कीम का लाभ पंजाब के लोगों को देने के आदेश दिये गए थे। पीजीआई ने एक बार फिर से पंजाब के मरीजों को इस सेवा का लाभ देना शुरु कर दिया था। बीते सोमवार से जीएमसीएच 32 और जीएमएसएच 16 में भी मरीजों को इस योजना का लाभ देना शुरु किया जा चुका है। जीएमसीएच 32 में आयुष्मान भारत स्कीम के तहत पंजाब सरकार का कुल 2.26 करोड़ रुपए का बकाया है। वहीं दूसरी ओर जीएमएसएच 16 में लगभग ३ करोड़ रुपए की राशि का पंजाब ने भुगतान करना है। यहां बता दें कि चंडीगढ़ में पंजाब से रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं। शहर के तीनों बड़े अस्पतालों में ही पंजाब के लोग इलाज करवाते हैं। इस दौरान जिन मरीजों का आयुष्मान भारत स्कीम के तहत कार्ड है, उन्हें इसका लाभ मिलता है।

## स्वतंत्रता दिवस के 75वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस की पद यात्रा शुरू

■ चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष लक्की के नेतृत्व में सात दिनों तक चलेगी 'गौरव यात्रा'

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ कांग्रेस और चंडीगढ़ युवा कांग्रेस ने भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए पार्टी की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लकी के नेतृत्व में अगले 7 दिनों में रोज़ाना चलने वाली पदयात्राओं की पहली यात्रा का आयोजन किया। भारत माता की जय के नारों के बीच शाम सैकड़ों कांग्रेसियों ने सेक्टर 34 और 35 से मार्च निकाला. कांग्रेसियों ने निवासियों के बीच लड्डू बांटे, जिन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। आज का मार्च जिसे 'आज़ादी की गौरव यात्रा' और तिरंगा यात्रा का नाम दिया गया है, के देशव्यापी आयोजन का फैसला पार्टी के उदयपुर चिंतन शिविर के दौरान किया गया था। यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगे झण्डों को सम्मानपूर्वक लहराया गया और लगातार देशभक्ति के गीत बजाए गए। मार्च के दौरान सभी स्वतंत्रता सेनानियों, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने जीवन औ 'परिवारों को दांव पर लगा दिया और विदेशी शासकों के अत्याचारों का सामना बड़ी बहादुरी से किया, को याद किया गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी. इस अवसर पर महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू के चित्रों को मालाएं भी पहनायी गयी।

चंडीगढ़ कांग्रेस ने इस अवसर पर स्वतन्त्रता संग्राम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा की राष्ट्र विरोधी भूमिका को भी उजागर किया, जिन्होंने आज़ादी के परवानों के विरूद्ध जा कर अंग्रेजों का साथ दिया और सांप्रदायिक कारणों से स्वतंत्रता के संघर्ष का विरोध किया। लक्की ने चंडीगढ़ के लोगों से यात्रा में भाग लेने का भी आग्रह किया ताकि आज की युवा पीढ़ी भी भारत के गौरवशाली स्वतंत्रता संग्राम के अनुपम इतिहास से अवगत हो सके, जिसका नेतृत्व उस समय के कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने किया था।

# सेक्टर 45 साबरी मस्जिद में सादगी के साथ मनाया गया मुहर्रम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद के नवासों व हजरत अली 'शेर-ए-खुदा' के फरजंद बाबा हजरत हसन हुसैन का योम-ए-शहादत बड़ी अकीदत व सादगी से सैक्टर 45 की साबरी मस्जिद में मनाया गया। इस आयोजन की अगुवाई खलीफा नईम चिश्ती साबरी साहब ने की। कार्यक्रम में समाज के सभी भाईचारे के लोगों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर 'नेशनल मुस्लिम वैलफेयर मूवमेंट' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनवर अली, राष्ट्रीय महामंत्री अब्दुल रहमान व राज्य अध्यक्ष आजाद हसन साहब बाबा हजरत हसन हुसैन को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए डॉ. अली व खलीफा नईम साहब ने इनकी शहादत पर विस्तार से बातचीत की।

उन्होंने बताया कि हजरत हसन हुसैन ने यजीदी सेना के साथ लड़ते हुए धर्म की रक्षा के लिए अपनी शहदत दी थी। इस शहादत से सभी मुस्लिमों को मुल्क की एकता-अखंडता, आपसी भाईचारक सांझ को कायम रखने तथा नफरती ताकतों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया गया।

## राखी पर सीटीयू बसों में महिलाएं कर सकेंगी सफर

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** पिछले साल की तर्ज पर इस बार भी चंडीगढ़ प्रशासन ने 'रक्षा बंधन' के दिन यानी 11 अगस्त - को स्थानीय एसी और नॉन एसी सीटीयू बसों में महिलाओं को ट्राईसिटी में मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। लंबे रूट की सीटीयू बसों में यह सुविधा लागू नहीं होगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बुजुर्ग का शव

चंडीगढ़। सेक्टर 56 स्थित मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति को तुरंत सेक्टर 16 के अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान ब?माजरा के रहने वाले 65 वर्षीय हरिराम के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि बुजुर्ग व्यक्ति लेबर का काम करता था। मंगलवार को सेक्टर 56 एक घर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में बेसुध हालत में पड़ा मिला। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग पाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अगले दो तीन दिनों तक बारिश होने की कोई संभावना नहीं

■ -मानसून कमजोर होने से बनी है स्थिति: मौसम विभाग

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** ट्राईसिटी के पंचकूला, मोहाली और चंडीगढ़ में आने वाले दो तीन दिनों के बीच बारिश की कोई संभावना नहीं है। यह जानकारी मौसम विभाग के चंडीगढ़ निदेशालय की तरफ से देते हुए बताया गया है कि मानसून सक्रिय तो है किन्तु कहीं धूप तो कहीं छांप वाली स्थिति बनी है। इसलिए अभी दो तीन दिनों तक बारिश की संभावना क्षीण सी प्रतीत हो रही है। निदेशालय के प्रमुख डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि हालांकि आज यानि मंगलवार शाम तक चंडीगढ़ में शायद हल्की बारिश हो जाए, किन्तु इसका असर भी कहीं कहीं देखने को मिलेगा। पूरे शहर में छींटे भी नहीं पड़ेंगे।

**पंजाब के कुछ शहरों में तेज बारिश:** विभाग ने बताया कि पंजाब के पठानकोट और गुरदासपुर सहित उसके निकटवर्ती कुछ इलाकों में आज सुबह से अच्छी बारिश हुई है। किन्तु मानसूनी हवा चंडीगढ़ की तरफ नहीं पहुंच पाने से सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है। बता दें कि ट्राईसिटी में विगत तीन चार दिनों से कड़ाके की धूप हो रही है। कहीं कहीं हल्के बादलों का झुंड भी देखने को मिल रहा है, किन्तु उनमें उतना दम नहीं है कि बारिश करा सकें।

**घरेलू उपकरण हो रहे खराब:** वातावरण में अत्यधिक नमी के चलते ट्राईसिटी के लोग पसीने पसीने हो रहे हैं। घरों में तेज और ठंडी हवाएं देने वाले उपकरण भी इस माहौल में हांफते नजर आते हैं। ऐसे में अच्छी बारिश हो तभी गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।



## मोर्हरम

## इमाम हुसैन की याद में मनाया शोक

# मुस्लिम भाईचारे के लोगों ने शहर में निकाला ताजिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** शहर में मुस्लिम भाईचारे के लोगों द्वारा ताजिया निकाला गया। इस दौरान पैगंबर मोहम्मद के पोते हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातम निकाला गया। जाजिया में बड़ी संख्या में बच्चों ने भी भाग लिया। चंडीगढ़ में कई सेक्टरों में यह जाजिया निकला। इससे पहले शहर की मस्जिदों में मुस्लिम भाईचारे के लोगों ने नमाज अदा की और इमाम हुसैन की शहादत पर शोक मनाया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग धार्मिक झंडे के साथ तिरंगा भी लेकर चलते नजर आए। इस प्रकार से उन्होंने एक तरह राष्ट्रीय एकता को प्रकट किया। सेक्टर 20 और सेक्टर 45 की मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में जुटे हुए थे।

### मोर्हरम में दिखी भाईचारे की अनूठी मिसाल

**मनीमाजरा (मनीष)।** शहर के स्थित मोरी गेट में मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहर्रम पूर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रधान अब्बास ने बताया कि मनीमाजरा के मोहर्रम की खास बात यह है की हम सभी धर्म के लोग साथ में मिलकर यह मोहर्रम मनाते हैं और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हैं। इस मोहर्रम का जन समूह शहर के अलग-अलग हिस्सों से घूमता हुआ। ईदगाह पर समाप्त होता है। इस मौके पर शम्मी, मोहम्मद रमजान, लब्बू, सेठी, इंतजार, इस्तकार, जनता, साकिर आदि लोग मौजूद थे

### इसलिए मनाया जाता है मुहर्रम

इस्लाम के मुताबिक, पैगंबर मोहम्मद के पोते हजरत इमाम हुसैन को मुहर्रम के महीने में कर्बला की जंग में परिवार और दोस्तों समेत शहीद कर दिया गया था। कर्बला की जंग हजरत इमाम हुसैन और बादशाह यजीद की सेना के बीच हुई थी। मुहर्रम के महीने में 10वें दिन ही इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान की थी। बता दें कि मुहर्रम महीने के 10वें दिन मुहर्रम को मनाया जाता है। लगभग 1,400 साल पहले कर्बला में जंग हुई थी। इस दिन शिया समुदाय के लोग मातम मनाते हैं। मजलिस पढ़ते हैं और काले रंग के कपड़े पहनकर भूखे-प्यासे रहकर शोक व्यक्त करते हैं। वहीं सुन्नी समुदाय के लोग रोजा-नमाज करके अपना दुख जाहिर करते हैं।

सम्पादकीय

# बिहार में गठबंधन का टूटना

बिहार में भाजपा और जदयू की सरकार बनने के समय ही यह आशंका गहरा गई थी कि यह गठबंधन पांच साल शायद ही पूरे करेगा। जैसे किसी गाड़ी का एक पहिया बड़ा हो और एक छोटा। मजबूरी में जब तक चले, चलाते रहो, लेकिन आखिरकार वह हो गया जिसके लिए विपक्ष भी आंखें टिकाए इंतजार कर रहा था। बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा को 77 सीटें हासिल हुई थी, लेकिन जदयू को महज 45 सीटें ही नसीब हुई। दिक्कत यहीं से शुरू हुई थी, क्योंकि बिहार को अपना गढ़ समझने वाली जदयू को कम सीटें मिलने का मतलब था, भाजपा का शक्तिशाली होते जाना। राज्य में भाजपा ने अपने को मिली सर्वाधिक सीटें जीती लेकिन जदयू ज्यादातर सीटें हार गईं। बाद में मुख्यमंत्री का पद भी भाजपा को देने की बात आई थी, लेकिन इसके बावजूद पार्टी नेतृत्व ने गठबंधन धर्म को अपनाते हुए जदयू नेता नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनने दिया। सवाल यह है कि चुनाव में जिन्हें पानी पी-पीकर कोसा, अब जदयू उसी राजद के साथ मिलकर सरकार बनाने को तैयार है। राजद वही पार्टी है, जिसके राज में बिहार कराहता रहा और अब नीतीश कुमार अपनी राजनीतिक अतृप्ति में भाजपा से मोहभंग कर राजद, कांग्रेस और वामदलों के साथ सत्ता की खिचड़ी का सेवन करेंगे। क्या वास्तव में इस गठबंधन के बनने पर बिहार का विकास होगा? ऐसे आरोप फिर सामने आ सकते हैं कि बिहार में अपराध बढ़ गया और वह फिर जंगलराज बन गया।

**2024 के लोकसभा चुनाव पर क्या असर होगा। अगर नीतीश ने 2013 दोहराते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास 2024 में 2015 चुनाव नतीजे रिपीट होने से रोकने का क्या प्लान होगा। बिहार में लोकसभा की 40 और विधानसभा की 243 सीटें हैं।**

बिहार में गठबंधन की इस टूट के लिए अनेक कारण जिम्मेदार हैं। जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह को अकूत दौलत जमा करने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ राजनीतिक सरगर्मी की शुरुआत हुई। अब चर्चा शुरू हो गई है कि नीतीश कुमार एनडीए से अलग होकर अगर महागठबंधन की सरकार बनाते हैं तो इसका 2024 के लोकसभा चुनाव पर क्या असर होगा। अगर नीतीश ने 2013 दोहराते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास 2024 में 2015 चुनाव नतीजे रिपीट होने से रोकने का क्या प्लान होगा। बिहार में लोकसभा की 40 और विधानसभा की 243 सीटें हैं। बिहार विधानसभा की स्थिति समझें तो राजद के पास 80, भाजपा के 77, जदयू के 45, कांग्रेस के 19, लेफ्ट के 16 व तीन अन्य निर्दलीय हैं। मोकामा के विधायक अनंत सिंह के अयोग्य होने पर राजद के एक विधायक कम हुए हैं। वहीं लोकसभा में बिहार से भाजपा को 17, जदयू को 16 और एलजेपी (पशुपति पारस वाली) के 5, एलजेपी (चिराग पासवान वाली) के एक और कांग्रेस के एक सांसद हैं। लालू यादव की आरजेडी का एक भी सांसद नहीं है।

नए समीकरणों के बाद यह तय है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा और जदयू के बीच खींची दीवारें ऐसे ही बनी रहेंगी। तब नीतीश कुमार महागठबंधन के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव में जाते हैं तो इसे समझने के लिए 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव को देखना होगा। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजद, जदयू और भाजपा अलग-अलग मैदान में उतरी थी। साल 2014 में भाजपा 30 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, जिसमें उसने 22 सीटों पर जीत हासिल की। इसी तरह एनडीए घटक दल के रूप में एलजेपी ने 7 में से 6 पर जीत दर्ज की। कांग्रेस 12 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, उसे मात्र दो सीटों पर जीत हासिल हुई थी, जबकि 27 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले आरजेडी को मात्र 4 पर ही जीत हासिल हुई थी। जेडीयू 38 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन उसे 2 सीट पर ही जीत मिली। लेकिन 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार साथ आ गए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा के पूरी ताकत लगाने पर भी खास अच्छे नतीजे नहीं आए। जनता ने लालू-नीतीश की जोड़ी को पसंद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताबड़तोड़ रैलियों के बावजूद महागठबंधन को 243 में 178 सीटें आई थीं, जिसमें राजद के 80, जदयू के 71 और कांग्रेस के 27 विधायक जीते थे। वहीं पूरा एनडीए गठबंधन 58 सीटें ही जीत पाया था।

2005 के बाद बिहार में जीतने भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव हुए हैं उसके परिणाम से एक बात तो साफ है कि यहां जब भी दो बड़ी पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ती हैं तो जनता का समर्थन उसी को जाता है। इस लिहाज से देखें तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव मिलकर मैदान में उतरते हैं तो भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन को बड़ा झटका लग सकता है। केंद्र की राजनीति को समझें तो लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 और बिहार की 40 सीटें ही दिल्ली की सरकार तय करती हैं। क्योंकि इन दोनों राज्यों के सांसदों को मिलाकर ही 120 होते हैं। जबकि लोकसभा में पूर्ण बहुमत के लिए 272 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती है। इस वक्त यूपी से एनडीए के 66 सांसद हैं। वहीं बिहार से 39 यानी केवल इन दो प्रदेशों से मोदी सरकार को 105 सांसदों का समर्थन है। अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 सीटों में महागठबंधन 34 या 35 सीटें जीतता है और एनडीए 5 या 6 सीटों पर सिमटता है तो यह मोदी सरकार के लिए परेशानी की बात होगी।

नीतीश कुमार के इस साहस कि वजह भी यही है कि वे भाजपा से दूरी बनाकर नए साथी अपने साथ जोड़ रहे हैं। भाजपा के संबंध में यह कहा जा रहा है कि उसने गठबंधन का धर्म निभाने में कोताही बरती। हालांकि जिस प्रकार के घटनाक्रम राज्य में रहे हैं, उनकी अनदेखी करते हुए किसी दल विशेष को समर्पित होकर काम नहीं हो सकता। भाजपा को पिछले चुनावों के मुकाबले अगर इस बार ज्यादा सीटें हासिल हुई तो यह उसकी बढ़ती हुई लोकप्रियता का परिचायक है। राज्य की राजनीति अब किस करवट बैठेगी, यह जल्द ही तय होगा। हालांकि वर्ष 2024 का आम चुनाव इस बार खास हो सकता है।

# बांग्लादेश को बचाए भारत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**बांग्ला टका याने रुपए का दाम 20 प्रतिशत गिर गया है। इस देश में 16-17 करोड़ लोग रहते हैं लेकिन टैक्स भरनेवाले की संख्या सिर्फ 23 लाख है। इस साल तो वह और भी घटेगी।**

दैनिक अर्थ प्रकाश

श्रीलंका और पाकिस्तान की विकट आर्थिक स्थिति पिछले कुछ माह से चल ही रही है और अब बांग्लादेश भी उसी राह पर चलने को मजबूर हो रहा है। जिस बांग्लादेश की आर्थिक प्रगति दक्षिण एशिया में सबसे तेज मानी जा रही थी, वह अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोश के सामने पाकिस्तान की तरह झोली फैलाने को मजबूर हो रहा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भी ढाका का खाली चक्कर लगा लिया लेकिन इस समय बांग्लादेश इतने बड़े कर्ज में डूब गया है कि 13 हजार करोड़ रु. का कर्ज चुकाने के लिए उसके पास कोई इंतजाम नहीं है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ताइवान के मसले पर चीन को मक्ड़खन लगाने के लिए कह दिया कि वह 'एक चीन नीति' का समर्थन करता है लेकिन वांग यी ने अपनी जेब जरा भी ढीली नहीं की। अंतरराष्ट्रीय कर्ज चुकाने और विदेशी माल खरीदने के लिए हसीना सरकार ने तेल पर 50 प्रतिशत टेक्स बड़ा दिया है। रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीज़ों के दाम कम से कम 10 प्रतिशत बड़ गए हैं। लोगों की आमदनी काफी घट गई है। कोरोना की महामारी ने बांग्लादेश के विदेश व्यापार को भी धक्का पहुंचाया है। बांग्ला टका याने रुपए का दाम 20 प्रतिशत गिर गया है। इस देश में 16-17 करोड़ लोग रहते हैं लेकिन टैक्स भरनेवाले की संख्या सिर्फ 23 लाख है। इस साल तो वह और भी घटेगी।

अभी तक ऐसा लग रहा था कि पूरे दक्षिण एशिया में भारत के अलावा बांग्लादेश ही आर्थिक संकट से बचा है लेकिन अब वहां भी श्रीलंका की तरह जनता ने बगावत का झंडा थाम लिया है। ढाका के अलावा कई शहरों में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इसमें शक नहीं कि विरोधी नेता इन प्रदर्शनों को खूब हवा दे रहे हैं लेकिन असलियत यह है कि श्रीलंका और पाकिस्तान की तरह बांग्ला जनता भी अपने ही दम पर अपना गुस्सा प्रकट कर रही है। बांग्लादेश की मदद के लिए उससे गाड़ी मित्रता गांठनेवाला चीन भी दुबका हुआ है लेकिन शेख हसीना की सही सहायता इस समय भारत ही कर सकता है। पिछले 30 साल में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान ने 12 बार, श्रीलंका ने 6 बार और बांग्लादेश ने सिर्फ 3 बार कर्ज लिया है। भारत ने इन तीन दशकों में उससे कभी भी कर्ज नहीं मांगा है। भारत के पास विदेशी मुद्रा कोश पर्याप्त मात्रा में है। वह चाहे तो पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को अराजकता से बचा सकता है। इस समय इन देशों को धार्मिक आधार पर अपने परिवार का बतानेवाले कई मुस्लिम और बौद्ध राष्ट्र भी कन्नी काट रहे हैं। ऐसी विकट स्थिति में भारत इनका त्राता सिद्ध हो जाए तो पूरे दक्षिण और मध्य एशिया के 16 राष्ट्रों को एक बृहद् परिवार में गूंथने का काम भारत कर सकता है।

बोल ब्यूटीफुल

**ऋचा अनिरुद्ध**

भगोड़ श्रीकांत त्यागी के नोएडा की एक सोसायटी में अवैध निर्माण पर बुलडोलर तो चल गया, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि इतना अवैध निर्माण होने कैसे दिया गया? इतना कौन डरता था।

**यशंवत देशमुख**

बेटिया देश का माथा गर्व से ऊंचा कर रही है। उन्होंने एक के बाद एक पदकों की झड़ी लगा दी है। सोने पर सोना। साक्षी से लेकर नीतू और विनेश से लेकर निकहत और सिंधू के साथ ही उनके बीच मौजूद हर चैपिंयन को नमन्। हर बार जब भी जन–गण–मन बजता है तो हमार आंखें नम हो जाती है। हमारा भविष्य सुनहरा है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

# इस्पात संयंत्रों और माध्यमिक क्षेत्र के उद्योग के लिए बैठक

दैनिक अर्थ प्रकाश

केंद्रीय इस्पात और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कल एकीकृत इस्पात संयंत्रों और माध्यमिक इस्पात उद्योग के लिए गठित दो सलाहकार समितियों की बैठक की अध्यक्षता की। इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी बैठक में उपस्थित थे। इस्पात उद्योग, संघ के प्रख्यात सदस्य, शिक्षाविद, सरकार के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी इन समितियों के सदस्य हैं। कल संपन्न हुई इस पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ये समितियां इस्पात क्षेत्र से संबंधित महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगी।

समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का मंत्र निर्णय प्रक्रिया को सहभागी बनाना है। रसद, कोयला और खान, राज्य सरकारों आदि सहित विभिन्न अन्य क्षेत्रों के बीच व्यापक तौर पर आंतरिक संबंध है। सलाहकार समितियों के गठन का उद्देश्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और सीधे हितधारकों से कार्रवाई की संभावित प्रक्रिया सुनिश्चित करना है, जो इस्पात क्षेत्र की सफलता सुनिश्चित करेगा। दोनों सलाहकार समितियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निपटाए जाने वाले मुद्दों को चिन्हित किया गया।

श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने उद्योग जगत से सलाहकार समितियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया और कहा कि बैठकों की आवधिकता इस क्षेत्र के सामान्य मुद्दों को हल करने के लिए उद्योग की इच्छा पर निर्भर करेगी। श्री सिंधिया का धन्यवाद करते हुए समिति के सदस्यों ने समितियों के गठन के विचार का स्वागत किया और इस क्षेत्र के मजबूत विकास और राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 198.01 करोड़ से अधिक टीके प्रदान किये गए

राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पास अभी भी 7.18 करोड़ से अधिक अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल हुई खुराकें मौजूद हैं केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा विस्तृत करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। राष्ट्रव्यापी कोविड 19 टीकाकरण अभियान 16 जनवरी,2021 को प्रांरभ हुआ था। कोविड-19 के टीके को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून 2021 से शुरू किया गया था। टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके। देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका निर्माताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क प्रदान करेगी।

| **टीके की खुराकें** | **(9 अगस्त, 2022 तक)** |
|---|---|
| अब तक हुई आपूर्ति | 1,98,01,11,075 |
| शेष टीके | 7,18,16,770 |

केंद्र सरकार द्वारा अब तक निःशुल्क और सीधे राज्य सरकार खरीद माध्यमों से टीके की लगभग 198.01 करोड़ (1,98,01,11,075) खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई गई हैं। अभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास कोविड-19 टीके की 7.18 करोड़ (7,18,16,770) से अधिक अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल हुई खुराकें उपलब?ध है, जिन्हें लगाया जाना है।

# राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक कुल 206.88 करोड़ के टीके लगाए

- बीते चौबीस घंटों में 31,95,034 टीके लगाए गए।
- भारत में सक्रिय मरीजों की संख्या 1,31,807 है।
- सक्रिय मामलों की दर 0.30 प्रतिशत है।
- स्वस्थ होने की वर्तमान दर 98.51 प्रतिशत है।
- बीते चौबीस घंटों में 16,412 लोग स्वस्थ हुए,अब तक स्वस्थ हुए कुल लोगों की संख्या 4,35,16,071 है।
- पिछले 24 घंटों में 12,751 नए मामले सामने आए।
- दैनिक सक्रिय मामलों की दर 3.50 प्रतिशत है।
- साप्ताहिक सक्रिय मामलों की दर 4.69 प्रतिशत है।
- अब तक 87.85 करोड़ जांच की जा चुकी हैं,बीते चौबीस घंटों में 3,63,855 जांच की गई।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले का दिन

# जयपुर में बम फटा चार घायल

**जयपुर।** जनता कॉलोनी स्थित कब्रिस्तान में क सुबह हुए बम सुबह एक विस्फोट में चार बच्चे घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर। 11 वर्षीय जुगल कल सुबह कब्रिस्तान में कागज वगैरह बीन रहा था। वही पास खड़े तीन लड़कों ने बोतलों के बारे में जानकारी दी। इस पर जुगल पास में ही पड़ी बोतल तथा एक पव्वा उठा लाया। जुगल ने पव्वे को खोलने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाया। इस पर उसने सड़क पर पव्वे को फेंक दिया। पव्वे के फटते ही तेज धमाके के साथ विस्फोट हुआ। पास खड़े अब्दुल, नसीम, जहीर, अब्बास और अब्दुल वहीद घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपमहानिदेशक ए.एस. गिल, और पुलिस अधीक्षक हरिनारायण मीणा सहित गई अधिकारी मौके पर पहुंचे। अभी यह ज्ञात नहीं हो सका है कि यह पेट्रोल बम था किसी अन्य पदार्थ के कारण यह विस्फोट हुआ।

## 6 सुरक्षा कर्मियों सहित 12 व्यक्ति भून डाले

**चंडीगढ़।** पंजाब में विभिन्न घटनाओं में आतंवादियों ने 6 सुरक्षा कर्मियों सहित 2 व्यक्तियों को भूल डाला है। गुरदासपुर जिला के धारीवाल क्षेत्र में आतंकवादियों ने सुरक्षा कर्मियों की एक चौकी पर हल्ला बोल दिया जिसमें 6 सुरक्षा कर्मी मारे गए तथा 4 अन्य जख्मी हो गए।

आतंककारी भागते हुए सात राईफले तथा गोली बारूद भी ले गए। एक अन्य घटना में गुरदासपुर जिला के ही एक गांव में 2 भाई सहित 5 व्यक्तियों को गोली से उड़ा दिया गया।

# विविध

अजब दुनिया-गजब खबरें

## घर से अचानक गायब हो गया पालतू कुत्ता, आई हैरान करने वाली बात

घर में लोग अक्सर कुत्ते या बिल्ली पाल लेते हैं। पालतू जानवर घर के सदस्य जैसे होते हैं, जिन्हें घर में सब लोग प्यार करते हैं। इन जानवरों के खाने-पीने से लेकर सोने तक हर बातों का ख्याल रखा जाता है। जरा सोचिए जिस पालतू जानवर से आपको इतना लगाव हो और वो अचानक गायब हो जाए। स्वभाविक सी बात है आप उसे खोजना शुरू करेंगे और नहीं मिले तो परेशान हो जाएंगे। कुछ ऐसा ही एक महिला के साथ हुआ जब उनका पालतू कुत्ता अचानक गायब हो गया। जब कई घंटों तक उस कुत्ते के बारे में कुछ पता नहीं चला तब उन्होंने भी उसे खोजना शुरू किया।

दरअसल, यह घटना पुणे के कार्वे रोड की है। ट्विटर यूजर वंदना शाह ने इस अजीबोगरीब घटना के बारे में ट्वीट करते हुए बताया कि सोमवार की दोपहर वो उस वक्त हैरान रह गई जब उन्होंने देखा कि उनका पालतू कुत्ता %डोट्टू% कार्वे रोड से लापता है। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी का फुटेज देखना शुरू किया। फुटेज के मुताबिक डोट्टू को आखिरी बार वंदना के घर पर बने फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के परिसर में खेलते और घूमते हुए देखा गया। कई घंटों के बीत जाने के बाद भी जब डोट्टू का कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने पड़ोस में खोजना शुरू किया। पड़ोस में भी जब कुछ पता नहीं चला तो वंदना पुलिस स्टेशन गई। पुलिस ने वंदना को आश्वासन दिया कि वो उनके कुत्ते को जरूर खोजेंगे। इसके बाद वंदना डोट्टू को खोजते हुए घर के पास एक फूड आउटलेट पर गई। पूछताछ के दौरान फूड आउटलेट पर मौजूद लोगों ने डोट्टू को पहचान लिया और बताया कि उनका एक साथी उसे अपने साथ लेकर गया है। जब छानबीन की गई तो पता चला कि जो शख्स डोट्टू को ले गया है वो फूड डिलीवरिंग की सर्विस देने वाली कंपनी जोमैटो में काम करता है और उसका नाम तुषार है।

वंदना ने तुषार का मोबाईल नंबर लिया और उसे फोन कर डोट्टू के बारे में पूछा। तुषार ने यह बात स्वीकार कर ली की उसने ही डोट्टू को लेकर आया है। लेकिन जब उसे डोट्टू को वापस करने को कहा गया तो वो बहाने बनाने लगा। वंदना ने उसे इसके बदले पैसे देने का भी प्रस्ताव रखा लेकिन तुषार बहाना बनाते हुए कहा कि उसने डोट्टू को अपने गांव भेज दिया है। बात होने के कुछ ही देर बाद तुषार ने अपना फोन बंद कर दिया। इसके बाद वंदना ने अपने पालतू कुत्ते के लिए जोमैटो से शिकायत की।

वंदना की शिकायत पर जोमैटो ने तुरंत जवाब दिया। जोमैटो ने कहा कि ÷यह किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। कृपया अपने कॉन्टैक्ट डिटेल्स या ऑर्डर डिटेल्स भेजें और हमारी टीम में से कोई जल्द से जल्द आपसे संपर्क करेगा।÷ वहीं वंदना और उनके पति ने बताया कि पुलिस भले ही मदद करने का आश्वासन दिया है लेकिन उन्होंने शिकायत दर्ज करने से साफ मना कर दिया।

## इतिहास के झरोखे में आज का दिन

1809- इक्वाडोर को स्पेन से स्वतंत्र हुआ।

1822- सीरिया में विनाशकारी भूकंप से 20 हजार लोगों की मौत।

1831- कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस में च वाती तूफान से डेढ़ हजार लोगों की मौत।

1894- देश के चौथे राष्ट्रपति वी.वी.गिरी का जन्म।

1966- अमरीका ने अंतरिक्ष में रॉकेट उतारने की लिए उपयुक्त स्थान का चित्र लेने पहला अंतरिक्ष यान भेजा।

1962- स्पाइडरमैन कॉमिक बुक अमेजिंग फैंटेसी में नजर आया।

1977- ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ ने कड़ी सुरक्षा के बीच 11 साल के बाद उत्तरी ऑयरलैंड की यात्रा।

1979- उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 को प्रक्षेपित किया गया।

1990- तकरीबन 15 महीने की यात्रा के बाद अमेरिका का अंतरिक्ष यान मगैलन शुक्र ग्रह पर पहुंचा और उतरने के कुछ ही देर बाद उसका केलिफोर्निया स्थित संचालन केन्द्र से संपर्क टूट गया।

1995- प्रसिद्ध लेखक और व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का निधन।

2004- संयुक्त राष्ट्र और सूडान के बीच दारफुर कार्ययोजना पर हस्ताक्षर।

2008- चेन्नई की एक प्रयोगशाला में एंटी एड्स वैक्सीन का सफल परीक्षण किया गया।

2010- भारत ने उपग्रह स्थिति तंत्र आधारित विमान प्रचालन तंत्र गगन का सफल परीक्षण किया।

## 'ऐसा क्यों?'

डॉ. मुनिश्री प्रणामसागर जी द्वारा लिखित यह कृति 'ऐसा क्यों?' अनेक प्रश्नों के समाधान करने में सशक्त स्थान रखती है। सच्चाई है कि सामान्यजन हर रोज जो क्रियाएं करते हैं लेकिन इसके पीछे क्या कारण है, इसकी हमें जानकारी नहीं होती। मुनिश्री जी ने 'ऐसा क्यों?' कृति के माध्यम से स्पष्ट किया है कि जो सामान्यजन अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कार्य करता है उसका क्या मतलब है?

आचार्य 108 डा. श्री प्रणामसागर जी

# आम को फलों का राजा क्यों कहा जाता है?

आम का वृक्ष दैविक शक्ति सम्पन्न वनस्पति कायिक जीव है। इसकी जड़ों से लेकर तना बोर (फूल) से लेकर फल तक अद्‌भुत शक्ति का समावेश रहता है। धार्मिक पूजा-पाठ में समिधा के रूप में आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है।

मंगल कार्य में वंदन द्वार पर आम की पत्तियों की माला बनाई जाती है। मंगल कलश को पत्तों से सजाया जाता है और उन्हीं पत्तों द्वारा जल को सिंचन किया जाता है, वैज्ञानिक पद्धति से आम्र पत्र ऊर्जावान है।

इसके पत्तों का कभी पतझड़ नहीं होता। इसके साथ फाल्गुन माह के समापन और चैत्र मास के शुभारंभ में जैसे ही वृक्षों पर फूल (बोर) आते हैं, उसके सम्मान में कोयल भी मधुर स्वर में कुहू-कुहू करके प्रकृति को आम आने का संदेश सुनाती है और चैत्र मास में ही फूल आम के रूप में फलीभूत हो जाते हैं, क्योंकि यह आम भी दैविक शक्ति के आने का संदेश सुनाता है। चैत्र मास हिंदुस्तान का नव मास है। इस माह की चैत्र कृष्ण नवमी के शुभ दिन आदिनाथ भगवान का जन्म अयोध्या नगरी में हुआ।

चैत्र कृष्ण नवमी को वीतराग प्रभु राम ने अयोध्या में जन्म लिया। चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन भगवान महावीर स्वामी ने कुण्डलपुर में जन्म लिया और चैत्र शुक्ल पूर्णमासी के दिन वन में कामदेव भगवान का जन्म हुआ। आम फल ने जगत का उद्धार करने वाले महापुरुषों को अपने भीतर समाहित करके फलों का राजा होने का सम्मान पाया है क्योंकि आम के दोनों अक्षरों में भगवान का नाम समाया है।

'अ' कहने से आदिनाथ हो जाता है और 'म' अक्षर भगवान महावीर स्वामी की याद दिलाता है। आदि से अंतिम तीर्थंकरों की आध्यात्मिक शक्ति का स्वाद आम हमें दिलाता है। इसी कारण आम को फलों का राजा कहकर पहचाना जाता है।

## पंचांग

**बुधवार, अगस्त 10, 2022**

सूर्योदय 05.50 ए एम, सूर्यास्त 07.21 पी एम, चन्द्रोदय 06.23 पी एम, चन्द्रास्त 04.30 ए एम, अगस्त 11 शक सम्वत 1944 शुभ कृत्विक्रम सम्वत 2079 राक्षस, गुजराती सम्वत 2078 प्रमादी, अमान्त महीना श्रावण, पूर्णिमान्त महीना श्रावण, वार बुधवार, पक्ष शुक्ल पक्ष, तिथि त्रयोदशी - 02.15 पी एम तक, नक्षत्र पूर्वाषाढा - 09.40 ए एम तक, योग प्रीति - 07.36 पी एम तक, करण तैतिल - 02.15 पी एम तक, द्वितीय करण गर - 12.27 ए एम, अगस्त 11 तक, सूर्य राशि कर्क, चन्द्र राशि धनु - 02.58 पी एम तक, राहुकाल 12.36 पी एम से 02.17 पी एम, गुलिक काल 10.54 ए एम से 12.36 पी एम, यमगण्ड 07.32 ए एम से 09.13 ए एम, अभिजित मुहूर्त कोई नहीं दुर्मुहूर्त12.09 पी एम से 01.03 पी एम, अमृत काल 01.13 ए एम, अगस्त 11 से 02.38 ए एम, अगस्त 11 वर्ज्य 04.44 पी एम से 06.09 पी एम।

# आज से इन राशियों की बदल सकती है तकदीर, मंगलदेव की होगी कृपा

**ज्योतिष** शास्त्र में मंगल राशि परिवर्तन का विशेष महत्व है। मंगल ग्रह को साहस, शौर्य व पराक्रम का कारक माना गया है। मंगल ग्रह 10 अगस्त 2022, बुधवार को रात 09 बजकर 43 मिनट पर वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। वृष राशि में मंगल 14 अक्टूबर 2022 दिन शुक्रवार तक रह कर अपना प्रभाव स्थापित करेंगे। शुक्रदेव की राशि वृषभ में मंगल के गोचर करने से राहु के साथ उनकी युति खत्म हो जाएगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगल ग्रह की जिन राशियों पर कृपा होती है, उनका जीवन सुख-समृद्धि से भरपूर होता है। जानें मंगल गोचर का किन राशियों पर पड़ेगा शुभ प्रभाव :

**वृषभ :** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगल का गोचर वृषभ राशि वालों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपको किसी वाद-विवाद से छुटकारा मिल सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को सफलता मिल सकती है। इस दौरान कार्यस्थल पर आपकी प्रशंसा हो सकती है।

**23 अक्टूबर तक इन राशि वालों को मिलेगी तरक्की, वक्री शनि से होगा लाभ ही लाभ :**

**कर्क :** मंगल राशि परिवर्तन से कर्क राशि वालों की आर्थिक उन्नति हो सकती है। नौकरी पेशा करने वाले जातकों को प्रमोशन मिलने के आसार हैं। रोजगार की तलाश कर रहे जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है। पुराने कर्ज से मुक्ति मिल सकती है।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए मंगल गोचर लाभकारी साबित हो सकता है। मंगलदेव की कृपा से आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। परिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। निवेश के लिए यह समय उत्तम रहेगा।

**10 अगस्त से इन राशियों की बदल सकती है तकदीर, मंगलदेव की होगी कृपा**

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए मंगल गोचर शुभ रहेगा। यह समय आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। आपकी आय में वृद्धि होगी। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफल होंगे।

# कष्ट दूर करेंगे श्री गणेश के 108 नाम

**भगवान** शिव ने गणेश जी को आशीर्वाद दिया था कि जब पूजा होगी तो सबसे पहले आपका ही स्मरण होगा, इसलिये ही उन्हें प्रथम पूज्य कहा जाता है। गजानन महाराज के 108 नामों को गणेश नामावली कहते हैं। इस नामावली का जाप करने से मंगलमूर्ति समस्त कष्टों को दूर करते हैं।

1. बालगणपति : सबसे प्रिय बालक
2. भालचन्द्र : जिसके मस्तक पर चंद्रमा हो
3. बुद्धिनाथ : बुद्धि के भगवान
4. धूम्रवर्ण : धुंए को उड़ाने वाले
5. एकाक्षर : एकल अक्षर
6. एकदन्तः एक दांत वाले
7. गजकर्ण : हाथी की तरह आंखों वाले
8. गजाननः हाथी के मुख वाले भगवान
9. गजवक्र : हाथी की सूंड वाले
10. गजवक्त्रः हाथी की तरह मुंह है
11. गणाध्यक्ष : सभी जनों के मालिक
12. गणपति : सभी गणों के मालिक
13. गौरीसुत : माता गौरी के बेटे
14. लम्बकर्ण : बड़े कान वाले देव
15. लम्बोदर : बड़े पेट वाले
16. महाबल : अत्यधिक बलशाली
17. महागणपति : देवादिदेव
18. महेश्वरः सारे ब्रह्मांड के भगवान
19. मंगलमूर्ति : सभी शुभ कार्यों के देव
20. मूषकवाहन : जिनका सारथी मूषक है
21. निदीश्वरम : धन और निधि के दाता
22. प्रथमेश्वर : सब के बीच प्रथम आने वाले
23. शूपकर्ण : बड़े कान वाले देव
24. शुभम : सभी शुभ कार्यों के प्रभु
25. सिद्धिदाताः इच्छाओं और अवसरों के स्वामी

26. सिद्दिविनायक : सफलता के स्वामी
27. सुरेश्वरम : देवों के देव।
28. वक्रतुण्ड : घुमावदार सूंड वाले
29. अखूरथ : जिसका सारथी मूषक है
30. अलम्पता : अनन्त देव।
31. अमित : अतुलनीय प्रभु
32. अनन्तचिदरुपम : अनंत और व्यक्ति चेतना वाले
33. अवनीश : पूरे विश्व के प्रभु
34. अविघ्न : बाधाएं हरने वाले।
35. भीम : विशाल
36. भूपति : धरती के मालिक
37. भुवनपतिः देवों के देव।
38. बुद्धिप्रिय : ज्ञान के दाता
39. बुद्धिविधाता : बुद्धि के मालिक
40. चतुर्भुजः चार भुजाओं वाले
41. देवादेव : सभी भगवान में सर्वोपरि
42. देवांतकनाशकारीः बुराइयों और असुरों के विनाशक
43. देवव्रत : सबकी तपस्या स्वीकार करने वाले
44. देवेन्द्राशिक : सभी देवताओं की रक्षा करने वाले
45. धार्मिक : दान देने वाले
46. दूर्जा : अपराजित देव
47. द्वैमातुर : दो माताओं वाले
48. एकदंष्ट्रः एक दांत वाले
49. ईशानपुत्र : भगवान शिव के बेटे
50. गदाधर : जिनका हथियार गदा है
51. गणाध्यक्षिण : सभी पिंडों के नेता
52. गुणिनः सभी गुणों के ज्ञानी
53. हरिद्र : स्वर्ण के रंग वाले
54. हेरम्ब : मां का प्रिय पुत्र
55. कपिल : पीले भूरे रंग वाले
56. कवीश : कवियों के स्वामी
57. कीर्ति : यश के स्वामी
58. कृपाकर : कृपा करने वाले
59. कृष्णपिंगाश : पीली भूरी आंख वाले
60. क्षेमंकरी : माफी प्रदान करने वाला
61. क्षिप्रा : आराधना के योग्य
62. मनोमय : दिल जीतने वाले
63. मृत्युंजय : मौत को हराने वाले
64. मूढ़ाकरम : जिनमें खुशी का वास होता है
65. मुक्तिदायी : शाश्वत आनंद के दाता
66. नादप्रतिष्ठित : जिन्हें संगीत से प्यार हो
67. नमस्थेतु : सभी बुराइयों पर विजय प्राप्त करने वाले
68. नन्दनः भगवान शिव के पुत्र
69. सिद्धांथः सफलता और उपलब्धियों के गुरु
70. पीताम्बर : पीले वस्त्र धारण करने वाले
71. प्रमोद : आनंद 72. पुरुष : अद्भुत व्यक्तित्व
73. रक्त : लाल रंग के शरीर वाले
74. रुद्रप्रिय : भगवान शिव के चहेते
75. सर्वदेवात्मन : सभी स्वर्गीय प्रसाद के स्वीकर्ता
76) सर्वसिद्धांत : कौशल और बुद्धि के दाता
77. सर्वात्मन : ब्रह्मांड की रक्षा करने वाले
78. ओमकार : ओम के आकार वाले
79. शशिवर्णम : जिनका रंग चंद्रमा को भाता हो
80. शुभगुणकानन : जो सभी गुणों के गुरु हैं
81. श्वेता : जो सफेद रंग के रूप में शुद्ध हैं
82. सिद्धिप्रिय : इच्छापूर्ति वाले
83. स्कन्दपूर्वज : भगवान कार्तिकेय के भाई
84. सुमुख : शुभ मुख वाले
85. स्वरूप : सौंदर्य के प्रेमी
86. तरुण : जिनकी कोई आयु न हो
87. उद्दण्ड : शरारती
88. उमापुत्र : पार्वती के पुत्र
89. वरगणपति : अवसरों के स्वामी
90. वरप्रद : इच्छाओं और अवसरों के अनुदाता
91. वरदविनायकः सफलता के स्वामी
92. वीरगणपति : वीर प्रभु
93. विद्यावारिधि : बुद्धि के देव
94. विघ्नहर : बाधाओं को दूर करने वाले
95. विघ्नहर्त्ताः विघ्न हरने वाले
96. विघ्नविनाशन : बाधाओं का अंत करने वाले
97. विघ्नराज : सभी बाधाओं के मालिक
98. विघ्नराजेन्द्र : सभी बाधाओं के भगवान
99. विघ्नविनाशाय : बाधाओं का नाश करने वाले
100. विघ्नेश्वर : बाधाओं के हरने वाले भगवान
101. विकट : अत्यंत विशाल
102. विनायक : सब के भगवान
103. विश्वमुख : ब्रह्मांड के गुरु
104. विश्वराजा : संसार के स्वामी
105. यज्ञकाय : सभी बलि को स्वीकार करने वाले
106. यशस्कर : प्रसिद्धि और भाग्य के स्वामी
107. यशस्विन : सबसे प्यारे और लोकप्रिय देव
108. योगाधिप : ध्यान के प्रभु

# प्यार वाला पहलू कभी कमजोर न हो

सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज | निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी

**ईद** के दिन गले मिला जाता है, ईद मुबारक दी जाती है। एक दूसरे से हम मिलते हैं और ईद मुबारक देते हैं। इसी तरह ये महापुरुष-संतजन भी गले लगाते हैं, दूसरों को प्यार देते हैं। अपनत्व की भावना उनके अन्दर काम करती है। बेगानेपन का भाव उनके अन्दर नहीं होता। वो इस अवस्था में रहकर ऐसा जीवन जीते हैं तो फिर क्या वो सच्चे मायने में राम जी के पैरोका हैं कि नहीं, वो कृष्ण जी के पैरोकार है कि नहीं, वो हज़रत ईसा मसीह जी के पैरोकार हैं कि नहीं, वो हज़रत मोहम्मद साहब जी के पैरोकार हैं कि नहीं, वो श्री गुरु नानक देव जी के पैरोकार हैं कि नहीं?

वास्तविकता में वो ही हैं जो इस तरह से संसार में विचरण करते हैं। वो ही सच्चे मायनों में सच्चे पैरोकार होते हैं। उनमें अपनापन है, उनमें बेगानापन नहीं है। तो इस तरह से आप भक्तजन संसार की यात्रा तय कर रहे हैं। इस प्यार के साथ जीवन जीने का जो ढंग हे वो प्राप्त हुआ है और उसी के अनुसार आप ये सफर तय करते चले जा रहे हैं। दातार कृपा करें कि यह पहलू हमारे जीवन में मजबूत रहे। यह प्यार वाला पहलू कभी कमजोर न हो। इसे हम ऐसे ही मजबूत बनाये रखें। हम एक-दूसरे का आदर-सत्कार करने वाला भाव प्रबल रखें। ये पहलू कभी कमजोर न हो क्योंकि अक्सर संसार में विचरण करते हैं तो कहीं न कहीं, किसी न किसी रुप में कोई न कोई पहलू कमजोर हो जाता है। इसलिए महापुरुष सन्तजन यही कहते हैं कि हमें मजबूती रखनी है, हमें कमजोरी नहीं आने देनी। हर पहलू जो लाभदायक है, उसे हमने कमजोर नहीं होने देना कभी भी विपरीत भाव मन में नहीं आने देना, अगर आ भी जाता है तो उसे टिकने नहीं देना है। यह उस तरह नहीं है कि एक बार घर में आ गया तो ठिकाना बना लिया फिर जाना ही नहीं। नहीं, जो नुकसान वाला पहलू है उसे अपने मन में टिकने नहीं देना है।

जिस तरह हमारे शरीर में कोई कांटा चूभ जाये और वह चुभा रहे तो फिर हम यह नहीं कहते कि नहीं जी, चुभा रहने दो। हम उसी वक्त से निकालने की प्रक्रिया शुरु कर देते हैं। हमारी आंख में जरा सा भी कोई कण (तिनका) पड़ जाये तो हम यह नहीं कहते कि कोई नहीं, घंटे भर बाद निकाल लेंगे। हम जेब से रुमाल निकालते हैं और आँख खोलकर षुरु हो जाते हैं। हाथ के उंगलियों के सहारे उसको निकालने के यत्न शुरु कर देते हैं। इस तरह से जितने भी नुकसान वाले भाव हैं, हमें उन्हें टिकने नहीं देना है। अगर हवाके साथ उड़कर कहीं से आ भी गये हैं तो उसे जल्द से जल्द मन से बाहर निकालना है। हम कहते हैं कि हमने उसे बाहर कादरवाजा दिखा दिया है- कि जा बाहर जा। तो इस तरह से अपने मनों में ऐसी मजबूती हो और हम विपरीत भवनाओं को कोई स्थान न दें। अगर वो आ भी गये हैं तो उसे भेज दें, उसे ठिकाना न बनाने दें, उसे अपनी जड़ न जमाने दें ।

## भविष्य फल

**मेष :** गलतफहमी और लगातार असहमति परिवारिक माहौल को निराशाजनक बना सकती है। यह स्थिति आपको तनावग्रस्त कर सकती है। भाग्यशाली संख्या : 9

**वृष :** आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। आपकी सेहत बेहतर बनी रहेगी। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे। भाग्यशाली संख्या : 6

**मिथुन:** बिजनेस और नौकरी में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सोच-समझकर बोलें। उन्नति के रास्ते खुलेंगे। भाग्यशाली संख्या : 5

**कर्क :** आज पारिवारिक समस्याओं से मन विचलित हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि के योग हैं। भाग्यशाली संख्या : 4

**सिंह :** इस माह आपको भाग्य के साथ शानदार परिणाम मिलेंगे। आप प्रभावशाली लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे। भाग्यशाली संख्या : 4

**कन्या :** करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। अपने कार्यों में संतान से पूरी मदद मिलेगी। भाग्यशाली संख्या : 6

**तुला :** कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। अपने काम पर पूरी नजरे रखें। अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। भाग्यशाली संख्या : 3

**वृश्चिक :** आज आपकी घरेलू जिम्मेदारियों में धन खर्च होने की संभावना है, प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। भाग्यशाली संख्या : 8

**धनु :** आर्थिक रूप से यह बहुत अच्छी अवधि है। व्यापारी वर्ग वांछित परिणाम प्राप्त करेंगे और अपने कार्य क्षेत्र में अपने लिए जगह बनाएंगे। भाग्यशाली संख्या : 8

**मकर :** पारिवारिक मामलों में आपको भागदौड़ करनी पड़ेगी। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। भाग्यशाली संख्या : 4

**कुंभ :** बिजनेस में आत्मनिर्भरता रहेगी। नए लोगों से कॉन्टैक्ट बनेंगे। कामकाज बढ़ेगा। साथ के लोगों से सहयोग मिल सकता है। भाग्यशाली संख्या : 9

**मीन :** अपने परिवार के साथ रुखा व्यवहार न करें। यह पारिवारिक शान्ति को भंग कर सकता है।मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखे। भाग्यशाली संख्या : 5

**पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला**

## मुद्दा

# हंगामेदार है इस बार हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र

**हरियाणा** में रंगदारी के लिए कांग्रेस और भाजपा के विधायकों को फ़ोन पर धमकियां देने के मामले में विपक्ष की तरफ से विधानसभा के मानसून सत्र में खट्टर सरकार की घेरेबंदी की जा रही है। कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सदन में चर्चा के लिए विपक्ष की तरफ से बहुत से प्रस्ताव दिए गए हैं। विपक्ष के आरोपों का जवाब देने का सारा दारोमदार मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और गृह मंत्री अनिल विज पर है। सत्ता पक्ष की तरफ से भी ऐसे प्वाइंट बनाए गए हैं, जिनके जरिए विपक्ष पर हमला बोला जा रहा है. जाहिर है, इस बार विधानसभा का मानसून सत्र बहुत ही हंगामेदार है।

इस बीच हरियाणा के छह विधायकों को धमकी भरी कॉल और रंगदारी मांगने के मामले में पाकिस्तान कनेक्शन सामने आने पर सरकार सतर्क हो गई है। सभी नब्बे विधायकों और दस वरिष्ठ अधिकारियों को उस लिस्ट में शामिल किया गया है. जिनके नंबर और नाम सीधे डायल-112 के साथ जोड़ दिए गए हैं।

एडीजीपी प्रशासन, टेलीकॉम और सूचना प्रौद्योगिकी ए.एस. चावला के मुताबिक इस सूची में शामिल विधायकों, अधिकारियों के नंबर सर्वर पर फीड कर दिए गए हैं. वरिष्ठ अधिकारियों में मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय के टॉप अफसर, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह, डीजीपी, एडीजीपी, सीआईडी इत्यादि शामिल हैं. एडीजीपी चावला खुद इस प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रहे हैं. नोडल अधिकारियों के साथ ट्रायल सफल रहा है।

गृह मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार विधायकों व वरिष्ठ अधिकारियों को उच्च प्राथमिकता सूची में शामिल किया है। मोबाइल फोन से पांच मिनट में पांचवीं बार डायल-112 पर कॉल हुई तो 8 दबाने की जरूरत नहीं होगी। स्वत कॉल सर्वर पर चली जाएगी। 8 नंबर दबाने का प्रावधान इसलिए किया गया है, चूंकि पावर बटन तीन बार दबने पर सीधे 112 पर कॉल चली जाती है। यह कई बार अनचाहे भी हो जाता है. अब 8 दबने पर ही सर्वर पर अनचाही कॉल जाएगी और यह रिकॉर्ड भी होगी।

### विपक्ष घेरेगा सरकार को

**हरियाणा** में अब तक सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, सफीढ़ों से कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली, सोहना से कांग्रेस विधायक संजय सिंह, सढौरा से कांग्रेस विधायक रेणु बाला, फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान और आदमपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक कुलदीप बिश्नोई को धमकी भरे फ़ोन मिल चुके हैं। इन विधायकों को धमकी भरे यह फ़ोन रंगदारी के लिए किए गए थे।

विधायकों को धमकियां मिलने के बाद से अन्य लोगों ने भी अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए सचिवालय की दौड़ लगाई है. विधायकों की तरफ से सरकार के उच्च अधिकारियों से मिलकर सुरक्षा कर्मी जवानों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा जा रहा है. सरकार की तरफ से अब यह जानकारी जुटाई जा रही है कि विधायकों को कितने सुरक्षाकर्मी पुलिस व सीआईडी से मिले हुए हैं और किसको कितने सुरक्षाकर्मियों की और जरूरत है।

विधानसभा के मानसून सत्र में विधायकों को धमकियां देने के अलावा राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और खनन माफिया के हाथों डीएसपी सुरेंद्र सिंह की मौत का मामला भी उठाया जाएगा। विपक्षी दलों, कांग्रेस और इनेलो की तरफ से इस मुद्दे पर तैयारी की जा रही है. विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा भी है कि इन मसलों को लेकर खट्टर सरकार को घेरा जाएगा।

### दबोचे गए धमकियां देने वाले

हालांकि, इस बीच विधायकों को रंगदारी के लिए बार-बार जान से मारने की धमकियां देने के मामले में स्पेशल टास्क फ़ोर्स (एसटीएफ) ने छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बिहार के दुलेश आलम, अमित यादव, सद्दीक अनवर, कैश आलम और मनोज कुमार हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के बदरे आलम भी गिरफ्तार किए जाने वालों में शामिल हैं. इनमें दो आरोपियों को मुंबई से पकड़ा गया है।

एसटीएफ ने एक रणनीति के तहत रंगदारी मांगे वालों से पैसे देने के लिए उनके बैंक खाता नंबर और मोबाइल नंबर मांगे थे। इन नंबरों का पता लगाने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें छापामारी के लिए मुंबई और बिहार भेजी गई थीं। पकड़े गए आरोपियों से 55 एटीएम कार्ड, 24 मोबाइल फोन, 56 मोबाइल सिम, 22 पासबुक व चेकबुक, तीन डायरी और 3 लाख 97 हजार रुपए की राशि बरामद की है।

आरोपियों की गिरफ्तारी में एसटीएफ को मुंबई अपराध शाखा और बिहार पुलिस का भी पूरा सहयोग मिला। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों से 10 ऐसे पाकिस्तान मे रहने वाले व्यक्ति यों का भी पता लगा है, जिनके जरिए विधायकों और दूसरे लोगों को धमकियां दिलवा कर रंगदारी मंगवाई जाती थी।

मिडिल ईस्ट देशों के अलग-अलग मोबाइल नम्बरों से विधायकों को जान से मारने की धमकी दे कर यह लोग पैसों की वसूली करते थे। तफ्तीश से यह भी पता चला है कि पाकिस्तान में बैठे लोग मिडिल ईस्ट देशों के नंबरों से फ़ोन पर धमकियां देते थे। पंजाब के पूर्व विधायकों को भी इन्हीं नंबरों से धमकियां दी गई थीं। इन सभी विधायकों से अलग-अलग भाषा, चैट या बातचीत की गई थी. बातचीत में मुम्बइया स्टाइल या पंजाबी भाषा का भी इस्तेमाल किया जाता था।

एसटीएफ के आईजी सतीश बालन ने बताया कि करीब 15 दिन चले इस ऑपरेशन में केंद्रीय एजेंसी का भी सहयोग लिया गया। डीजीपी प्रशांत कुमार अग्रवाल खुद भी इस मामले की निगरानी में लगे हुए थे। जांच से यह साफ़ हो गया है कि धमकियां देने वालों का किसी आतंकी या आपराधिक गैंग से कोई वास्ता नहीं है। यह प्रोफेशनल आर्थिक फ्रॉड करने वाले बहुत चालाक लोगों का गैंग है, जिनके साथी पाकिस्तान, मिडिल ईस्ट और भारत में बैठे हुए हैं।

### खनन माफिया से जुड़े आरोपी गिरफ्तार

**उधर,** खनन माफिया के हाथों डीएसपी सुरेंद्र सिंह की मौत के मामले में भी पुलिस ने खनन माफिया से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तावडू क्षेत्र के डीएसपी सुरेंद्र सिंह को नूंह जिले के पचगांव पहाड़ी क्षेत्र में डंपर से कुचल कर मार दिया गया था। डंपर चालक शब्बीर और क्लीनर इक्क र को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जाबिद उर्फ़ बिल्ला, भुरु उर्फ़ तौफीक, लंबू उर्फ़ ईशुफ और अशरू उर्फ़ असरूदीन शामिल हैं। इनमें जाबिद और लंबू राजस्थान में अलवर जिले में चौपानकी के रहने वाले हैं, जबकि भुरु और अशरू हरियाणा में मेवात क्षेत्र के नूंह जिले के ही रहने वाले हैं. डीएसपी सुरेंद्र सिंह को खनन माफिया ने 19 जुलाई को मौत के घात उतार दिया था।

डीएसपी सुरेंद्र सिंह निरीक्षण के लिए पचगांव गए थे कि उन्हें डंपर से कुचल दिया गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि उनके गनमैन और ड्राइवर किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाने में कामयाब हो गए थे।

नूंह के एसपी वरुण सिंगला के मुताबिक मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ चल रही है। इस दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जिले में 236 वाहनों का चालान किया गया है।. माइनिंग एक्ट के तहत 60 वाहन जब्त किए गए हैं. इसके अलावा सीआरपीसी के तहत भी 27 वाहनों को जब्त किया गया है। बहरहाल, देखना यह होगा कि विपक्ष के सवालों का खट्टर सरकार किस तरह से सामना करती है. विपक्ष संतुष्ट होता है या नहीं। आम लोगों को भी इस सत्र के दौरान यह पता लग जाएगा कि उनकी सुरक्षा को लेकर भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की क्या योजनाएं हैं? यह भी कि अपराध रोकने की दिशा में और क्या नए कदम उठाए जा रहे हैं।

**प्रस्तुति : सुमित्रा**

## न्यूज़ ब्रीफ

### सैनिकों के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन 13 को

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** अपने सामाजिक दायित्व और कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शिवानन्द चौबे मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सैनिकों के सम्मान में आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव और रोहित कुमार चौबे के जन्मदिन के अवसर पर 13 अगस्त दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से लेकर शाम को 3 बजे तक रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसाइटी रिसोर्स सेंटर, सेक्टर 37 में छब्बीसवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। संजय कुमार चौबे ने युवाओं तथा शहर के सभी सामाजिक संस्थाओं से अपील किया कि वे इस नेक काम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और किसी की अमूल्य ज़िंदगी बचाने में अपने सामाजिक भागीदारी का निर्वहन करे। सरोज चौबे ने कहा की हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है, और हमारा रक्तदान शिविर लगाने का मकसद भी उन मरीज़ों की मदद करना है जिनकी रक्त की कमी से ज़िंदगी की डोर कमजोर पड़ जाती है। आइये हम सब संकल्प करें की आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर सैनिकों के सम्मान में आयोजित रक्तदान महादान जैसे पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी जरूर सुनिश्चित करेंगे।

### दरिया पुलिस चौकी में मनाया आज़ादी का अमृत महोत्सव

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** दरिया पुलिस चौकी में स्थानीय निवासियों ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया। इसके अलावा क्षेत्र में अपराधों में उल्लेखनीय कमी पर चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों को फूल दे कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सक्सेस कोचिंग एन्ड कंप्यूटर सेंटर के संचालक विनय सिंह ने बताया कि इलाके में पहले नशे व अपराध का काफी बोलबाला था परन्तु नए प्रभारी ने ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपना कर स्थानीय निवासियों को राहत प्रदान की है।

### मनीमाजरा में आज जोन लेवल निरंकारी समागम, तैयारियां पूरी

**मनीमाजरा (अप्रस)।** संत निरंकारी सत्संग भवन मौली जागरां मनीमाजरा में बुधवार को जोन लेवल का समागम होने जा रहा है। इस समागम में शामिल होने के लिए पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालु चंडीगढ़ पहुंचें। इस समागम को लेकर स्थानीय निरंकारी श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से सेवा की और मैदान को साफ कर समागम के लिए उपयुक्त बनाया। इस बारे में संत निरंकारी मिशन मनीमाजरा ब्रांच के इंचार्ज अमरजीत सिंह ने बताया कि बुधवार को मनीमाजरा सत्संग भवन में शाम को एक जोन लेवल समागम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नॉर्थ जोन के जोनल इंचार्ज एचएस चावला विशेष रूप से चंडीगढ़ आ रहे है। इस समागम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। समागम के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समागम की तैयारियां बहुत जोर शोर से की जा रही है। जिसमें मनीमाजरा के प्रबंधक महात्मा के साथ साथ सेवादल भी पुरे जोश से सेवा कर रहा है। मैदान को साफ किया गया। इस समागम के आयोजन में प्रशासन, नगर निगम और पुलिस द्वारा भी पुरा सहयोग मिल रहा है।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत नाटक का मंचन

**रायपुर रानी, (अप्रस)।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक स्थलों पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में बीडीपीओ कार्यालय रायपुर रानी में यातायात नियमों का पालन करने, पौधारोपण करने बारे नाटकों का सफल मंचन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमे मुख्यातिथि के तौर पर रायपुर रानी पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर निर्मल सिंह पहुँचे, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रायपुर रानी के तहसीलदार वीरेंद्र गिल, नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह, बीडीपीओ प्रमानंदन व उनकी टीम ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर तिरंगा लगाने के लिये प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर रानी के छात्र- छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में यातायात नियमों, पौधारोपण पर नाटक बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों और बच्चों ने खूब सराहया। इस अवसर पर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की आर्ट एंड कल्चर आफिसर, थियेटर तान्या जीएस चौहान, नम्बरदार रामदिया, नम्बरदार निर्मल सिंह, नम्बरदार श्याम लाल, नम्बरदार इकबाल जयन्तीपुर, नम्बरदार जयपाल हरिपुर, भगत सिंह खेड़ी, रोहित बडोना कला, अनिल कुमार,नीरज कुमार, ओमप्रकाश, विकास कुल्हड़िया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बिजली संशोधन विधेयक के विरोध में किसानों ने जलाई बिल की प्रतियां

■ विधेयक खारिज ना करने पर पूरे देश में संघर्ष की घोषणा

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली

**बनूड़, 9 अगस्त।** केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में बिजली संशोधन विधेयक 2022 पेश किए जाने से नाराज किसान संगठनों ने बनूड़ बैरियर पर बिजली संशोधन विधेयक की प्रतियां जलाई और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बनूड़ बैरियर पर भारतीय किसान यूनियन राजेवाल, जिला मोहाली के अध्यक्ष किरपाल सिंह स्याऊ, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह कराला, भारतीय किसान यूनियन डकोंदा के जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह कराला, भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिलाध्यक्ष नंबरदार सतनाम सिंह सत्ता खलौर, एक्स सर्विस मैन यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह फौजी, हैप्पी हसनपुर, गुरप्रीत सिंह शेखन माजरा और अंगरेज सिंह के नेतृत्व में विभिन्न किसान संगठनों के नेता और क्षेत्र के किसान एकत्र हुए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बिजली का निजीकरण कर कारपोरेट घरानों के लिए देश की जनता को लूटने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली संशोधन विधेयक के पारित होने पर देश की जनता को मिलने वाली सभी सब्सिडी बंद कर दी जाएगी और बिजली की दर केंद्र सरकार तय करेगी, राज्य सरकारों को भी उस दर को स्वीकार करना होगा। यदि यह विधेयक अधिनियम का रूप लेता है, तो राज्यों में बिजली वितरण का क्षेत्र निजीकरण कंपनियों के लिए खोल दिया जाएगा, जो राज्यों के अधिकारों का हनन है। किसान नेताओं ने कहा कि बेशक शुरुआती दौर में निजी कंपनियों को बिजली संशोधन विधेयक के जरिए बिजली वितरण का काम दिया जाएगा, लेकिन यह केंद्र सरकार का छिपा हुआ एजेंडा है, क्योंकि निजीकरण के बाद सारी सब्सिडी छीन ली जाएगी। पंजाब में भी वह दिन दूर नहीं जब किसानों को मुफ्त बिजली की सुविधा खत्म हो जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर केंद्र सरकार ने इस बिजली संशोधन विधेयक को खारिज नहीं किया, तो तीन काले कानूनों को निरस्त करने के संघर्ष की तर्ज पर देश भर में एक बड़ा संघर्ष किया जाएगा। बीते दिनों लोकसभा में बिजली संशोधन विधेयक पेश किए जाने से नाराज किसान नेताओं ने बिजली विधेयक की प्रतियां जलाई और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

#### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर गुरविंदर सिंह स्याऊ, हरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह, धर्मिंदर सिंह, तरलोचन सिंह पुआध, इंद्रजीत सिंह इसापुरिया, रब्बी खलौर, गुरमीत फौजी बसी इसे खान, सुखा सिंह फौजी, किसान संगठनों के नेता और क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

# दिल्ली में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन

## यूवीएम के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में लिया हिस्सा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन उद्योग व्यापार मंडल चंडीगढ़ के अध्यक्ष कैलाश चन्द जैन, उपाध्यक्ष प्रेम कुमार, सचिव नरेश जैन व संयुक्त सचिव विजय पाल सिंह सांगवान ने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आज नई दिल्ली की कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में हिस्सा लिया।

इस राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे, भानु प्रताप सिंह व अर्जुन राम मेघवाल के से साथ कई सांसदों ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। जबकि देश भर की विभिन्न प्रदेशों से आये व्यापारी नेता शामिल हुए।

इस अवसर पर देश भर से आये व्यपरिक प्रतिनिधियों ने व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की व केंद्रीय मंत्रियों के सामने उठाया। बैठक में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान सभी कारोबारीयो से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक देश भर में प्रत्येक दुकानों व व्यपरिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्र ध्वज तिरंगा लगाए जाने का आह्वान भी किया गया।

चंडीगढ़ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दिल्ली में हुए राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन के बाद पत्रकारों को विभिन्न मुद्दो की जानकारी भी व्यापारी नेताओं ने दी।

# स्मार्ट स्कूल परियोजना के तहत नव नियुक्त 6635 ईटीटी शिक्षकों मिलेगा प्रशिक्षण

■ प्रशिक्षण देने की सभी तैयारियां पूरी

अर्थ प्रकाश/सागर पाहवा

**मोहाली 9 अगस्त।** स्कूल शिक्षा विभाग पंजाब द्वारा नवनियुक्त 6635 ईटीटी शिक्षकों को हर दृष्टि से उत्कृष्ट बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के मार्गदर्शन में सहायक स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्मार्ट स्कूल सुरेखा ठाकुर की देखरेख में एक बैठक आयोजित की गई ताकि नवनियुक्त शिक्षक विभाग द्वारा जारी अनुदान का समुचित उपयोग कर अपने विद्यालयों को उत्कृष्ट सुविधाओं से सुसज्जित कर सकें।

इसके अलावा, सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्कूलों को विकसित करने, स्कूलों में सबसे आधुनिक तकनीकों को उपलब्ध कराने, एजुकेशन पार्कों का निर्माण, भवन को शैक्षिक बनाने और स्कूलों में बच्चों के लिए एक आरामदायक वातावरण प्रदान करने के प्रयास किए जा सकते हैं। इसलिए इन शिक्षकों को पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब टीम के सहयोग से सभी जिलों के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर स्मार्ट स्कूल और कोर कमेटी स्मार्ट स्कूल पंजाब के सहयोग से जिला स्तर पर अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सुरेखा ठाकुर के नेतृत्व में स्मार्ट स्कूल परियोजना के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में स्मार्ट स्कूल परियोजना, स्मार्ट स्कूल नीति, सामुदायिक भागीदारी और स्मार्ट प्रौद्योगिकी के गुणात्मक शिक्षा के साथ संबंध के उद्देश्य पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अमरजीत सिंह चहल, लवजीत सिंह ग्रेवाल और हरिंदर सिंह ग्रेवाल ने रिसोर्स परसन्ज का कार्य किया और साथ-साथ सभी जिलों के स्मार्ट स्कूल मेंटर और सहायक कोऑर्डिनेटर स्मार्ट स्कूल ने भाग लिया।

# पलाश का पौधा लगाकर सीनियर सिटीजन सरदार रामसिंह सोहता ने मनाया अपना 66वां जन्मदिन

**चंडीगढ़, 9 अगस्त (अप्रस)।** सेक्टर 46 सीनियर सिटीजन ग्रुप के सदस्य ने अपना जन्म दिवस प्रकृति का ख्याल रखते हुए मनाते हैं। समाज में एक सार्थक संदेश देते हैं की जीवन की चाहे जो भी खुशी हो हमें प्रकृति को ध्यान में रखकर मनाना चाहिए। पेड़ पौधे निस्वार्थ जीवन जीने का संदेश देते हैं धूप में खड़े रहकर छाया प्रदान करते हैं और शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं। सीनियर सिटीजन ग्रुप के प्रधान मनमोहन सिंह ने कहा आज का युवा अपने रास्ते से भटक रहा है विभिन्न प्रकार के नसों से ग्रस्त होकर अपने जीवन को बर्बाद कर रहा है। यह उचित नहीं है उन्हें सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जितना हम सामाजिक कार्यों में योगदान देंगे उतने ही हम बुराइयों से दूर रहेंगे। जीवन में कम से कम एक एक पौधा लगाकर उसे पेड़ बनाएं ताकि आने वाले जीवन में कृत्रिम ऑक्सीजन के लिए लाइन में ना खड़ा होना पड़े। इस अवसर पर पर्यावरणविद राहुल महाजन उपस्थित रहे।

विश्व स्तनपान सप्ताह

# बच्चे के लिए सबसे महत्वपूर्ण मां का दूध: डॉ. सुनील अग्रवाल

■ मिलती है बीमारियों से लड़ने की ताकत

अर्थ प्रकाश/सागर पाहवा

**मोहाली 9 अगस्त।** मातृत्व एक परिवर्तनकारी अनुभव है और एक महिला के जीवन में नया अर्थ लाता है। मां के दूध में आवश्यक प्रोटीन, वसा, विटामिन और कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो बच्चे को संक्रमण और बीमारी से बचाते हैं।

स्तनपान की प्रथा को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व भर में हर साल 1-7 अगस्त से विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। विश्व स्तनपान सप्ताह-2022 का विषय स्टेप अप फार ब्रेस्ट फीडिंग एजुकेट एंड सपोर्ट है। माँ के दूध के लाभ और स्तनपान करने वाले शिशुओं के महत्व के बारे में डॉ सुनील कुमार अग्रवाल, नियोनेटोलॉजिस्ट, फोर्टिस अस्पताल मोहाली, एक एडवाइजरी जारी की। इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए, डॉ अग्रवाल ने कहा, स्तनपान सर्वोपरि है और इसे बच्चे के लिए पहला टीका माना जाता है। शिशुओं की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उनमें संक्रमण का खतरा होता है। मां के दूध में आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो कई बीमारियों के खिलाफ एक बाधा के रूप में कार्य करते हैं और आदर्श पोषण प्रदान करते हैं। स्तनपान एंटीबॉडी प्रदान करता है

#### शिशुओं के लिए कितना फायदेमंद है?

यह बताते हुए कि मां का दूध आसानी से पचने योग्य है, डॉ अग्रवाल ने कहा, नवजात शिशुओं को पहले महीने के दौरान प्रति दिन लगभग 8-12 बार मां का दूध दिया जाना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सलाह है कि मां का दूध जन्म के पहले घंटे के भीतर शुरू कर देना चाहिए, और फिर जीवन के पहले छह महीनों के लिए विशेष रूप से दिया जाना चाहिए। इसके बाद दो साल और उससे अधिक समय तक उचित पूरक खाद्य पदार्थों के साथ स्तनपान जारी रखा जाना चाहिए।

#### यह माताओं की मदद कैसे करता है?

स्तनपान कराने वाले बच्चे न केवल स्तनपान कराने वाली माताओं की भलाई में सुधार करते हैं, बल्कि रूमेटोइड गठिया और ल्यूपस के अलावा स्तन कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, गर्भाशय कैंसर और डिम्बग्रंथि के कैंसर जैसी बीमारियों के विकास के जोखिम को भी कम करते हैं।

और प्रतिरक्षा को बढ़ाता है, बच्चे के स्वस्थ वजन को बढ़ावा देता है, टाइप टू और टूटू डायबिटीज के जोखिम को कम करता है, कैंसर, लिम्फोमा, एलर्जी, एक्जिमा और अस्थमा की संभावना को कम करता है। स्तनपान कराने वाले शिशुओं को दस्त, सर्दी और फ्लू से पीड़ित होने की संभावना कम होती है। यह अभ्यास एक माँ और बच्चे के बीच भावनात्मक जुड़ाव बनाने में भी मदद करता है।

# विधानसभा का मानसून सत्र आज से, चाक चौबंद होगी सुरक्षा व्यवस्था : विपिन परमार

■ 13 अगस्त तक चलेगा मानसून सत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 9 अगस्त।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र कल से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। विधानसभा के अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने आगामी मानसून सत्र के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्धों से संबंधित विधान सभा सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस प्रमुख, हिमाचल प्रदेश संजय कुंडू, जिलाधीश आदित्य नेगी, हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के प्रबन्ध निदेशक अमित कश्यप, पुलिस महानिरिक्षक, गुप्तचर एवं सतर्कता आर. एस. ठाकुर, पुलिस महानिरिक्षक दक्षिण रेंज पी. डी. प्रसाद, पुलिस अधीक्षक डॉ. मोनिका भटुंगरू, पुलिस अधीक्षक बद्दी मोहित चावला सहित कई अधिकारी माजूद रहे।

श्री परमार ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण मानसून सत्र के आयोजन में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सत्र के दौरान विधान सभा में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की थर्मल स्क्रीनिंग की जाये तथा हर प्रवेश द्वार पर सेनिटाइजर से लैस स्वचालित मशीनें स्थापित की जायें। उन्होंने कहा कि जिनकी सेवायें सत्र के आयोजन के लिए आवश्यक है केवल उन्हें ही पास जारी किये जायें।

उन्होंने कहा कि इस सत्र के दौरान आगन्तुकों के प्रवेश के लिए पास जारी किये जायेंगे लेकिन कोरोना महामारी से बचने के लिए जारी की गई ओपीएस की अनुपालना करनी होगी। दर्शक दीर्घा में बैठने के लिए 50 फीसदी क्षमता के साथ पास जारी किये जायेंगे। भीड़ को कम करने के लिए विधानसभा परिसर में प्रवेश की अनुमति सिर्फ उन्हें ही दी जाये, जिनकी सेवायें वांछित हैं।

श्री परमार ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों से आग्रह किया कि जिनका सत्र से संबंधित कार्य आवश्यक है केवल उन्हीं के पास के लिए ऑनलाइन आवेदन भेजे जायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सत्र के दौरान विधानसभा सचिवालय, सदन तथा मुख्य द्वारों को एक दिन में एक बार सेनिटाइज किया जायेगा, ताकि किसी भी तरह के संक्रमण को टाला जा सके।

## कांगड़ा जिला की सभी पंचायतों में उपलब्ध हैं ध्वज : डीसी

**धर्मशाला, 9 अगस्त (अप्रस)।** उपायुक्त डा निपुण जिंदल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत कांगड़ा जिला की सभी पंचायतों तथा घरों में झंडा फहराने के लिए आवश्यक तौर पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है इस के लिए, जिला प्रशासन के माध्यम से 3 लाख 40 हजार के करीब ध्वज पंचायत स्तर तक पहुंचा दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति या पंचायत के प्रतिनिधि पंचायत स्तर पर या ब्लाक स्तर पर ध्वज की खरीद सकता है इस के लिए न्यूनतम मूल्य 25 रूपये निर्धारित किया गया है इसी तरह शहरी क्षेत्रों में भी नगर निकायों को ध्वज उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उपायुक्त डा निपुण जिंदल ने कहा कि 13, 14 तथा 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा इस के लिए ऐप के माध्यम से तिरंगे के साथ सेल्फी भी अपलोड की जाएगी। उपायुक्त डा निपुण जिंदल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र के गौरव का प्रतीक है तथा हर पंचायत प्रतिनिधि को इस अभियान के साथ जुड़ने का आग्रह किया गया है इसके साथ ही प्रत्येक नागरिक को भी हर घर तिरंगा अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए कहा गया है।

## मनाही के बाद भी ज्युणी खड्ड व पिंगला खड्ड में फेंका जा रहा मलबा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोहर 9 अगस्त।** गोहर में टिपर और ट्रैक्टर चालकों द्वारा गंदी मिट्टी और मलबे को ज्यूणी खड्ड व पिंगला खड्ड में फेंकने का सिलसिला धड़ल्ले से और बेरोकटोक जारी है। प्रशासन और विभाग द्वारा इस स्थान पर यहां चेतावनी बोर्ड लगाकर मात्र औपचारिकता ही निभाई गई है। लेकिन टिप्पर और ट्रैक्टर चालकों को विभाग द्वारा लगाए गए चेतावनी बोर्ड में दर्शाए गए आदेशों की कतई भी प्रवाह नहीं है। गोहर बस स्टैंड के समीप गोहर चैलचौक मार्ग पर गंदी मिट्टी और मलबा खड्ड में फेंकने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। जरा सी बरसात के चलते खड्ड में बहने से यह मटमैला गंदा पानी ज्यूणी खड्ड में बहकर चला जाता है। जिससे यहां से निचे खड्ड से आईपीएच विभाग द्वारा दर्जनों उठाऊ पेयजल योजना प्रभावित हो रही है। आईपीएच विभाग द्वारा बनाई गई उठाऊ पेयजल योजना से हजारों लोग मटमैला गंदा पानी पीने को विवश हो रहे हैं । जिससे इस गंदा मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं जिससे जल जनित रोग फैलने का अंदेशा हर पल बना हुआ है। प्रशासन व विभाग ने अपनी जिम्मेदारी मात्र चेतावनी बोर्ड लगाकर तो कर दी है फिर भी ट्रैक्टर और टिपर चालक कानून की अवहेलना करते हुए गंदी मिट्टी को डंप करने से बिल्कुल भी गुरेज नहीं करते। गोहर बस स्टैंड के समीप बनी दुकानों को भी इस डंपिंग से खतरा उत्पन्न हो गया है। खड्ड में हजारों टन मलबा टिपर व ट्रैक्टर चालकों द्वारा फेंका गया है जरा सी वर्षा होते ही यह मलबा फ्लड का रूप धारण कर लेता है जहां भी कोई कार्य होता है इसकी मिट्टी को यहां पर डंप कर दिया जाता है। जिससे यहां पानी में घुल जाता है और ज्यूणी खड्ड में मिल जाता है। अगर जल्दी ही प्रशासन ने इस ओर सख्त कदम नहीं उठाए तो यहां पर कभी भी बहुत बड़ा हादसा हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री राहत कोष में 51 लाख का अंशदान

**शिमला (अप्रस)।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर को मंगलवार को यहां ओक ओवर में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक (केसीसीबी) की ओर से बैंक के अध्यक्ष राजीव भारद्वाज द्वारा 51 लाख रुपये की राशि का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किय। इस अवसर पर केसीसीबी के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार भी उपस्थित थे।

लम्पी रोग की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर होगा टीकाकरण ्कवर

### रोगों की रोकथाम के लिए पशुओं को टीका लगाने के निर्देश

**ऊना (अग्रवाल)।** ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कृषि, मस्त्य एवं पशुपालन मंत्री वीरेन्द्र कंवर ने पशुओं में फैल रहे लम्पी चरम रोग के रोकथाम के लिए बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान के निर्देश दिए हैं। डी.आर.डी.ए. सभागार में पालमपुर जोन के अधिकारियों के साथ आज हुई बैठक में वीरेन्द्र कंवर ने लम्पी वायरस की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग पशुपालकों को इस वायरस की रोकथाम के लिए जागरूक करें और इससे बचने के तौर-तरीके भी पशुपालकों के साथ सांझा करें। वीरेन्द्र कंवर ने बैठक में निर्माणाधीन गौ अभ्यारण्यों के निर्माण कार्य पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की और उन्हें उनके निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सडक़ों को बेसहारा गौवंश से मुक्त करने के लिए पिछले साढ़े 4 वर्षों में व्यापक प्रयास किए गए हैं तथा अब तक 22 हजार से अधिक गौ वंश को आश्रय प्रदान किया गया है। पशुपालन मंत्री ने पशुपालकों को सेक्स सोरटेड सीमन के टीके रियायती दरों पर उपलब्ध करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि 1200 रुपए का यह टीका केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को 250 रुपए के दाम पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार इस टीके पर 125 रुपए की अतिरिक्त सबसिडी प्रदान करने जा रही है ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। बैठक में उन्होंने कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर जिलों में पशुपालन विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा भी की। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के सचिव अजय शर्मा, निदेशक डा. प्रदीप शर्मा, उपनिदेशक ऊना डा. जयसिंह सेन तथा अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### बड़ोह-होशियारपुर, नगरोटा-चंडीगढ़ के लिए बस सेवा को हरी झंडी

**धर्मशाला (अप्रस)।** विधायक अरूण कुमार ने मंगलवार को बड़ोह में बड़ोह-होशियारपुर तथा नगरोटा-चंडीगढ़ बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रात: 8 बजे बड़ोह-होशियारपुर वाया बने दी हट्टी ,देहरा, भरवाई, गगरेट रूट पर बस सेवा उपलब्ध रहेगी इससे बड़ोह तथा इसके आसपास की करीब दर्जन पंचायतों के लोगों को होशियार या पंजाब जाने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी वहीं एचआरटीसी बस सुबह 7.15 बजे नगरोटा से चंडीगढ़ वाया कंडी बड़ोह , ज्वाला जी, अंब, ऊना , नालागढ़, बद्दी, पिंजौर के लिए रवाना होगी इस रूट पर लंबे अरसे से लोगों द्वारा बस सेवा आरंभ करने की मांग उठाई जा रही थी जिसको पूर्ण किया गया है। विधायक अरूण कुमार ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र के लोगों को सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा परिवहन की बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

## प्रजापिता ब्रह्म कुमारी की सदस्यों ने राज्यपाल को राखी बांधी

**शिमला, 9 अगस्त (अप्रस)।** रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को प्रजापिता ब्रह्म कुमारी की सदस्यों ने राखी बांधी।

ब्रह्म कुमारियों की पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश की निदेशक बहन बी.के. रजनी ने इस अवसर पर रक्षा बंधन के अध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें उपहार भेंट किया। राज्यपाल ने प्रजापिता ब्रह्म कुमारी की सभी बहनों का उन्हें राखी बांधने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र बांधने की सदियों पुरानी यह परम्परा भाई और बहन के बीच विशेष लगाव का प्रतीक है और यह पवित्र सूत्र उनके मध्य स्नेह एवं विश्वास का भी द्योतक है।

## फैसिलिएशन कौंसिल में बेहतर भूमिका निभाकर की थी उद्यमियों की मदद

### एचपीएमएसएसआई एसोसिएशन ने उद्यमियों के लिए संघर्ष करने वाले पुरोधाओं को नवाजा

■ उद्योग निदेशक राकेश प्रजापति को स्मृति चिन्ह देकर नवाजा

अर्थ प्रकाश/राजेंद्र

**बद्दी, 9 अगस्त।** हिमाचल प्रदेश माईक्रो एंड स्माल इंडस्ट्रिज एसोसिएशन बद्दी ने राज्य के उद्यमियों के हितों के लिए लडने वाले पुरोधाओं को स मानित किया। यह सभी स मानित उद्यमी हिमाचल प्रदेश माईक्रो एंड स्माल इंटरप्राईसिस फैसिलिएशन कौंसिल में कार्यरत हैं जहां उद्यमियों के लेन देन संबधी विवादों का निबटारा होता है। फैसिलिएशन कौंसिल की मेहनत का यह परिणाम है कि अब वहां लेन देन का कोई विवाद लंबित नहीं है। कौंसिल पूरे भारत में एक ऐसी संस्था बन चुकी है जिसने डिजीटाईलेशन को एडाप्ट किया और आनलाइन पोर्टल को ईजाद किया जिसके तहत एमएसएमई संबधित लंबित भुगतानों के कलेम फाईल किए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश माईक्रो एंड स्माल इंडस्ट्रिज एसोसिएशन के अध्यक्ष जे. जी गोयल, चेयरमैन संजय भसीन, सदस्य अनुराग मित्तल, दीपक जैन, कमलदीप गर्ग उपप्रधान ने उद्योग निदेशालय का दौरा किया और वहां पर निदेशक उद्योग राकेश प्रजापति से बैठक की। सदस्यों ने राकेश प्रजापति जो कि कौंसिल के चेयरमैन हैं के प्रयासों की सराहना की वहीं सदस्य सचिव संजय शर्मा, रमेश डडवाल (सदस्य), बीएल भारद्वाज (सदस्य) को स्मृति चिन्ह भेंट किए। एसोसिएशन के चेयरमैन संजय स्सीन व अध्यक्ष जे जी गोयल ने बताया कि हमारे संगठन व उद्योग विभाग के सामूहिक प्रयासों से एमएसएमई के हितों में अनेक उद्योग हित के कार्य किए गए और निर्णय लिए गए हैं। एसोसिएशन का उद्देश्य है कि लघु उद्योगों की आवाज को प्रोफेशनल तरीके से बुलंद करना है। एसोसिएशन के प्रयासों से नए प्रावधान के तहत राकेश प्रजापति ने अब यह भी तय हुआ है कि 2 लाख तक के केस में पैरवी आरबीट्रेशन कौंसिल खुद करेगी। जो केस वहां जाते हैं वहां पर सारी फीस आर्वेटर को देनी पडती है उसको सुधिा देते हुए अब 50 फीसदी फीस देनदार को देनी होगी जिससे कलेम वालों को राहत मिलेगी। एसोसिएशन ने कई अहम लघु उद्योग हित निर्णय लेने के लिए आईएएस राकेश प्रजापति का आभार जताया है।

## दलित-अल्पसंख्यक समुदाय के साथ भेदभाव कर रही भाजपा सरकार : बबलू पंडित

■ हीर गुज्जर बस्ती के लोग गंदा पानी पीने को मजबूर

■ बाल्द नदी के किनारे बसे 25 परिवार बाढ़ के खतरे में जीने को मजबूर

■ अप्लाई करने के बाद भी सरकार के तरफ से नहीं मिली जमीन

अर्थ प्रकाश/संजीव कौशल

**बद्दी, 9 अगस्त।** दून विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत भटौलीकलां के हीर गुज्जर बस्ती के लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। आज तक 25 परिवार के 200 लोगों को सरकारी नल मुहैया नहीं हो पाया। बस्ती में एकमात्र हैंडपंप लगा है जिससे गंदा व लाल पानी निकलता है और लोग मजबूरी में हैंडपंप का गंदा पानी पी रहे हैं। बाल्द नदी के किनारे बसी हरिजन बस्ती के लोग 24 घंटे बाढ़ के डर के साये में रहने को मजबूर हैं।

प्रदेश इंटक अध्यक्ष बबलू पंडित के समक्ष हीर गुज्जर बस्ती के लोगों ने दुखड़ा रोते हुए बताया कि सनसिटी रोड़ से सरकार व प्रशासन ने उन्हें हटाने से पहले आश्वासन दिया था कि सभी परिवारों को 3 बिस्वा भूमि दी जाएगी। 15 परिवारों को बकायदा नियमानुसार भूमि के लिए आवेदन भी किया लेकिन आजतक उन्हें भूमि नहीं मिल पाई।

गुज्जर बस्ती के अब्दुल गनी, हसन अली, गुलाम रसूल, मोहम्मद यामीन, सैल अली, याकूब अली, सद्दाम हुसैन, मोहम्मद रफी, गुलाम नबी, सुलेमान, यासीन, शराफत अली व सुलेमान ने बताया कि गुज्जर बस्ती में आज तक सरकारी नल नहीं लगा। कई बार उन्होंने मौजूदा विधायक व प्रशासन के समक्ष गुहार लगाई लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। जिसके चलते गुज्जर बस्ती के 25 परिवार हैंडपंप का गंदा व लाल पानी पीने को मजबूर है।

लोगों ने इंटक प्रदेशाध्यक्ष बबलू पंडित को बताया कि उन्हें प्रशासन व सरकार द्वारा सनसिटी रोड़ से हटाया गया था और परिवारों को 3 बिस्वा भूमि देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक उन्हें भूमि नहीं मिली। गुज्जर बस्ती की गली कच्ची है वहीं बाल्द नदी के किनारे बसी गुज्जर बस्ती के लोग बाढ़ के साये में जीने को मजबूर हैं।

इंटक प्रदेशाध्यक्ष बबलू पंडित ने कहा कि भाजपा सरकार दलित व अल्पसंख्यक विरोधी है। दून में विकास के बड़े बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं। आजतक गुज्जर बस्ती के लोगों को सरकारी नल तक मुहैया नहीं हो पाया। उन्हें सरकार ने 3 बिस्वा भूमि देने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक लोगों को भूमि नहीं मिली। इंटक प्रदेशाध्यक्ष बबलू पंडित ने कहा कि आने वाले विस चुनावों को दलित व अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा सरकार को जनता अच्छे से सबक सिखाकर सत्ता से बाहर करेगी।

इस मौके पर बबलू पंडित के साथ इंटक उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, संजीव ठाकुर, राज, सागर, शानू, राजेश, अरूण, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। बबलू पंडित ने कहा कि अगर जल्द गुज्जर समुदाय की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाजपा सरकार व मौजूदा विधायक के खिलाफ सड़कों पर उतरकर मोर्चा खोला जाएगा।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी संघ ने मांगा समान वेतनमान

### मुख्यमंत्री से मिलकर उनके समक्ष रखी मांग

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 9 अगस्त।** हिमाचल आयुष चिकित्सा अधिकारी परिषद ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि उन्हें भी एलोपैथी चिकित्सकों, दमा चिकित्सकों एवं पशु चिकित्सकों के समान वेतनमान प्रदान किया जाए। प्रदेश आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं आयुष मंत्री डॉ राजीव सहजल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश ठाकुर जयराम से सोलन के विश्राम गृह में मिला। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एक विज्ञापन उन्हें दिया। मुख्यमंत्री ने आयुष चिकित्सा अधिकारी परिषद हिमाचल प्रदेश की चिर प्रतीक्षित मांगों को ध्यानपूर्वक सुना एवं उच्च अधिकारियों को उक्त मांग को पूरा करने के संबंध में कार्यवाही करने के उचित दिशा निर्देश भी दिए। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शिव गौतम महासचिव, डॉ राजेश कंवर, मुख्य संरक्षक डॉ. नरेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. देव शर्मा, संगठन मंत्री डॉ. प्रमोद पारेख, जिला सोलन अध्यक्ष डॉ. लोकेश ममगई के अलावा कोषाध्यक्ष डॉ. आदेश गोयल, उपाध्यक्ष डॉ अमित चौधरी, डॉ. जयपाल गर्ग, डॉ. गुरबख्श चौधरी, डॉ, योगेश वर्मा डॉ इकबाल चौधरी, डॉ. हितेश शर्मा, डॉ. विक्रांत, डॉ.नवीन चौधरी, डॉ. परमजीत एवं डॉ सचिन आदि उपस्थित रहे।

## एन.यू.जे.आई. व द बद्दी प्रेस क्लब ने मनाया आजादी का 75वां अमृत महोत्सव

■ घर-घर तिरंगा लहर के तहत झुग्गी-झोपड़ियों में वितरित किए जाएंगे 2 हजार तिरंगे

■ मिलजुल कर कार्य करें तभी समाज का विकास संभव : मलिक

अर्थ प्रकाश/संजीव कौशल

### संजीव बस्सी को दोबारा द प्रेस क्लब बद्दी के प्रधान की कमान

इस मौके पर द प्रेस क्लब बद्दी के चुनाव की प्रक्रिया में सम्पन्न करवाई गई व सर्वसहमति से संजीब बस्सी को दूसरी बार द प्रेस क्लब बद्दी के प्रधान की कमान सौंपी गई। अन्य कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई व जल्द ही बैठक कर कार्यकारिणी के चुनाव प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा। इस मौके पर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष विक्रम ठाकुर, करणी सेना के जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, व आदित्य चड्ढा ने विशेष रूप से बधाई दी।

**बद्दी, 9 अगस्त।** द बद्दी प्रेस क्लब ने अपना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आजादी का 75वां अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एन.यु.जे.आई. के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मलिक, बी.बी.एन.आइ.ए. के अध्यक्ष राजेंद्र गुलेरिया, व तहसीलदार बद्दी परमानंद रघुवंशी उपस्थित हुए। जबकि विशेष अतिथि के रूप में एन.यु.जे.आई. के स्कूल जर्नलिज्म के चेयरमैन जितेंद्र अवस्थी, अवतार सिंह व एन.यु.जे.आई. के उपाध्यक्ष बलवीर ठाकुर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर दिया। इस मौके पर सबसे पहले द प्रेस क्लब बद्दी द्वारा घर-घर तिरंग । लहराने को लेकर यह निर्णय लिया गया कि द प्रेस क्लब बद्दी क्षेत्र की झुग्गी झोपड़ियों में 2 हजार झंडा वितरित करेगा। मुख्यअतिथि अशोक मलिक, राजिंद्र गुलेरिया व तहसीलदार परमानंद रघुवंशी ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना है व पत्रकारों को नैगेटिव समाचारों के साथ-2 पोजिटिव समाचारों को भी दिखाना चाहिए ताकि समाज में अच्छा मैसेज जा सके। उन्होंने कहा कि तथ्यों पर आधारित समाचार समाज के पास जाए ताकि इंटरनेट व सोशल मिडिया के जमाने में भी लोग पिंट मिडिया से जुड़े रहें। वहीं विशेष रूप से उपस्थित जितेंद्र अवस्थी,बलवीर ठाकुर व अवतार सिंह ने पत्रकारों को पत्रकारिता की बारीकियों से परिचित करवाया व अपनी कलम को निडरता से प्रयोग करने की बात कही।

### घर-घर तिरंगा पोस्टर रिलीज

इस मौके पर संजीव बस्सी के 11वें गीत को आजादी के अमृत महोत्सव पर बनाया गया है उसका पोस्टर रिलीज किया गया। जिसे एन.यु.जे.आई. के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवीर ठाकुर ने रिलीज किया । जानकारी देते हुए गायक संजीव बस्सी ने बताया कि 12 जुलाई को इस गीत का धूमधाम से रिलीज किया जाएगा।

### यह लोग थे उपस्थित

इस मौके पर एन.यु.जे. आई. के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मलिक, बी.बी.एन. आई.ए. के अध्यक्ष राजेंद्र गुलेरिया, तहसीलदार परमानंद रघुवंशी, जितेंद्र अवस्थी, अवतार सिंह, बलवीर ठाकुर, पत्रकार विक्रम ठाकुर, आदित्य चड्डा, पंकज कौशल, संजीव राजपूत, संजीव पंवर, संजीव बस्सी, काला सिंह, जसविंदर ठाकुर, संजीव कौशल, शिव वैंसल, पी.आर. प्रजापति, गुरदयाल ठाकुर, प्रितपाल सिंह, पंकज गोल्डी, अजय शर्मा, शिव चंदेल, जोगिंदर सिंह, सुखविंदर सुक्खा, समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## मीटिंग

### नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट (इंडिया) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

## देश भर में पत्रकारों को आ रही समस्याओं व मांगों पर किया मंथन

■ हिमाचल की ओर से प्रदेश संगठन मंत्री व राष्ट्रीय सदस्य ने पढ़ी रिपोर्ट

■ राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने किया बैठक का संचालन

अर्थ प्रकाश/राजेंद्र चौधरी

**बद्दी, 9 अगस्त।** नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट (इंडिया) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली के हरियाणा स्टेट गेस्ट हाऊस मे संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी बोस द्वारा की गई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव प्रसन्ना मोहंती द्वारा किया गया। बैठक में वर्तमान समय में देश भर में पत्रकारों को आ रही समस्याओं व पत्रकारों की काफी लंबे समय से चली आ रही मांगों के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक मे लगभग सभी राज्यो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने अपने राज्य मे पत्रकारो को आ रही समस्याओं व मांगो को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समक्ष रखा। हिमाचल प्रदेश से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुमित शर्मा व प्रदेश संगठन महामंत्री गोपाल दत शर्मा ने इस बैठक में प्रदेश का पक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समक्ष रखा।

इस बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए हर राज्य मे सदस्यता अभियान तेज करने संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने पर बल दिया गया ताकि हर राज्य मे संगठन पत्रकार की मांगो को राज्य सरकारो के समक्ष मजबूती से उठा सके। राज्य संगठन मंत्री गोपाल दत्त ने बताया कि इस बेठक मे प्रज्ञा नंद चौधरी, सीमा किरण, राकेश शर्मा, प्रदीप तिवारी आदि राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया।

### गोपाल ने पढ़ा प्रदेश का वृत

दिल्ली की राष्ट्रीय बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री हिमाचल प्रदेश यूनियन आफ जर्नलिस्टस गोपाल दत्त शर्मा ने प्रांत का वृत पढ़ा और वहां राज्याध्यक्ष रणेश राणा व महासचिव किशोर ठाकुर के नेतृत्व मे चलाई जा रही गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोपाल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश का केंद्र की ओर से कुछ भी बकाया नहीं है और समस्त फीस 31 मार्च तक किलयर कर दी गई है। प्रदेश में सदस्यता अभियान को गति दी जा रही है और राज्य स्तरीय सम्मेलन 16 नवंबर को जिला सोलन में रखा गया है जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारियों को आने का न्यौता दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### 75वें स्वतंत्र दिवस के उपलक्ष्य मे तिरंगा यात्रा का आयोजन

**मूनक (दर्शन शर्मा)।** मंगलवार को मूनक शहर में भारत स्वतंत्र के75 वे अमृत महाउत्सव उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवहान पर हर घर पर तिरंगा का प्रोग्राम के तहत मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा मूनक शहर में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में विशेष तौर पर पहुंचे युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संगरूर 2 अमृतपाल चड्ढा और साथ में ज्ञानचंद सैनी ओबीसी मोर्चा के सीनियर नेता पंजाब ने समझा सांझा पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि यह भारत में पहली बार हो रहा है कि हर घर पर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जो कि आने वाली पीढ़ी को पता चल सके कि तिरंगा की मान्यता क्या है यह भारत की अखंडता को सक्षम रखता भारतीय जनता पार्टी इस अभियान को हर घर पर ले कर जाएगी और हर घर पर तिरंगा यह आएगी इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश राठी ने सभी कार्यकर्ताओं का मोटरसाइकिल रैली में शामिल होने का धन्यवाद किया इस मौके पर युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनदीप शर्मा, अशोक शर्मा, अशोक बंसल ,एससी मोर्चा के अध्यक्ष बलजीत सिंह, युवा मोर्चा के खजांची पंजाब संदीप मलाणा , हरदीप शर्मा, सुखचैन सैनी, जेकी शर्मा, हनी मलाणा, सोनू शर्मा, कशिश अरोड़ा काफी संख्या में कार्यकर्ता मोटरसाइकिल रैली में शामिल हुए।

### पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर निकाला फ्लैग मार्च

**जीरकपुर (मनिंदर मनौली)।** स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए और डीजीपी की हिदायतों पर एसएसपी मोहाली विवेकशील सोनी के आदेश के अनुसार मंगलवार देर शाम जिला पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इस मौके पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर जांच भी की। इस मौके पर एसएचओ जीरकपुर दीपइंदर बराड़, चौकी इंचार्ज बलटाना मनदीप सिंह और असिस्टेंट कमांडर बीएसएफ मोहिंदर सिंह मौजूद थे, जिनकी अगवाई में वीआईपी रोड से फ्लैग मार्च शुरू किया और शहर के बाजारों व गलियों से होता हुआ वापस वीआईपी रोड पर आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर एसएचओ दीपइंदर सिंह बराड़ ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर अमन कानून की स्थिति को बरकरार रखने के लिए शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ छह पेट्रोलिंग पार्टियां भी लगाई गई है, जो दिन रात लोगों की सेवा में तैनात रहेंगी। उन्होंने कहा कि शहर में पूरी तरह से सुरक्षा के इंतजाम किए गए है और साथ ही सीसीटीवी कैमरों के साथ शहर में निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने शहर के लोगों से अपील की है कि अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### विजय इंदर सिंगला ने किया शहीदों को नमन

**संगरूर (कुमारदीप अश्क)।** देश की आज़ादी के लिए मर मिटने वालों शहीदों को नमन करने तथा उनकी याद को अपने दिलों में संजोये रखने के मंतव से कांग्रेस के नेता तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री विजय इन्दर सिंगला द्वारा की अगुवाई में शहर में एक यात्रा का आयोजन किया गया जिसमे शहीदों को श्रद्धांजिली दी गयी बढ़ चढ़ कर युवाओं ने इस यात्रा में भाग लिया कई सीनियर नेता तथा कांग्रेस कार्यकर्ता इस अवसर विजय इन्दर सिंगला के साथ उपस्थित दिखाई दिए।

# मान सरकार पंजाब को पीने का साफ़-सुथरा पानी देने को प्रतिबद्ध

■ ब्रम शंकर जिम्पा द्वारा अधिकारियों को लम्बित पड़े प्रोजैक्टों के काम में तेज़ी लाने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार लोगों को साफ़-सुथरा पीने वाला पानी और सेनिटेशन की सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

यहाँ जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ एक जायज़ा मीटिंग के दौरान जल आपूर्ति मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने अधिकारियों को लम्बित पड़े प्रोजैक्टों के काम में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं, जिससे लोगों को मिलने वाली सुविधाओं में कोई भी देरी न हो।

श्री जिम्पा ने कहा कि भगवंत मान सरकार राज्य के लोगों को समयबद्ध और मानक सुविधाएं देने के लिए पाबंद है।

इस कारण किसी भी प्रोजैक्ट में किसी भी तरह की देरी सहन नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को प्रोजैक्टों सम्बन्धी सभी मापदण्डों को अपनाने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोजैक्ट के मानक के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा।

जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य के सभी गाँवों को पीने वाला पानी मुहैया करवाने सम्बन्धी प्रोजैक्ट को भी निर्धारित समय में पूरा करने के श्री जिम्पा ने निर्देश दिए। इसके अलावा आज श्री जिम्पा ने विभाग की अन्य कुछ और जायज़ा मीटिंगें करने से अलावा अलग-अलग संगठनों के साथ भी मीटिंगें की।

इस मौके पर जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के प्रमुख सचिव श्री डी.के. तिवाड़ी भी उपस्थित थे।

## स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने किया सरकारी मिडल स्कूल गोचर का दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य के सरकारी शिक्षा संस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस द्वारा सरकारी स्कूलों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए सरकारी स्कूलों का दौरा किया जा रहा है। स. बैंस द्वारा मंगलवार को सरकारी मिडल स्कूल गोचर का दौरा किया गया। इस दौरे के दौरान सामने आया कि विद्यार्थी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है, उसके साथ ही स्कूल की इमारत की हालत भी दयनीय है। स्कूल की चारदीवारी कई स्थानों से गिरी हुई थी और स्कूल की बिजली फिटिंग की स्थिति भी बहुत दयनीय है, जिस कारण बरसात के दिनों में दीवारों में अक्सर करंट आ जाता है और बच्चों को करंट से बचाने के लिए गर्मी के मौसम में बिजली की सप्लाई बंद रखनी पड़ती है। इसी तरह स्कूल के खेल मैदान की हालत भी बहुत ख़राब है। स्कूल की समस्याओं का जल्द हल करने के लिए शिक्षा मंत्री ने विभाग के जे.ई को अपनी रिपोर्ट तुरंत पेश करने के निर्देश दिए।

## पटेल कालेज में 75 वीं वर्षगांठ को समर्पित हर घर तिरंगा अभियान शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**राजपुरा, 9 अगस्त।** पटेल मेमोरियल नेशनल कॉलेज राजपुरा के प्राचार्य प्रो. राजीव बहिया की देखरेख में डॉ. मंदीप सिंह, प्रो. वंदना गुप्ता, प्रो. अवतार सिंह और प्रो. डॉ. मनदीप सिंह, एनएसएस विभाग के कार्यक्रम अधिकारी. गगनदीप कौर और एनसीसी विभाग की एएनओ डॉ. 5 पंजाब बटालियन के एएनओ डा जयदीप सिंह के संयुक्त नेतृत्व में भारत सरकार के निर्देशन में स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ को समर्पित हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव बहिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा, जिसकी शुरुआत आज तिरंगा लहराकर की गई. छात्रों को झंडा इस अवसर पर डॉ. मनदीप सिंह व डॉ. जयदीप सिंह ने कहा कि 13-15 अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्वयंसेवक अपने घरों में तिरंगा फहराएंगे और लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करेंगे. इस दौरान स्वयंसेवक पोस्टर प्रतियोगिता और देशभक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. अरुण जैन वरसर, डॉ. गुरजिंदर सिंह, प्रो. बलजिंदर सिंह गिल, डॉ. शेर सिंह, डॉ. तरनजीत सिंह, प्रो. इकांत गुप्ता, हरप्रीत सिंह, विजय कुमार अधीक्षक और स्वयंसेवक शामिल थे।

### खन्ना पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

■ चोरी के 310 मोबाइल फोन, 485 मोबाइल बैटरी, सीपीयू , साफ्टवेर व 12 के करीब रिपेयरिंग मशीनें बरामद

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

**खन्ना, 9 अगस्त।** खन्ना पुलिस ने अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों, विजे सिंह निवासी सोनीपत हरियाणा,अजय कुमार, चंदन अरोड़ा व धीरज कुमार निवासी लुधियाना आदि को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 310 मोबाइल फोन,485 मोबाइल, बैटरी,सीपीयू , साफ्टवेर व 12 के करीब रिपेयरिंग मशीनें बरामद की, इस बात का खुलासा पुलिस जिला खन्ना की एसपी (डी) डा. प्रज्ञा जैन ने प्रैस वार्ता में किया पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रज्ञा जैन ने बताया कि खन्ना पुलिस ने जीटी रोड पर नाकाबंदी की हुई थी पुलिस को गुप्त सुचना मिली की एक व्यक्ति जिसका नाम विजय व उसके तीन साथी है वह हरियाणा चोरी के मोबाइल लाकर पंजाब को अलग अलग शहरों में सप्लाई करते है वह अभी तोड़ी देर बाद बस से खन्ना बस स्टैंड पर उतरेगा उसके पास एक बैग होगा जिसमे चोरी के मोबाइल के अलवा अन्य समान भी होगा जिसके बाद खन्ना पुलिस ने खन्ना अम्लोह चौंक पर नाकाबंदी की जैसे ही हरियाणा की बस अड्डे पर पहुंची तो बस की तलाशी लेने पर विजय के हाथ में एक बैग पकड़ा हुआ था जब तलाशी ली तो उसमे से चोरी के मोबाइल सहित उनके दोस्तों के पास से भी चोरी के सामान बरामद हुऐ पुलिस ने उन तीनों को मौके पर से ही गिरफ्तार कर लिया है पुछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह पहले चोरी के मोबाइल खरीदते थे, फिर सोफ्टवेयर की मदद से मोबाइलों का आएमईआई नंबर बदलकर पंजाब के अलग अलग शहरों में बेच देते थे। उन्होंने बताया कि गिरोह के सदस्य मोबाइल फोन कंपनियों के मदर बोर्ड समेत प्रिंटिड सर्कट बोर्ड एसेंबली को स्क्रैप में से आक्शन द्वारा कम मुल्य पर खरीद लेते थे। पुराने चोरी हुए मोबाइलों और खराब मोबाइलों को उक्त पीसीबीए के साथ रिप्लेस कर नई बाडी लगाकर चालू हालत में आईएमईआई नंबर बदलकर आगे बेच देते थे। इनके तैयार किए मोबाइल सुरक्षा एजेंसियों तक ट्रेस नहीं कर पाती थी, जिससे साइबर क्राइम को भी बढ़ावा मिल रहा था। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी हरियाना के सोनीपत, पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। एसपी ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह चोरी के या तैयार किए हुए मोबाइल की खरीद फिरोख्त करना बंद कर दें नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

■ तिरंगा मुहिम का विरोध करने वाले देश विरोधी : जगदीश जगा

अर्थ प्रकाश/कुनाल

**राजपुरा, 9 अगस्त।** भारत देश के 75वें आज़ादी दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से एसडीस्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने देश भक्ति के गीत गा कर समय को बांध दिया। इस मौके पर भारत माता की जय व वंदे मातरम की जय कारों से हाल गूंज उठा।

इस अवसर पर भाजपा के इलाका प्रभारी जगदीश जगा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुये व लोगों को 75 वें आज़ादी दिवस की मुबारक बाद देता हुये बताया कि देश को आज़ाद हुये 75 वर्ष पूरे होने पर माननेयोग प्रधानमंत्री श्री नरिंदर मोदी जी ने 13 से 15 अगस्त तक घर घर तिरंगा लहराने की मुहिम चलाई है, उसी के तहत लोगों को इस मुहिम से जुडने के लिये यह सांस्कृतिक प्रोग्राम करवाया गया है। उन्होंने लोगों को अपील करते हुये हर घर तिरंगा हर किसी को लहरा कर देश भक्ति के प्रति अपना प्यार दिखाना चाहिये, कुछ लोगों की ओर से तिरंगा यात्रा का विरोध करने के पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जो भी तिरंगा यात्रा का विरोध कर रहा है वह देश विरोधी कार्य कर रहा है। इलाके के लोगों से अपील करते हुये उन्होंने कहा कि जिसको भी तिरंगा झंडा चाहिये वह दफतर से मुफत प्राप्त कर सकता है।

इस अवसर पर जिला भाजपा प्रधान विकास शर्मा ने बताया कि आज हम सब आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आज़ादी महाउत्सव बना रहे है। प्रधान मंत्री जी की ओर से देश के हर घर में तिरंगा लहराने की अपील की गई है, इस लिये हमें हर घर में तिरंगा लहराना चाहिये इसकी समय सीमा कोई नहीं है इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन नगर सुधार ट्रस्ट डा नंद लाल शर्मा, शिरोमणी कमेटी सदस्य जत्थेदार सुरजीत इक्सह गढ़ी, पूर्व प्रधान नगर कौंसिल रजिंदर तलवाड़, पूर्व मंडल प्रधान व मौजूदा पार्षद शांती सपरा,प्रदीप नंदा किरण हंस, प्रवीण सूर्य वंशी, नरेश धिमान, यश टंटन,विपुल बब्बर, मनमोहन सचदेवा,गेती सेतिया सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व गणमानिय व्यक्तियों सहित स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।

# विजीलैंस ब्यूरो ने ए.एस.आई व सरपंच के ख़िलाफ़ रिश्वतखोरी का केस दर्ज किया

■ एक अन्य केस में पटवारी और नंबरदार पर रिश्वत लेने का पर्चा दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** विजीलैंस ब्यूरो पंजाब ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही अपनी मुहिम के दौरान आज ए.एस.आई (एल.आर.) चरनजीत सिंह (नंबर 1144/फरीदकोट) और हरनीत सिंह सरपंच गाँव घुद्द वाला, फरीदकोट के ख़िलाफ़ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया है। इसी तरह एक अन्य केस में मोहाली जिले के एक पटवारी और नंबरदार पर रिश्वत लेने का पर्चा दर्ज किया है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलज़िमों के विरुद्ध यह मामला राजवीर सिंह गाँव सादिक ज़िला फरीदकोट द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन नंबर 95012-00200 पर दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने दोष लगाया है कि मुलज़िम एएसआई चरनजीत सिंह और गुरजंट सिंह गाँव घुद्द वाला की सतपाल सिंह निवासी गाँव कुंडू वाला द्वारा अवैध शराब निकालने सम्बन्धी बातचीत हुई थी। उसने यह दोष भी लगाया है कि मुलज़िम एएसआई ने सतपाल सिंह के ख़िलाफ़ अवैध शराब निकालने के बदले कोई कार्यवाही न करने के लिए हरनीत सिंह सरपंच के द्वारा 40 हज़ार रुपए लिए हैं।

शिकायत में दर्ज तथ्यों की पड़ताल करने के बाद ब्यूरो ने कानूनी सलाह के आधार पर उक्त दोनों मुलज़िमों के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार निवारक अधिनियम की धारा 7, 7ए और 8 के तहत विजीलैंस ब्यूरो के थाना फ़िरोज़पुर में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले की अगली जाँच जारी है।

एक अन्य मामले में विजीलैंस ब्यूरो ने राजस्व पटवारी राहुल और नंबरदार जैक राम गाँव माजरियाँ तहसील माजरी, ज़िला मोहाली के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है।

इस सम्बन्धी प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ममराज निवासी गाँव जयंती माजरी ज़िला मोहाली ने भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन पर दर्ज करवाई गई शिकायत में दोष लगाया है कि उपरोक्त पटवारी उसके पिता की मौत के बाद पैतृक ज़मीन उसके नाम पर करवाने के लिए नंबरदार के द्वारा रिश्वत की माँग कर रहा है।

उन्होंने बताया कि शिकायत में बताए गए तथ्यों और सबूतों की पड़ताल के उपरांत ब्यूरो ने विजीलैंस ब्यूरो के थाना मोहाली में उक्त दोषी पटवारी और नंबरदार दोनों के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले की अगली जाँच जारी है।

# ब्रह्मकुमारीज़ ने वैज्ञानिकों को बांधी राखियां

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 9 अगस्त।** भाई-बहन के पवित्र स्नेह का सूचक रक्षा बंधन का पावन पर्व मोहाली-रोपड़ क्षेत्र में ब्रह्माकुमारीज द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस सबंध में 12 दिवसीय कार्यक्रमों का जो आयोजन किया जा रहा है उसी कड़ी में ब्रह्माकुमारी बहनें कई ग्रुपों में विभिन्न कार्यालयों में पहुंची।

ब्रह्माकुमारी बहनों के दो ग्रुप जिला प्रशासनिक अधिकारियों को राखी बांधने हेतू जिला कम्पलैक्स में पधारी। इनमें से एक ग्रुप का नेतृत्व ब्रह्माकुमारी नम्रता बहन ने किया तथा दूसरे ग्रुप का नेतृत्व ब्रह्माकुमारी गायित्री बहन ने किया। ब्रह्माकुमारी नम्रता बहन ने सीनीयर पुलिस कप्तान विवेक शील सोनी आई.पी.एस, सीनीयर पुलिस कप्तान विजिलैंस गगन अजीत सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त बहन अमनिंदर कौर बराड़, अतिरिक्त उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमति पूजा एस गरेवाल, सहायक कमिशनर तरसेम चंद पी.सी.एस, उप मंडल अधिकारी बहन सर्बजीत कौर, पुलिस कप्तान अजिंदर सिंह, अमनदीप सिंह बराड़ पुलिस कप्तान पड़ताल, आकाशदीप सिंह औलख पुलिस कप्तान शहरी, श्री प्रीत कंवल सिंह जिला लोक सम्पर्क अधिकारी आदि को राखी बांधी तथा मुख मीठा कराया । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि राखी एक अनोखा पर्व है जोकि भारतीय संस्कृति व मानवीय मूल्यों को उजागर करता है । यह पर्व बहनों व भाईयों के बीच आपसी सबंधों को मजबूत करता है । मानव की अपवित्र सोच व कर्म से आज नारी व नर दोनों असुरक्षित हैं । यह पर्व सारी मानवता को बचाने का कार्य कर सकता है क्योंकि इससे मानव की सोच, वृत्ति, दृष्टि, कर्म तथा चरित्र में पवित्रता आने से सारे संसार की बहनें व भाई सुरक्षित हो सकते हैं। ब्रह्माकुमारी गायित्री बहन जी ने पुलिस कप्तान रूरल नवप्रीत सिंह विर्क, कर्मजोत सिंह तहसीलदार, अर्जुन सिंह गरेवाल नायब तहसीलदार व डा कंचन शर्मा उप जिला शिक्षा अधिकारी आदि को इस पर्व का रहस्य बता कर राखी बांधी ।

यात्रा | देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर वड़िंग ने खेमकरण से तिरंगा यात्रा शुरू की

# सभी 117 विस क्षेत्रों से होते हुए कांग्रेस 2000 किलोमीटर का रास्ता कवर करेगी

■ मान सरकार को जागरुक करने के लिए भाजपा पंजाब भर में सभी डी.सी. कार्यालयों के समक्ष 5 को करेगी प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खेमकरण, 9 अगस्त।** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने देश की आजादी के 75वें साल के उपलक्ष्य में यहां से 5 दिवसीय 'तिरंगा यात्रा' की शुरुआत की। यह कार्यक्रम सीनियर पार्टी नेता और पूर्व विधायक सुखपाल सिंह भुल्लर द्वारा आयोजित किया गया था। पंजाब कांग्रेस पांच दिवसीय यात्रा के दौरान मंगलवार से 14 अगस्त तक करीब 2000 किलोमीटर का दायरा कवर करेगी। इसलिए आज से शुरू होकर 5 दिनों के दौरान सभी वरिष्ठ नेताओं को 75-75 किलोमीटर की जिम्मेदारी दी गई है। संयोगवश मंगलवार को अगस्त क्रांति दिवस भी है, जब इस दिन 1942 में कांग्रेस ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरुआत की थी, जिसके 5 साल बाद देश को आजादी मिली।

तिरंगा यात्रा शुरू करने से पहले, वड़िंग ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा जन्म स्थान बाबा दीप सिंह में माथा टेका। राज्य और देश में शांति व खुशहाली के लिए अरदास करने के बाद, उन्होंने हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा की शुरुआत की, जो अलग-अलग जगहों पर तिरंगा झंडा फहरा रहे थे।

इसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा बाबा बकाला में माथा टेका। इस पांच दिवसीय तिरंगा यात्रा के दौरान पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष 75 किलोमीटर कवर करेंगे। पार्टी के अन्य नेता भी इसी तरह से राज्य के सभी 117 विधानसभा क्षेत्र में यात्राएं निकालेंगे। इस तरह 5 दिनों के दौरान कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता करीब 2000 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा को कवर करेंगे। यात्रा शुरू करने से पहले संबोधित करते हुए, वड़िंग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का भारतीय जनता पार्टी या देश के अन्य राजनीतिक दलों के मुकाबले राष्ट्रीय तिरंगे के लिए बलिदान देने का महान और गौरवमई इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि 80 साल पहले इस दिन 9 अगस्त, 1942 को युवा कांग्रेसी नेता अरूण आसिफ अली ने अंग्रेजों द्वारा पूरे कांग्रेस नेतृत्व को जेल भेजने के बाद तिरंगा फहराने का बीड़ा उठाया था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा के राष्ट्रवाद को लेकर दावों पर चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा को राष्ट्रवाद के मुद्दे पर कांग्रेस से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के हितों की रक्षा करने को लेकर इनका हमसे कोई मुकाबला नहीं है। हमारे नेताओं ने देश की आजादी से पहले और आजादी के बाद भी राष्ट्रवाद के लिए अपनी जानों को न्योछावर किया है।

उन्होंने उन सभी ताकतों की निंदा की, जो राज्य का शांतिमय माहौल विभाजनकारी नीतियों के साथ खराब करने का प्रयास कर रही हैं, जिन्हें अन्यथा पंजाबियों द्वारा समय-समय पर खारिज किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय झंडा फहराने का विरोध करने वाले ऐसे सभी लोग पंजाब के दोस्त नहीं हैं, बल्कि ये लोग पंजाब और पंजाबियों के दुश्मनों के हाथों में खेल रहे हैं।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली, पूर्व विधायक सुखपाल भुल्लर, डॉ धर्मवीर अग्निहोत्री, लखबीर सिंह लक्खा, एसएस भलाईपुर, राजबीर भुल्लर, सुमित सिंह, राजा गिल इत्यादि भी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने 15 अगस्त से खुलने जा रहे कांसल के मोहल्ला क्लीनिकों की तैयारियों का लिया जायज़ा

■ क्लीनिक खुलने से सेहत के क्षेत्र में लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**नयागांव मोहाली, 9 अगस्त।** कैबिनेट मंत्री मैडम अनमोल गगन मान द्वारा 15 अगस्त से खुलने जा रहे आम आदमी क्लीनिकों की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए आज विशेष दौरा किया। इस दौरे के दौरान कांसल में पहुँचने पर लोगों की भीड द्वारा मंत्री का हार्दिक स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्होंने गाँव कांसल में बने आम आदमी क्लीनिक का दौरा किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार की तरफ से लोगों के साथ चुनाव से पहले किया एक और बड़ा वायदा 15 अगस्त को पूरा होने जा रहा है। राज्य सरकार की तरफ से लोगों को सेहत पक्ष से मुफ़्त और बढ़िया सहूलतें देने के इरादे के साथ लोगों के घरों के बहुत नज़दीक ही आम आदमी क्लीनिक बनाऐ गए हैं। उन्होंने बताया कि पहले पड़ाव में ऐसे 75 आम आदमी क्लीनिक बनाऐ गए हैं यह क्लीनिक 15 अगस्त को 75वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लोगों को समर्पित किये जाएंगे। यह क्लीनिक राज्य भर के लोगों को बेहतरीन सेहत सेवाएं मुफ़्त मुहैया कराएंगे। उन्होंने कहा कि हर आम आदमी क्लीनिक में डाक्टर का कमरा, रिसैपशन-कम-वेटिंग एरिया और मरीज़ों के इलाज और बीमारियों का पता लाने के लिए एम. बी. बी. एस. डाक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स और सेवक आदि स्टाफ होगा। मैडम मान ने बताया कि इन आम आदमी क्लीनिकों में तकरीबन 100 क्लिनीकल टैस्ट और 41 पैकेज लोगों को मुफ़्त दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का यह क्रांतिकारी कदम राज्य में सेहत संभाल ढांचे को पूरी तरह सुधार देगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी क्लीनिक खुलने से लोगों को सेहत संभाल सम्बन्धी बड़ी राहत मिलेगी।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर खरड़ क एस. डी. एम रविन्द्र सिंह, सेहत विभाग के सिवल सर्जन डाक्टर आदर्शपाल कौर, डॉ. डोगरा, अन्य ज़िला अधिकारी और प्रसिद्ध आदरणिय हरजीत सिंह बंटी, हजूरा सिंह बबला, जोगीन्द्र सिंह कांसल, प्रमोद कपूर, भारती कपूर, गुरविन्द्र गोल्डी, मीना वर्मा, परमजीत कौर ,गगनदीप सिंह, जसबीर सिंह सैणी, त्रीलोचन सिंह,रिशू बावा, सतीश शर्मा, दिनेस कुमार, रघबीर मोदी, हरप्रती सिंह, बलवंत गिल, अमरजीत सिंह अन्य वलंटियरज़ बड़ी संख्या में विशेष तौर पर उपस्थित थे।

# गायों की मौत का सिलसिला जारी लम्पी स्किन रोग का खतरा बढ़ा

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 9 अगस्त।** डेराबस्सी क्षेत्र में लम्पी स्किन रोग से गायों की मौत थमने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। डेराबस्सी इलाके में बीती रात एक बछड़े समेत चार गायों की मौत हो गई है। इनमें नगर परिषद के अंतर्गत गांव धनोनी में गांव के तालाब के पास रात में दो गाय व एक बछड़ा मृत अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने उन्हें फेंक दिया और फरार हो गए। जबकि ग्राम त्रिवेदी कैंप में एक और गाय की मौत हो गई है। इससे पहले त्रिवेदी कैंप में दो गायों की मौत हो चुकी है। अब तक आधा दर्जन गायें इस रोग की चपेट में आ चुकी हैं। पशुपालन विभाग इस बीमारी से बचाव के प्रयास में लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि डेराबस्सी के त्रिवेदी कैंप में इस बीमारी से सबसे पहले दो गायों की मौत हुई थी। त्रिवेदी कैंप में बीती रात एक और आवारा गाय की मौत हो गई। करीब साढ़े नौ बजे धनोनी गांव में तीन गायों को मरा देख ग्रामीण सहम गए। वार्ड पार्षद हरविंदर सिंह पटवारी ने कहा कि मृत गायों को किसने फेंका यह पता नहीं चला है। उन्होंने कहा कि इनमें से एक गाय दूध देती दिख रही है जबकि उसका बछड़ा भी उसके साथ है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि इन गायों की मौत लम्पी स्किन रोग से हुई है जिसके कारण किसी ने इन्हें यहां फेंक दिया। वे सुबह जेसीबी की मदद से मृत गायों को जमीन में दफना देंगे। वहीं त्रिवेदी कैंप के पंच गग्गू ने बताया कि गांव के बाहरी इलाके में गोशाला के पास गंदगी के ढेर हैं, यहां मच्छर फैले हुए हैं। इस वजह से गौशाला में गायों को इस रोग का खतरा अधिक होता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यहां गंदगी के ढेर को साफ किया जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने खर्चे पर तीन मरी गायों को जेसीबी की मदद से जमीन में दफनाया दिया।

पशु चिकित्सक एसके गुप्ता ने बताया कि उक्त बीमारी से बचाव के लिए टीकों की एक और खेप सुबह आने वाली है जिसके बाद पालतू गायों का टीकाकरण किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय वूशु विजेता खिलाड़ियों का केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने किया स्वागत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 9 अगस्त।** अंतर्राष्ट्रीय वूशु खिलाड़ियों का दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने भव्य तरीके से स्वागत किया। जिला वूशु संघ के सचिव दीपक कुमार लोट ने बताया कि यह प्रतियोगिता जॉर्जिया के बाटूमी में 2 से 7 अगस्त को आयोजित हुई थी। इसमें भारत की ओर से 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिनमें टीम के साथ 2 कोच एक डॉक्टर और एक आब्जर्वर शामिल रहे। इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगभग 13 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण, 16 रजत और 5 कांस्य पदक प्राप्त किए। भारतीय टीम का केंद्रीय राज्य शहरी विकास मंत्री कौशल किशोर ने अपने आवास पर जोरदार स्वागत किया। टीम के आब्जर्वर व भारतीय वूशु संघ के सीईओ सोहेल अहमद ने बताया कि भारतीय वूशु खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और देश के लिए पदक प्राप्त किए। इनमें कैथल की जीवन विजेता ने ताओलू इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक प्राप्त किया।

जोलिसन ने एक स्वर्ण दो रजत पदक, एच लांगलिंगीतोंबी देवी मणिपुर ने 2 स्वर्ण और एक रजत पदक, मोनिश सिंह ने एक स्वर्ण एक रजत पदक, वोलियुथम थामा ने एक रजत एक कांस्य पदक, मेगला ने एक रजत, सत्यबीमन ने एक रजत, युवराज सामरा एक स्वर्ण, प्रियंका ने एक स्वर्ण, तनिश स्वर्ण पदक, नमेश स्वर्ण पदक, आयरा चिश्ती स्वर्ण पदक, अन्सा चिश्ती रजत पदक, प्रिंस कुमार रजत पदक, कामशी आचार्य स्वर्ण पदक, अमित आर्या स्वर्ण, थांगियम नोचा मैथी स्वर्ण, चेतन चौहान स्वर्ण, गीतांजलि त्रिपाठी स्वर्ण, दीपशिखा पोतलिया रजत पदक, हरिंदर सिंह रजत पदक, एच पार्वती देवी रजत पदक, संदीप कुमार रजत पदक, नितिन नावलेकर रजत पदक, रोहित रजत पदक, मयूर जगदीश भाई रोहित कांस्य पदक, राफी उदीन शेख कांस्य पदक प्रतीक सिंह कांस्य पदक और प्रीति ने कांस्य पदक प्राप्त किया। भारतीय वूशु संघ के प्रधान भूपेंद्र सिंह बाजवा और सचिव जितेंद्र सिंह बाजवा ने पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों और उनके साथ टीम आब्जर्वर सोहेल अहमद, कोच रत्नेश, कल्याणी देवी, डॉ. भानु उदय को इस बड़ी सफलता पर बधाई दी।

हरियाणा वूशु एडहॉक कमेटी के सदस्यों अनिल विज पानीपत, सुदर्शन चण्डीगढ़, पी.एन. आजाद, सोनीपत के बिट्टू डागर, खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा पदक प्राप्त करने पर भारतीय वूशु संघ के प्रधान भूपेंद्र सिंह बाजवा और सचिव जितेंद्र सिंह बाजवा ने बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री ने संतोष पासवान कुरुक्षेत्र, दीपक कुमार लोट कैथल, रीता रानी जिला वूशु कोच कैथल, राममेहर खटकर कैथल और जिला वूशु संघ के प्रधान को बधाई दी।

# पुलिस का जांबाज इंस्पेक्टर पशु पक्षियों का मसीहा

■ इंस्पेक्टर रंजीत कर रहे सालों से पशु पक्षियों की सेवा

अर्थ प्रकाश/करमजीत परवाना

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** चंडीगढ़ पुलिस का जांबाज इंस्पेक्टर जोकि अपने इलाके कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अपराधियों के लिए सख्ती रखता है और इलाके के सभी बदमाश उसके नाम का खौफ खाते है। उसका एक पहलू ऐसा भी है कि रास्ते में घायल पड़े जानवरों पक्षियों के सेवा करने के लिए एक हमेशा तत्पर रहता है। हालांकि अपनी इस सेवा के लिए कभी उसने अपना प्रचार नहीं किया। बुधवार को यह पुलिस इंस्पेक्टर सेक्टर 31 में प्यास से बेहाल होकर जमीन पर गिरे कौआ को पानी पिलाते हुए विडियो भी वायरल हुई। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीर ने विडियो बना ली थी।

यह चंडीगढ़ पुलिस के इस जांबाज पुलिस इंस्पेक्टर का नाम है इंस्पेक्टर रंजीत सिंह । इंस्पेक्टर रंजीत सिंह आजकल सेक्टर 31 थाना प्रभारी का कार्यभार संभाल रहे है। इससे पहले इंस्पेक्टर रंजीत ने ऑपरेशन सेल, क्राइम सेल , मनीमाजरा और अन्य कई थानों में कई महत्वपूर्ण मामलों को भी सुलझा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

उल्लेखनीय है बुधवार को वायरल हुई वीडियो में दिखाई कि इंस्पेक्टर रंजीत सिंह सेक्टर-31 में सड़क पर प्यास से बेहाल होकर सड़क पर गिरे कौआ को देखा। उसकी हालात देख इंस्पेक्टर रंजीत ने अपनी कार रोक कर कोआ को पानी पिलाने पहुंचे।

अभी वो पानी पिला रहे थे कि तभी कौआ के साथियों ने उस पर हमला बोल दिया। यह देख इंस्पेक्टर रंजीत के सहकर्मी इंस्पेक्टर शेर दौड़ कर उनके पास आते है और कौए को भगाने में लग जाते है। वीडियो के बारे में जब इंस्पेक्टर रंजीत से पुछा तो उन्होंने बताया कि वो पिछले कई सालों से पशु पक्षियों की सेवा करते है।

उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में कई बार जानवर मर जाते है और लोग उन्हें या सड़क पर ऐसा ही या सड़क के किनारे छोड जाते है। ऐसे में मुझे जहां पर कोई मृत जानवर या पक्षी मिलता है तो उनका मिट्टी में दफना देते है। ताकि उससे न तो इलाके में कोई बीमारी फैले। उन्होंने बताया कि वो एक किसान परिवार से संबंध रखते है।उनके पिता जी उन्हें ऐसे संस्कार दिए कि मानव सेवा के साथ साथ पक्षी, पशु और जानवरों की सेवा करनी चाहिए।

उनके वचनों को मानते हुए उन्होंने अपनी कार में ऐसा सभी सामान रखा है। जोकि घायल पक्षी, पशु और जानवरों की मरहम पट्टी की जा सके या फिर मृत पड़े पक्षी, पशु और जानवरों को मिट्टी में दफनाया जा सके।

**सम्पदा अधिकारी गुरुग्राम के समक्ष**
**शहरी सम्पदा अधिकारी, गुरुग्राम**

**सार्वजनिक सूचना**

**विषय** : निर्मित / अनिर्मित सम्पति / प्लाट संख्या 1929, सैक्टर - 57 शहरी एस्टेट गुरुग्राम आबंटिति श्री राज कुमार जैन की निर्वसीयत मृत्यु के परिणाम स्वरुप स्वामित्व का हस्तांतरण।

श्री राज कुमार जैन जो उपरोक्त रिहायशी प्लाट के आबंटित थे, उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार उनकी कोई पंजीकृत या गैर - पंजीकृत वसीयत नहीं है , उनकी मृत्यु दिनाक 20 मार्च 2022 को हो गई थी और वे निम्नलिखित क़ानूनी वारिसों को पीछे छोड़ गए है

1 कौशल्या देवी ( पत्नी )
2 भारत भूषण ( सुपुत्र )
3 रजनीश पत्नी श्री राजिन्दर कुमार ( सुपुत्री )
4 सुनील कुमार ( सुपुत्र )

2. उपरोक्त चारों स्वर्गीय श्री राज कुमार जैन निवासी मकान नं : 2873 , सैक्टर 40 सी के क़ानूनी वारिस होने के नाते उक्त सम्पति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते है और उपरोक्त में से एक क़ानूनी वारिस श्री सुनीत कुमार के नाम यह सम्पति हस्तांतरित / पुनः आबंटित करना चाहते है।

3 यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्लाट/मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह लिखिति रूप में सम्पदा अधिकारी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर दस्तावेज सहित भेज सकते है, अन्यथा सम्पदा अधिकारी द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण निति के अनुसार उक्त सम्पति के हस्तांतरण/ पुनः आवंटन की अनुमति दे सकता है और बाद के दावे, यदि कोई हो पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नाम कानूनी वारिस**
**1 कौशल्या देवी, 2 भारत भूषण**
**3 रजनीश पत्नी, 4 सुनील कुमार**
**सम्पदा अधिकारी की और से**

AP-2149

# 2100 बेटियों को करवाएंगे एनटीटी, कंप्यूटर डिप्लोमा के निशुल्क कोर्स

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 9 अगस्त।** मून लाईट स्कूल के डायरेक्टर पालाराम सैनी ने महिलाओं को स्वावलंबी और शिक्षित करने के लिए बड़ी घोषणा की है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पालाराम सैनी ने बताया कि वर्ष 2000 में जब से वह पार्षद बने थे तभी से उन्होंने समाजहित में कई कदम उठाने शुरू कर दिए थे। शिक्षा के क्षेत्र में मून लाइट पब्लिक स्कूल ने अपना अलग इतिहास बनाया है चाहे वह कोरोना काल में 6 महीने की बच्चों की फीस माफ करने की हो या, फिर अन्य कोर्सों को चलाकर युवा युवतियों को रोजगार क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने की बात हो। उन्होंने कहा कि एक बार? फिर मून लाइट एजुकेशन सोसायटी ने निर्णय लिया है कि 16 अगस्त से मून लाइट पब्लिक स्कूल में रजिस्ट्रेशन शुरू हो रहे हैं। मून लाइट पब्लिक स्कूल ने निर्णय लिया है कि 500 बेटियों को निशुल्क एनटीटी, 500 बेटियों को कम्प्यूटर डिप्लोमा, 100 बेटियों को बीएड, 500 बेटियों को सिलाई व 500 बेटियों को पार्लर का डिप्लोमा करवाया जाएगा। सैनी ने कहा कि कैथल से जिन बेटियों के पिता नहीं हैं या बीपीएल परिवार से संबंध रखते हैं या जरूरतमंद है ऐसे परिवार की बेटियां इन कोर्सों का लाभ उठाकर स्वावलंबी बनने की दिशा में कदम आगे बढ़ा सकती हैं। मून लाइट एजुकेशन स्कूल हरियाणा का पहला ऐसा स्कूल है जो शिक्षा के अंदर ज्योति जगा रहा है।

**LOST & FOUND**

Notice to general public that our original sale deed 173/1 dated 20/04/1993 executed by Sh. Rameshwar s/o Sh. Devi Dayal in respect of property in question measuring 3 Marla 5 sarsai in favour of Sh. Basant Kumar s/o Sh. Kesar Mal s/o Sh. Hira Nand have been lost somewhere in Kurukshetra on 20/03/2022. DDR have been registered in Police Station Kurukshetra. If anybody found please contact: Vinod Kumar s/o Sh. Amar Nath # 83, ward no. 01, professor Colony, Pehowa, Kurukshetra- 136128

AP-2145

**सार्वजनिक सूचना** 09.08.2022

उधारकर्ता नाम बलदेव सिंह पुत्र हरदीप सिंह निवासी गांव की ओर से नोटिस दिया गया है। अछनपुर तहसील असंध जिला। करनाल एतद्द्वारा घोषित करता है कि वह फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ऋण राशि 1556592/- से केवल संख्या/आवेदन 5044340 दिनांक 22-07-2022 के माध्यम से ऋण प्राप्त कर रहा है, संपत्ति के मूल शीर्षक दस्तावेजों को जमा करके करनाल में कार्यालय है। 564.791 वर्ग मीटर मापने । (यू. आई.डी. नं . 593110075 ) गांव में स्थित है । अछनपुर तहसील असंध जिला। करनाल उप असंध करनाल के संबंध में पंजीत वासिका संख्या 7762/1 दिनांक 14-10-2021 के प्रमाण पत्र/शीर्षक का विलेख। यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उधारकर्ता के नाम से ऋण लेने के संबंध में कोई आपति है, तो नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का अनुरोध किया जाता है। यदि इसकी तिथि से 7 दिनों के भीतर कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि किसी को भी इस पर आपत्ति नहीं है

आकाश चावला (वकील)
चैंबर नं. 64, जिला न्यायालय करनाल,हरियाणा

AP-2140

# गोल्फ एक्सर्पट जुनियर चैम्पियनशिप के सफल अयोजन में विजेताओं को दिये पुरूस्कार

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**नयागांव (मोहाली), 9 अगस्त।** गोल्फ ऐक्सर्पट हब के सुरजीत मंडल द्वारा गोल्फ एक्सर्पट जुनियर चैम्पियनशिप का सफल अयोजन किया गया जिसमें 6 केटेगरी के विजेताओ को पुरूस्कार बांटे गये। श्रेणी बी विजेता सौरव दास, अजय कुमार प्रथम उपविजेता, श्रेणी डी लड़की रबाब कहलों विजेता, श्रेणी सी लड़की गनिका गोयल विजेता, श्रेणी सी लड़का हृदय महाजन विजेता, श्रेणी एफ विष्णु मंडल विजेता जुरावर प्रथम उपविजेता जयेश गोयल द्वितीय उपविजेता, श्रेणी ई शिव शंकर मंडल विजेता गुरांश गुजराल, प्रथम उपविजेता आर्यन द्वितीय उपविजेता, श्रेणी एफ लड़की गैरत कहलों विजेता पावनी प्रथम उपविजेता, पुटिंग प्रतियोगिता जिवतेश सिंह विजेता, हरनिध सिंह बोपाराय प्रथम उपविजेता,जोरावर सिंह जयजी द्वितीय उपविजेता, जयेश गोयल को पिन करने के सबसे करीब रहे। इन सभी विजेताओं को डायरैक्टर आशा देवी ने पुरूस्कार बांटे।

grtr mhwll erlAw
ifvlpmt AQwirtl, mhwll
pfw Bvn, As.e.As. ngr
jnqk scnw

Al E Awel n: 60, pwikt-e, (150 vrg gj plwt) Artpils, As e As ngr d 18% ih-s d Alwtl Sl Joginder Singh S/o Bachan Singh n Sl Vikas Singh S/o Mamraj ƒ Awpxw mKiqAwr Awm inXkq klqw igAw h j ik sb rijstrwr As e As ngr d dPqr ivK vslkw n: 1676 vhl n: 4 imql 12.01.2021 rwhl rijstrf klqw h[

ies jl pl e d AwDwr q Sh. Vikas Singh S/o Mamraj n akq Al E Awel Sh. Brij Mohan Sharma S/o Karam Chand Sharma d nw q trwsPr krn lel dsqwvj, pql bnql imql 24.06.22 ƒ id-ql h[ hx ieh ks imlK APsr gmwfw, mhwll d dPqr ivc ivcwr ADln h[ ies lel akq Al E Awel n: 60, pwikq-e (150 vrg gj plwt) Artpils As e As ngr ƒ trwsPr krn ql pihlw sicq klqw jwdw h ik ies bwr iks ƒ kel ieqrwj hv qw ies ivigAwpn dl imql qw 15 idnw d Adr Adr Awpxw ieqrwj imlK APsr gmwfw, mhwll pws ilKql rp ivc d skdw h[ inSicq imql Aq smw qw bwAd pwpq he ieqrwjw q kel ivcwr nhl klqw jwvgw Aq akq rijstrf hel jl pl e d AwDwr q Al E Awel n: 60, pwikt-e, (150 vrg gj plwt) Artpils As e As ngr ƒ trwsPr krn dl AwigAw akq ibnkwr d nw jwrl kr id-ql jwvgl[

imlK APsr (Artpils)
gmwfw, As.e.As. ngr

AP-2141

grtr mhwll erlAw Arw
ifvlpmt AQwirtl
pfw Bvn sktr-62,
As.e.As. ngr
jnqk scnw

As sl AP n: 5, sktr 59, As e As ngr d Alwtl Sl plqm isG p-qr Sl icr jlv isG dl mq imql 18.05.2021 ƒ h gel h[ akq mkwn sbDl imqk Alwtl vlw Awpxl mq qw pihlw Awpxl pqnl Slmql sirdr kr d nw q Ax-rijstrf vslAq klql gel sl[

hx akq klql gel Ax rijstrf vslAq d ADwr q Slmql sirdr kr pqnl Sl plqm isG vwsl mkwn nbr 3013, sktr 19-fl, cflgV vlw As sl AP n: 5, sktr 59, As e As ngr dl mlklAq Awpx nwm qbdll krn lel dsqwvj ies dPqr ƒ pS klq ge hn Aq ieh ks imlK APsr (h) gmwfw As e As ngr d dPqr ivc ivcwr ADln h[ ies lel mlklAq qbdll krn qw pihlw sB Awm Aq Kws ƒ sicq klqw jwdw h ik imqk Alwtl d kwƒnl vwrs sbDl iks ƒ kel ieqrwj hv qw ah ies ivigAwpn dl imql qw 15 idnw d Adr Adr ieqrwj imlK APsr, gmwfw As e As ngr pws ilKql rp ivc d skdw h[ insicq imql Aq smw qw bwAd pwpq he ieqrwj q kel ivcwr nhl klqw jwvgw Aq As sl AP n 5, sktr-59, As e As ngr dl mlklAq akq Ax rijstrf vslAq d AwDwr q akq vwrs d nwm qbdll kr idql jwvgl[

imlK APsr (h)
gmwfw, As.e.As. ngr

AP-2144

grtr mhwll erlAw
ifvlpmt AQwirtl, mhwll
pfw Bvn, As.e.As. ngr
jnqk scnw

Al E Awel n : 5489, pwikt-e, (25 vrg gj bQ) Artpils, As e As ngr d Alwtl Smt. Geeta Choudhery w/o Pawan Choudhery n Sl Naresh Choudhary S/o Late Sh Ram Parkash ƒ Awpxw mKiqAwr Awm inXkq klqw igAw h j ik knfw ivK imql 19.01.2022 ƒ bxl h Aq pjwb d iv-ql kimSnr q mwl sk-qr d dPqr iv-K imql 06.04.2022 ƒ iembs hel h[

ies jl pl e d AwDwr q Sh. Naresh Choudhary S/o Late Sh. Ram Parkash n akq Al E Awel Sh. Baldev Singh Mann S/o Mukand Singh d nw q trwsPr krn lel dsqwvj, pql bnql imql 13.06.22 ƒ id-ql h[ hx ieh ks imlK APsr gmwfw, mhwll d dPqr ivc ivcwr ADln h[ ies lel akq Al E Awel n : 5489, pwikt-e, (25 vrg gj bQ) Artpils As e As ngr ƒ trwsPr krn qw pihlw sicq klqw jwdw h ik ies bwr iks ƒ kel ieqrwj hv qw ies ivigAwpn dl imql qw 15 idnw d Adr Adr Awpxw ieqrwj imlK APsr gmwfw, mhwll pws ilKql rp ivc d skdw h[ inSicq imql Aq smw qw bwAd pwpq he ieqrwjw q kel ivcwr nhl klqw jwvgw Aq akq rijstrf hel jl pl e d ADwr q Al E Awel n: 5489, pwikt-e (25 vrg gj bQ) Artpils As e As ngr ƒ trwsPr krn dl AwigAw akq ibnkwr d nw jwrl kr id-ql jwvgl[

imlK APsr (h)
gmwfw, As e As ngr

AP-2142

## न्यूज़ ब्रीफ

### पुलिस ने चलाया हर घर तिरंगा अभियान

**चंडीगढ़ (अप्रस/शम्मी)।** हर घर तिरंगा को लेकर थाना- 26 पुलिस द्वारा मंगलवार को अभियान चलाया गया।यह अभियान सेक्टर 26 स्थित बापूधाम कॉलोनी और आसपास इलाकों में चलाया गया। जिसकी अगुवाई थाना 26 के प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह कर रहे थे।

### कैंसर के इलाज के लिए जारी किए 32 करोड़ रुपएः चीमा

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहाँ बताया कि वित्त विभाग ने कैंसर और नशा छुड़ाओ इलाज के बुनियादी ढांचे की मज़बूती के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पहलकदमियों को और आगे बढ़ाने के लिए ''क्रिएशन ऑफ कैंसर एंड डी-एडिकशन ट्रीटमेंट इनफास्ट्रकचर' योजना के अंतर्गत 32 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। एक प्रैस बयान के द्वारा यह जानकारी सांझा करते हुये एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि वित्त विभाग की तरफ से चालू वित्तीय साल के दौरान कैंसर और नशा छुड़ाओ इलाज के बुनियादी ढांचे का सृजन करने के लिए अब तक 48.75 करोड़ रुपए की ग्रांट जारी की है जिसमें आज जारी की गई 32 करोड़ रुपए की ग्रांट शामिल है। राज्य में कैंसर के इलाज में सुधार करने की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुये वित्त मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय साल के दौरान उपरोक्त फंडों के इलावा स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, अमृतसर को 4.50 करोड़ रुपए और ट्रशरी कैंसर केयर सैंटर, फाजिल्का को 2.02 करोड़ रुपए जारी किये गए हैं। स. चीमा ने आगे बताया कि वित्त विभाग ने जूनियर रैज़ीडैंट, सीनियर रैज़ीडैंट और ट्युटर डाक्टरों के संशोधित मानभत्ते को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि ट्युटर (नान-पीसीऐमऐस) और सीनियर रैज़ीडैंट के लिए शुरुआती मानभत्ता 65,100 रुपए से बढ़ा कर 81,562 रुपए और रैज़ीडैंट (नान पीसीऐमऐस) के लिए मानभत्ता 52,080 रुपए से बढ़ा कर 67,958 रुपए कर दिया गया है।

# नए केस में फंसे मूसेवाला के हत्यारे

## शार्पशूटर फौजी और कशिश के साथ मददगार टीनू ने ट्रांसपोर्टर पर की थी फायरिंग, पुलिस रिमांड मिला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के हत्यारे नए केस में फंस गए हैं। पंजाब की मानसा पुलिस ने उन्हें ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग के मामले में 4 दिन के रिमांड पर लिया है। इनमें शार्पशूटर प्रियवर्त फौजी और कशिश के साथ मददगार दीपक टीनू शामिल हैं। इनसे अब ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग के बारे में पूछताछ की जाएगी।

फिलहाल पुलिस ने इनके वारदात में शामिल होने को लेकर कोई औपचारिक पुष्टि नहीं की है। मूसेवाला के मर्डर में फौजी और कशिश बोलेरो मॉड्यूल का हिस्सा थे। जिसे फौजी ही लीड कर रहा था। यह दोनों शूटर हरियाणा के रहने वाले हैं।

**पिस्टल लॉक होने से नहीं कर सके हत्याः** हरियाणा की उकलाना मंडी के ट्रासंपोर्टर कुलदीप कुमार पर 16 जून को मानसा के बरेटा में फायरिंग हुई थी। कुलदीप को गोली लगी लेकिन वह बचने में कामयाब रहे। फायरिंग करते वक्त हमलावरों का पिस्टल लॉक हो गया, जिस वजह से वह मौके से फरार हो गए। कुलदीप ने आरोप लगाया था कि ट्रांसपोर्टर होने की वजह से कई लोग उससे रंजिश रखते हैं। इसलिए उसे मारने के लिए शूटर भेजे गए थे। हालांकि पुलिस इस मामले में अभी खुलकर कुछ नहीं कह रही।

**राजस्थान के हिस्ट्रीशीटर का भी रिमांड बढ़ाः** मूसेवाला के कत्ल में पंजाब पुलिस चुरू जेल से राजस्थान के हिस्ट्रीशीटर अरशद खान को लेकर आई है। वह सरदारशहर का रहने वाला है। उस पर मूसेवाला के हत्यारे शार्पशूटर्स को बोलेरो उपलब्ध करवाने का आरोप है। शुरूआती जांच के मुताबिक राजस्थान के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने यह बोलेरो खरीदी, जिसके बाद अरशद खान के जरिए यह शार्पशूटर तक पहुंची। कोर्ट ने उसका 3 दिन का रिमांड और बढ़ा दिया है।

# पंजाब रोडवेज पैंशनर्ज यूनियन ने रखी मांगें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 9 अगस्त।** पंजाब रोडवेज पैंशनर्ज यूनियन की चंडीगढ़ शाखा द्वारा आज यहां एक मीटिंग आयोजित की गयी जिसमें यूनियन सदस्यों ने अपने कई वरिष्ठ साथियों को सम्मानित किया। इस मौके पर पैंशनर्स ने अपनी कई मांगें सरकार व संबंधित विभाग से की जिनमें पे कमीशन से संबंधित बकाया राशि का भुगतान करना तथा उनका बनता 6 फीसदी डीए जारी किया जाना शामिल है। वहीं विभाग में शीघ्र पक्की भर्ती करने की भी मांग की गयी ताकि कर्मचारियों की कम संख्या के चलते लोगों को आ रही परेशानियां दूर हो सकें।

बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि चुनाव के वक्त कर्मचारियों से जो वादे किये गये थे उन्हें पूरा किया जाये। वहीं रिटायर कर्मियों के पैंडिंग मेडिकल बिलों से संबंधित फंड जल्दी रिलीज करने की मांग की गयी। पंजाब रोडवेज पैंशनर्ज यूनियन की अन्य मांग थी कि उनकी पेंशनों में 2.44 के बजाय 2.59 फार्मूले से संशोधन किया जाये। इस मौके पर सम्मानित होने वाले 70 साल से अधिक आयु के पेंशनर्स में सोढी सिंह, जगजीत सिंह, तरसेम चंदा बेला, नसीब सिंह रोपड़, भरपूर सिंह , महिंद्र सिंह, सुदर्शन सिंह, संत सिंह, बलवंत सिंह व गुलजार सिंह मौजपुर शामिल थे। इस मौके पर पंजाब रोडवेज पैंशनर्ज यूनियन के कनवीनर मंगत खान, इंटक प्रधान अवतार सिंह सेखों, कोषाध्यक्ष सुभाष कुराली, त्रिलोक चंद व हरपाल सिंह ने अपने विचार रखे। मंच संचालन करनैल सिंह बुलाड़ी ने किया।

### अज्ञात हमलावरों ने युवक को गोलियों से भूना

**राई (अप्रस)।** गांव औरंगाबाद में उस समय सनसनी फैल गई जब अज्ञात हमलावरों ने दीपक नाम के एक शख्स को गोलियों से भून कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात की सूचना मिलने के बाद सोनीपत राई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया और मामले की गहनता से जांच में जुट गई।औरंगाबाद का रहने वाला दीपक अपने एक साथी के साथ गांव खेवड़ा में फ्लोर मिल चलाता है. बीती देर शाम वह अपनी फैक्ट्री से गांव की तरफ जा रहा था. तभी गांव के स्टेडियम के पास अज्ञात हमलावरों ने उसकी गाड़ी का रास्ता रोका और उसे बाहर निकाल कर उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी जिसमें दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। दीपक की गांव के ही रहने वाले कुछ लोगों के साथ दिवाली के दिन कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद परिजनों को शक है कि उन्होंने ही इस वारदात को अंजाम दिया है।

# जिला परिषद चुनाव पार्टी निशान पर लड़ेगी आम आदमी पार्टी : प्रवीण चौधरी

■ इलेक्शन लडऩे के लिए पार्टी तैयारः राठी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 9 अगस्त।** आज पंचायती राज के नॉर्थ जोन के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा है कि पार्टी सिंबल पर ब्लॉक समिति और जिला परिषद के चुनाव लड़े जाएंगे। प्रवीण चौधरी मंगलवार को पंचकूला में एक मीटिंग के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दिए कि आप गांव-गांव पहुंच कर पार्टी का प्रचार करें। पार्टी बड़े जोर शोर से चुनाव लड़ेगी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन जिला परिषद राजेश कोना बताया ने बताया कि कांग्रेस राज में मैं चेयरमैन रहा और कांग्रेस सरकार में किस तरीके का भ्रष्टाचार रहा, उस पर उन्होंने प्रकाश डाला। जिला प्रधान व राष्ट्रीय परिषद के सदस्य सुरेंद्र राठी ने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता मेहनती और जुझारू है आज आम आदमी पार्टी दो राज्यों में राज कर रही है । यह हमारी सच्चाई और ईमानदारी की जीत है। राठी ने कहा की पार्टी पूरी ताकत से जिला परिषद का चुनाव लड़ेगी और चेयरमैन का चुनाव जीत कर केजरीवाल की झोली में डालेगी। उन्होंने कहा कि पालिका और परिषद के इलेक्शन में पार्टी ने हरियाणा में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया इस इलेक्शन में कांग्रेस बीजेपी और इनेलो को पछाड़ते हुए बीजेपी के बाद पार्टी दूसरे नंबर पर रही। इस मौके पर सचिव पंचायती राज संजय चौधरी, उपाध्यक्ष लीगल सेल सुरेंद्र दुहन देवेंद्र खाँची, दीपक सिंगल, उपाध्यक्ष, जगमोहन, नसीब सिंह, राकेश पंडित,विशावनाथ ललन निषाद, विजयपाल गुलिया, वकील सिंह, कमलेश भनवाल, वीनस ढाका, दर्शन बलबीर, सिमरनजीत, गुरविंदर भी उपस्थित रहे।

# हर शहरवासी को निशुल्क तिरंगा झंडा उपलब्ध करवाएगा निगम : कुलभूषण गोयल

## नगर निगम द्वारा वितरित किए जाएंगे 95 हजार तिरंगा झंडा, 12 अगस्त को निकलेगी विशाल रैली

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 9 अगस्त।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का बीड़ा नगर निगम पंचकूला ने उठाया है। नगर निगम के पास इस समय 95 हजार तिरंगा झंडा आ चुके हैं, जोकि पूरे शहर में निशुल्क वितरित किए जाएंगे। 23 पार्षदों को एक-एक हजार झंडे दिए जाएंगे। साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य संस्थाओं को झंडे दिए जाएंगे। शहर में चार स्थानों पर नगर निगम की ओर से लोगों के लिए यह झंडे उपलब्ध रहेंगे, ताकि कोई भी झंडे निशुल्क ले जा सकते हैं। नगर निगम कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महापौर श्री कुलभूषण गोयल ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया है। नगर निगम पंचकूला की ओर से हर घर में तिरंगा फहराने के लिए अभियान छेड़ा गया है। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों से संपर्क किया जा चुका है। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों में 5000 तिरंगा झंडा वितरित कर दिए गए हैं। 20 निर्वाचित और तीन मनोनीत पार्षदों को 1-1 हजार झंडे वितरित करने के लिए दिए जा रहे हैं, ताकि वह वार्ड में हर घर में तिरंगा झंडा फहराया सकें। महापौर कुलभूषण गोयल ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान में बैंकों, सामाजिक संगठनों की ओर से नगर निगम को 95000 तिरंगा झंडा उपलब्ध करवाए जा चुके हैं, जिसमें नगर निगम की ओर से कोई फंड खर्च नहीं किया गया है। इसलिए लोगों को भी फ्री वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सहयोग देने वाली संस्थाओं और बैंकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

कुलभूषण गोयल ने बताया कि शहर के लोगों के लिए चार स्थानों सेक्टर 4 सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 12 और 12ए के सामुदायिक केंद्र और नगर निगम कार्यालय सेक्टर 14 में सेंटर बनाए गए हैं, जहां पर तिरंगा झंडा उपलब्ध रहेंगे। कोई व्यक्ति व्यक्तिगत तौर पर भी तिरंगा झंडा नगर निगम से निशुल्क ले सकता है। महापौर श्री कुलभूषण गोयल ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को पूरा करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहरायें।



# 132 साल से मिठास घोल रहा है तीज और भाई बहन के रिश्ते में घेवर और फिरनी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 9 अगस्त।** कोरोना काल मे कोरोना के ख़ौफ़ के दौर से गुजरने के बाद अब करनाल में सावन की धूम मची हुई हैं। यहां पर लोग घ्वेर और फिरनी जम कर खरीद रहे हैं। अब तक करनाल में 500 क्विंटल से अधिक घेबर बिक चुका हैं। प्रदेश में घेवर और फिरनी के क्षेत्र के करनाल की 132 साल पुरानी मिठाई की दुकान ए वन स्वीट की धूम मची हुई है ।यहां पर पिछले तीन सालों से सेनीटाइज और सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए लोगो के दिलो में मिठास घोली जा रही है।लोगो के भरोसे ने इस पुरानी मिठाई की दुकान को इस मुकाम तक पहुंचाया है।पांच पीढ़ियों का विश्वास और नाता आज भी जुड़ा है। तीज,पन्द्रह अगस्त और रक्षाबंधन के त्योहार से पहले लोग यहां मिठाई बुक करवा रहे है। रक्षाबन्धन पर्व पर यहां का घेबर भाई बहन के रिश्ते में मिठास लेकर आएगा। लगभग 132 सालो से यहां की मिठाई से बहने अपने भाइयों का टीका कर राखी बांध रही है। हरियाणा में मिठाई की परम्परा काफी पुरानी रही है। हरियाणा यह परम्परा डेढ़ सौ साल से भी अधिक पुरानी है। करनाल ही नहीं उत्तर हरियाणा में मिठाई के कारोबार की परंपरा पांच पीढियों से अधिक पुरानी है। करनाल में कर्ण गेट पर 132 साल से अधिक पुरानी मिठाई की दुकान है ए-वन स्वीट्स जिसकी परंपरागत मिठाई की खुशबू आगरा और लखनऊ के साथ देहरादून और चंडीगढ़ से लेकर दिल्ली तक पहुंचती हैं। इस दुकान की शुरूआत 1890 में नत्थूराम ने की थी।



अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@yahoo.com, arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)